संस्कृत-व्याकरण-प्रवेशिका

A Sanskrit Grammar for Students

मूल-लेखक
डॉ० आर्थर ए० मैकडानल

अनुवादक
डॉ० कपिलदेव द्विवेदी आचार्य,
एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी), डी० फिल्०, पी० ई० एस०, विद्याभास्कर,
व्याकरणाचार्य, अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, गवर्नमेंट कालेज, ज्ञानपुर (वाराणसी)

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली : : वाराणसी : : पटना

© मोतीलाल बनारसीदास

प्रधान कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७
शाखाएँ : (१) चौक, वाराणसी (उ० प्र०)
(२) अशोक राजपथ, पटना (बिहार)

तृतीय संस्करण (अंग्रेजी) १९२७ का हिन्दी रूपान्तर
प्रथम संस्करण : १९७३
मूल्य : रु० [redacted].००

सुन्दरलाल जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७
द्वारा प्रकाशित तथा शान्तिलाल जैन, जैनेन्द्र प्रेस, बंगलो रोड,
जवाहर नगर, दिल्ली-७ द्वारा मुद्रित ।

तृतीय संस्करण का आमुख

संस्कृत व्याकरण के इस नये संस्करण का सम्पादन करते हुए मुझे पूर्व संस्करणों में जो कतिपय मुद्रण दोष मिले उन्हें मैंने यहां नहीं आने दिया है और पुस्तक को छात्रोपयोगी बनाने के लिये आवश्यक परिवर्तन भी कर दिये हैं, जैसे कि प्रत्येक पृष्ठ के शिखर-कोण में अध्याय और अनुच्छेद के सांकेतिक अंक भी दे दिये हैं।

इस कृति के अनुच्छेदों में संस्कृत व्याकरण के प्रायः सभी नियम आजाते हैं। इनमें से कई अनुच्छेद प्रारंभिक शिक्षा के लिये अनुपयुक्त होने के कारण वर्ज्य हैं; वे उत्तरकालीन अध्ययन के लिये ही उपादेय हो सकते हैं। प्रारम्भिक पाठ्यक्रम के लिये निम्न सूची में दिये गये अनुच्छेद ही उपयोगी हैं। इन अनुच्छेदों के संकलन से संस्कृत व्याकरण की प्रारम्भिक पाठ्य पुस्तक का निर्माण हो जाता है।

१: १-७, ८-१२, १३. २ : १६-२२, २७, ३०-३४, ३६ अ. आ., ३७, ३८, ४०, ४२-४४, ४५, (१), (२), ५२, ५५, ६५, ६७. ३: ७०, ७१, ७३, ७४, ७७, ८५, ८७, ९०, (१), ९७, १००, १०१, (ई) (पृ० ६०), १०३, (१), (२) १०९-१११, १२०. ४ : १२१-१२८, १३१, १३२ (केवल वर्त० परस्मै० पृ० ८६, ८८), १३५, १३६, १३८, (१) (केवल √तुद्, परस्मै०), १४१ (क) (केवल परस्मै०), १४३ (१) (केवल परस्मै०) १४७ (केवल परस्मै०), १४८ (केवल अदात्), १५१ (केवल परस्मै०), १५४ (केवल वर्त० का०), १५६, १६०, (१), (२), १६२, १६३, १६७, १६८, १६९, १७२, १७५.

जब छात्र इन अनुच्छेदों को पढ़ लेगा तब उसे संस्कृत पाठमाला के पाठ समझने की योग्यता हो जायेगी। इन पाठों में कुछ नये व्याकरण रूप भी मिलेंगे जिनकी व्याख्या उन अनुच्छेदों में की गई है जो उसने छोड़ रखे थे। अब वह उन अनुच्छेदों का भी अध्ययन करेगा। इस प्रकार तथा शब्द कोष

की सहायता से वह एक ही महीने में, **नलोपाख्यान**, प्रथम सर्ग के प्रत्येक शब्द को समझ सकेगा और उसे किसी भी सरल संस्कृत रचना को समझने के लिये पर्याप्त जानकारी हो जायेगी।

सन् १८११ में इस कृति का द्वितीय संस्करण प्रकाशित होने के उपरान्त सन् १९१६ में मेरी अन्य कृति "छात्रोपयोगी वैदिक व्याकरण" (**Vedic Grammar for students**) का प्रकाशन हुआ। तब मेरी प्रस्तुत कृति में तृतीय परिशिष्ट (वैदिक व्याकरण की मुख्य विशेषताएँ) अनावश्यक-सा प्रतीत होने लगा। तो भी मैंने उसे हटाया नहीं, क्योंकि वह वैदिक व्याकरण का एक संक्षेप है और प्रारम्भिक छात्रों के लिये उस विषय को सरलता से समझने में परम उपयोगी है।

आर्थर ए० मैकडानल

२० बार्दवैल रोड,
आक्सफोर्ड.
नवंबर, १९२६

द्वितीय संस्करण का आमुख

मैक्समूलर का संस्कृत व्याकरण (द्वि० सं०, सन् १८७०), जिसका मैंने (सन् १८८६ में) संक्षेपण किया था, मेरी प्रस्तुत कृति का मूल रूप था। छात्रावस्था में तथा शिक्षक पद के कार्यकाल में मुझे प्रारंभिक व्याकरण शास्त्र के अनावश्यक एवं अनुपादेय तत्त्वों का अनुभव हो गया था। अतएव मैंने मैक्समूलर के संस्कृत व्याकरण का संक्षेपण किया था। वह संक्षेपण, अंशतः, मेरी इस धारणा का भी परिणाम था कि संस्कृत व्याकरण की उपलब्ध रचनायें पाणिनि की पद्धति से प्रभावित होने के कारण अनावश्यक ही संस्कृत भाषा को दुरूह कर देती हैं। संस्कृत व्याकरण शास्त्र के संक्षिप्त इतिहास से, जोकि प्रस्तुत कृति के आरंभ में दिया गया है, पर्याप्त रूप से पता चलेगा कि भारतीय व्याकरण शिक्षा-पद्धति पाश्चात्य शिक्षा की व्यावहारिक पद्धति के अनुरूप नहीं बैठती।

सन् १९०१ में प्रस्तुत व्याकरण का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ जो कि मेरे प्रारंभिक (अर्थात् १८८६ के संक्षिप्त) व्याकरण का सर्वथा नया रूप था। यद्यपि यह संस्करण पूर्णरूपेण परिवर्धित था तो भी इसमें कई त्रुटियाँ आ गई थीं क्योंकि इस संस्करण में मैंने सिद्धान्ततः उन सभी नियमों को छोड़ दिया था जो वैदिक साहित्य की भाषा में चरितार्थ होते थे और जिनका समावेश हिन्दू व्याकरण शास्त्रों में हुआ था। मेरा उद्देश्य था कि संस्कृत व्याकरण में उन्हीं व्याकरण रूपों की व्याख्या की जाय जो वैदिकोत्तरकालीन संस्कृत साहित्य में प्रयुक्त हुए हैं। मेरा विचार था कि इस प्रकार, संस्कृत व्याकरण शास्त्र के छात्र अनुपयोगी विषयवस्तु के बोझ से बच जायेंगे। इसलिये मैंने वैदिक शब्दों का प्रतीक रूप में भी प्रयोग नहीं किया, यद्यपि प्रस्तुत व्याकरण की पूर्णता के लिये मैंने ऐसे कई शब्दों के सुबन्त रूप भी दिये जो वैदिक शब्दों से मिलते-जुलते थे। इस कृति का उद्देश्य प्रयोग-समूह एवं नियमावली मात्र प्रस्तुत करना, अथवा परीक्षा प्रश्नोत्तरी तय्यार करना नहीं था, किन्तु

छात्रों के लिये पूर्ण व्याकरण सामग्री जुटाना था ताकि वे किसी भी संस्कृत रचना को सही रूप में, सरलता से समझ सकें।

प्रस्तुत कृति प्रथम संस्करण का पूर्णरूपेण संशोधित संस्करण है जो मेरे दशवर्षीय अध्यापन का फल है, तथा जो मेरे उन छात्रों के सुझावों का भी परिणाम है जिन्होंने मेरे प्रथम संस्करण का प्रयोग किया था। जो सुधार इसमें हुए हैं वे मुख्यतया परिवर्धन हैं जिन्होंने चौबीस पृष्ठों से पुस्तक के आकार को बढ़ा दिया है।

प्रस्तुत संस्करण में मैंने तीन नये खंड जोड़ दिये हैं (पृ० १४२-१५२)। पहला खण्ड (अनुच्छेद १८२) कृदन्त और तद्धित रूपों का है जिसमें कृत् और तद्धित प्रत्ययों का विवरण दिया है जिससे छात्र को संस्कृत शब्दों की रचना का पूर्ण ज्ञान हो सकता है जो कि प्रथम संस्करण से सम्भव नहीं था। दूसरे खण्ड में इन प्रत्ययों से संस्कृत संज्ञाशब्दों के लिंग निर्धारक नियमों का सर्वेक्षण किया गया है (अनु० १८३)। तीसरे खण्ड में सधातुक समास की रचना का विवरण किया गया है (अनु० १८४)। परिवर्धन के विशेष उल्लेखनीय स्थल हैं सन्धिप्रकरण में दन्त्य नासिक्य के नियम। इन नियमों के अन्तर्गत न् के परिवर्तनों का पूर्ण विवरण दिया है। शब्दरूपों में कतिपय नये सुबन्तों का परिचय भी है जैसे **ग्रावन्** (अनु० ९०, ४)। कुछ अन्य कठिन प्रयोग भी दिये हैं जैसे कि √दह् के स् लुङ् में रूप (अनु० १४४, ५)। यद्यपि इस धातु के रूप आत्मनेपद में नहीं मिलते तो भी इसके आत्मनेपद-रूप उन आत्मनेपदी धातुओं के प्रतीक रूप में दे दिये हैं जो तदनुरूप स्वरसंहति-वैषम्य को प्रकट करती हैं। अन्य सुधारों का प्रयोजन है व्याकरण शास्त्र की प्रयोगविधि का सरलीकरण, जैसे कि धातुसूची (परिशिष्ट १) में विविध रूपों के परिचायक संकेत-चिह्न जोड़ दिये हैं जिनके बिना प्रारंभिक छात्रों के लिये उन रूपों को समझना कठिन हो जाता। इसके अतिरिक्त, संस्कृत शब्दसूची को अधिकतर पूर्ण और व्याख्यात्मक कर दिया है (दे० उदाहरणार्थ **प्राकृत** शब्द)। निश्चित ही अन्य उपयोगी सुधार हैं—आरंभ में विस्तृत विषयसूची के स्थान पर विषयवस्तु का संक्षिप्त सारांश और अन्त में सामान्य शब्दसूची। मेरी यह निश्चित धारणा है कि ये सभी विषय-वस्तु एवं आकारसंबंधी परिवर्धन और परिवर्तन प्रस्तुत व्याकरण के प्रयोगात्मक महत्त्व को विशेषरूप से बढ़ायेंगे।

प्रस्तुत संस्करण में, जैसे कि प्रथम संस्करण में, सर्वत्र लिप्यन्तरण-पद्धति का प्रयोग किया गया है। इसके अपवाद हैं धातुसूची (परिशिष्ट १) और वाक्य-रचना के उदाहरण (अनु० १८०; १९०-२१८)। सम्पूर्ण पुस्तक में लिप्यन्तरण-पद्धति का समरूप प्रयोग हुआ है और यही पद्धति प्रायः पश्चिम में प्रचलित है। इस पद्धति में ऋ का उच्चारण फ्रेंच शब्द *chambre* में र् व्यंजन के समान है जो अर् अथवा र वर्ण की स्वराघातहीन अपश्रुति को द्योतित करता है।

प्रस्तुत संस्करण में जो सुधार हुए हैं उनका श्रेय मेरे पुराने शिष्यों अथवा मेरे मित्रों को है जिन्होंने इस दिशा में अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये। वे हैं प्रोफेसर ई. जे. राप्सन, डा० जेम्स मॉरिसन, श्री एम. एल पुरी, बी. ए. (एक्सटेर कालेज), श्री होरस हार्ट, एम. ए. कान्ट्रोलर यूनीवर्सिटी प्रेस, और विशेषतया टी. ई. मोइर, आई. सी. एस, बाधम कालेज, एफ. डब्ल्यू. टॉमस, लायब्रेरियन इंडिया आफिस। यूनीवर्सिटी प्रेस के ओरियंटल रीडर श्री जे. सी. पेम्ब्रे आनरेरी एम. ए. ने अपने सहज अवधान से इस संस्करण के प्रूफों का संशोधन किया है जैसे कि चौसठ वर्ष पूर्व, १८४७ में उन्होंने, अपने पिता के सहयोग से, प्रो० एच्. एच् विल्सन की कृति 'संस्कृत व्याकरण' के प्रूफों का संशोधन किया था। सन् १९०० से लेकर आजतक जो मेरी पुस्तकें प्रकाशित हुईं उनके तथा प्रस्तुत कृति के प्रूफ पढ़ने के लिये मैं डा० ए. बी. कीथ का आभारी हूँ। इस प्रसंग में मैं उन्हें वैदिक व्याकरण के प्रूफ पढ़ने के लिये, और जब मैं सितम्बर १९०७ से अप्रेल १८०८ तक भारत में रहा, मेरी अनुपस्थिति में मेरे वैदिक व्याकरण के मुद्रण का पर्यवेक्षण करने हेतु भी धन्यवाद देता हूँ।

१०७, बनस्बरी रोड, आर्थर ए. मैकडानल

जुलाई, १९११

भूमिका

संस्कृत व्याकरण-शास्त्र का संक्षिप्त इतिहास

पवित्र वैदिक संहिताओं को पूर्णतया सुरक्षित रखने की धार्मिक भावना ने ही भारत वर्ष में व्याकरण पढ़ने की सर्वप्रथम प्रेरणा की थी। उस समय यह मान्यता थी कि वैदिक संहिताओं के प्रत्येक वर्ण के शुद्ध उच्चारण से ही पूर्ण इष्टसिद्धि होगी। इस प्रकार संस्कृत भाषा की बड़ी परिष्कृतता से प्रभावित होकर प्राचीन भारतीय वैयाकरण पञ्चम शताब्दी ई० पू० में ऐसे वैज्ञानिक परिणामों पर पहुँचे, जिसकी समानता प्राचीन जगत् का कोई देश नहीं कर सका। उदाहरणरूप में यह उनकी प्रमुख देन है कि उन्होंने सर्वप्रथम यह पता लगाया कि शब्द अधिकांशतः एक ओर धातु पर निर्भर हैं और दूसरी ओर प्रत्यय पर। जब प्रत्यय धातु से समस्त होते हैं तो धातु का अर्थ अनेक प्रकार से परिवर्तित हो जाता है।

आजकल जो सबसे प्राचीन व्याकरण सुरक्षित है, वह है **पाणिनि** का व्याकरण। यह व्याकरण के पूर्णतया विकसित रूप को प्रकट करता है। पाणिनि इस व्याकरण-परम्परा के अन्तिम लेखक हैं। इस लम्बी प्राचीन-परम्परा के कम से कम ६४ वैयाकरणों का नाम उल्लिखित है। पाणिनि के व्याकरण की सर्वोत्कृष्टता और व्यापकता के कारण सभी प्राचीन व्याकरण पूर्णतया नष्ट हो गए हैं।

पाणिनि—यास्क (संभवतः ५०० ई० पू० के लगभग) से काफी बाद में हुए हैं। पाणिनि ने यास्क का उल्लेख किया है। पाणिनि और यास्क के बीच में भी कई बड़े वैयाकरण हो चुके हैं। दूसरी ओर पाणिनि अपने भाष्यकार पतंजलि से बहुत प्राचीन हैं, जिसका समय संभवतः ई० पू० द्वितीय शताब्दी का उत्तरार्ध है। इन दोनों वैयाकरणों के बीच में एक महावैयाकरण कात्यायन भी हैं। पाणिनि ने स्वयं **'यवनानी'** शब्द का प्रयोग किया है, जिसकी व्याख्या कात्यायन ने 'यवनों की लिपि' की है, अर्थात् यूनानियों या Iaones

की लिपि। यह सर्वथा संभव प्रतीत नहीं होता है कि ३२७ ई० पू० में हुए सिकन्दर के आक्रमण से पहले भारतीय यूनानियों की लिपि से परिचित थे। किन्तु इस आक्रमण के तुरन्त बाद भारत की पश्चिमोत्तर सीमा (सीमान्त प्रदेश) के निवासियों को इस भाषा का ज्ञान हुआ होगा और पाणिनि भी सीमान्त के निवासी होने के कारण उससे परिचित हुए होंगे। यवन (यूनानी) शब्द से उनकी लिपि का अर्थ बताने के लिए प्रत्ययान्त शब्द यवनानी (यवनों की लिपि) बनाने से पूर्व यह आवश्यक है कि सीमान्त प्रदेश के लोगों का उनसे संपर्क स्थापित हो चुका हो। अतः पाणिनि का समय ३०० ई० पू० से पहले रखना अत्यन्त कठिन है।

पाणिनि के व्याकरण **'अष्टाध्यायी'** में लगभग ४ हजार सूत्र हैं, जो आठ अध्यायों में विभक्त हैं। यह व्याकरण अत्यन्त सूक्ष्म शैली अर्थात् सूत्ररूप में बनाया गया है, अतः प्रत्येक सूत्र में २ या ३ पद मिलते हैं। यदि सारा व्याकरण देवनागरी लिपि में मध्यमश्रेणी के मोटे टाइप में लगातार छापा जाए वह इस प्रकार के लगभग ३५ पृष्ठों में पूरा छप जाएगा। फिर भी यह व्याकरण संस्कृत भाषा का सर्वांगपूर्ण व्याकरण उपस्थित करता है। ऐसा पूर्ण व्याकरण विश्व में कहीं भी उपलब्ध नहीं है। यह विश्व का सबसे छोटा और सबसे पूर्ण व्याकरण है।

पाणिनि ने लौकिक संस्कृत के परिष्कार को ध्यान में रखकर सर्वांगीण अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। साथ ही पाणिनि ने यह भी प्रयत्न किया है कि लौकिक संस्कृत-व्याकरण के साथ ही वैदिक व्याकरण को भी उसमें संगृहीत किया जाए। वैदिक ग्रन्थों की भाषा पाणिनि के समय तक दुर्बोध हो चुकी थी। यद्यपि पाणिनि ने वैदिक व्याकरण के सैकड़ों सूत्र दिए हैं, परन्तु वह व्याकरण अपूर्ण है। समष्टिरूप से विचार करने पर यह ज्ञात होता है कि पाणिनि ने वैदिक व्याकरण का जो अंश दिया है, उसमें बहुत कमी रह गई है, क्योंकि उसमें बहुत सी महत्त्वपूर्ण बातें छूट गई हैं और छोटी-छोटी बातें उल्लिखित की गई हैं। वैदिक व्याकरण वाले अंश में पाणिनि निश्चितरूप से अपने विषय पर पूर्णाधिकार करने में असमर्थ रहे हैं। वेद में व्याकरण-संबन्धी असीम छूट है, विशेषरूप से तिङन्त और सुबन्त रूपों में तिङ् और सुप् प्रत्ययों का परस्पर परिवर्तन या उनका लोप होना।

पाणिनि का व्याकरण **'शब्दानुशासन'** (अर्थात् शब्द विषयक प्रबन्ध ग्रंथ) है। इसका मौलिक सिद्धान्त है कि सभी संज्ञा शब्द धातुज हैं। शब्दों को किस प्रकार छोटे से छोटे रूप में विभक्त किया जा सकता है, इसके लिए पाणिनि ने धातु, प्रत्यय तथा सुप् और तिङ् में विभाजन प्रस्तुत किया है, साथ ही पाणिनि ने यह भी बताया है कि किस प्रकार कृदन्त शब्द और धातुज शब्द धातुओं से प्रत्यय लगा कर बनाए जाते हैं और तद्धित शब्द प्रातिपदिकों (बने हुए सार्थक शब्द) से तद्धित प्रत्यय लगाकर बनाए जाते हैं। पाणिनि ने यह भी बताया है कि प्रत्ययों के लगने से और समास होने से शब्दों के अर्थ और प्रयोग में क्या अन्तर हो जाता है। पाणिनि की यह विशेषता है कि वह प्रत्ययों के द्वारा ही शब्दों की रचना मानता है। इस प्रकार यदि किसी धातु का संज्ञा शब्द के रूप में प्रयोग किया जाता है, जैसे भिद् (काटना) धातु का संज्ञा शब्द भिद् (काटने वाला), तो पाणिनि ने इसके लिए एक अत्यन्त कृत्रिम प्रत्यय क्विप् (०) प्रस्तुत किया है, जिसका कुछ भी शेष नहीं रहता है। इस प्रकार क्विप् एक काल्पनिक प्रत्यय है।

यास्क ने उल्लेख किया है कि **शाकटायन** ने यह मत प्रस्तुत किया था कि 'सभी शब्द धातुज हैं'। किन्तु **गार्ग्य** ने इस मत के औचित्य पर आपत्ति की है कि जो शब्द इस नियम के आधार पर सरलता से नहीं बन सकते हैं, उनके विषय में वह नियम लागू नहीं होना चाहिए। बलात् इस प्रकार शब्द-निर्माण उचित नहीं है। गार्ग्य का कथन है कि जैसे अश्व (घोड़ा) शब्द अश् (चलना) धातु से बना है। यदि अश्व शब्द को अश् धातु से बना हुआ मानेंगे तो जो कोई भी सड़कपर चलता है, उसे 'अश्व' कहा जाएगा। इतना ही नहीं अपि तु सड़क पर चलने वाले हर एक पदार्थ का नाम 'अश्व' पड़ना चाहिए, क्योंकि अपने कार्य के आधार पर प्रत्येक वस्तु का नाम पड़ेगा। पहले भाव (क्रिया) होता है, बाद में वस्तु, अतः क्रियामूलक नाम पड़ने चाहिएँ।

गार्ग्य की आपत्तियों को दूर करने के लिए पाणिनि ने ऐसे शब्दों को, जिनके निर्माण में रूप की दृष्टि से या अर्थ की दृष्टि से कुछ विशेष कठिनाई पड़ती थी, पृथक् कर दिया। जैसे—अश्व (घोड़ा), गो (गाय) और पुरुष (मनुष्य)। पाणिनि के समय से पहले ऐसे कृदन्त शब्दों की एक विशेष सूची बन चुकी थी, जिनमें धातु के बाद कुछ विशेष कृत् प्रत्यय लगाकर ये शब्द

बलात् बनाए जाते थे। इन प्रत्ययों को उणादि प्रत्यय कहते थे, क्योंकि इनका पहला प्रत्यय उ (उण्) था। यह उ ही मूलरूप में उण् प्रत्यय है। इस प्रकार से बने हुए शब्दों को **उणादि** कहते हैं (उण् प्रत्यय से प्रारम्भ होने वाला)। पाणिनि ऐसे शब्दों को रूढ शब्द मानते हैं और इनकी रचना पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

पाणिनि के समय में जो उणादि-सूची थी, वह कुछ संशोधित रूप में आज भी विद्यमान है। **उज्ज्वलदत्त** (समय लगभग १३ वीं शताब्दी ई०) की टीका से युक्त उणादि सूत्र इस समय उपलब्ध हैं। उणादिसूत्र जो वर्तमान रूप में हैं, इनमें कुछ बाद के शब्द भी आगए हैं, जैसे—दीनार (लेटिन—Denarius) शब्द। यह शब्द भारतवर्ष में १००ई० से अधिक पहले किसी भी स्थिति में प्रचलित नहीं हो सकता था।

पाणिनि के व्याकरण का मुख्य उद्देश्य शब्द व्युत्पत्ति है, अतः उन्होंने ध्वनि-विज्ञान का विशद विवेचन नहीं किया है, अपि तु शब्द-रचना या समस्त पदों में जितने ध्वनि-नियमों की आवश्यकता थी, उतना ही अंश दिया है। अतएव पाणिनि ने ध्वनि-परिवर्तन के सामान्य नियम नहीं दिए हैं, अपि तु उनका विवेचन उणादि सूत्रों के तुल्य वास्तविकता पर निर्भर न होकर, संभावनाओं पर निर्भर है और ये प्रायः ठीक हैं। अधिकांश स्थलों पर ये नियम तुलनात्मक भाषा-विज्ञान से पुष्ट होते हैं। पाणिनि ने वस्तुतः कई ध्वनि-नियमों का आविष्कार किया था। इनमें से सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण नियम गुण और वृद्धि के हैं, जिनके द्वारा निर्बल अंग वाले स्वर सबल अंग वाले स्वरों में परिवर्तित होते हैं (नि० १७), जिसको ग्रिम (Grimm) ने अपश्रुति (ablaut) कहा है और जिसको तुलनात्मक भाषाविज्ञान ने सिद्ध किया है कि वह मूल भारोपीय (Indo-European) भाषाओं में प्रचलित था। अन्य महत्त्वपूर्ण ध्वनि-नियमों का अविष्कार वेदों की विभिन्न शाखाओं से संबद्ध मौलिक प्रातिशाख्य-ग्रन्थों के लेखकों ने, जो पाणिनि से पूर्ववर्ती हैं, किया है।

पाणिनि ने प्रकृति-प्रत्ययों में और वाक्यों में स्वर-संचार का वर्णन किया है, परन्तु हम लोगों के अनुसार वाक्य-विचार (Syntax) नहीं दिया है। इसका कारण संभवतः यह है कि संस्कृत में वाक्यरचना अत्यन्त सरल है।

पाणिनि की **'अष्टाध्यायी'** का सामान्य विषय-क्रम निम्नलिखित है :—

अध्याय १ में व्याकरण के परिभाषिक शब्द और व्याख्या के नियम हैं; **अध्याय २** में समास और कारक के नियम हैं; **अध्याय ३** में कृत्य और कृत् प्रत्ययों का वर्णन है कि धातु से किस प्रकार कृत् प्रत्यय लगते है; **अध्याय ४ और ५** में तद्धित प्रत्ययों का वर्णन है कि किस प्रकार तद्धित-प्रत्ययान्त शब्द बनते हैं; **अध्याय ६ और ७** में स्वर-नियम तथा शब्द-रचना से संबद्ध सन्धि-नियम हैं; **अध्याय ८** में वाक्य-रचना से संबद्ध नियम हैं। इस सामान्य-क्रम में बार-बार एकाकी नियमों या अनेक नियमों के द्वारा क्रम-भंग हुआ है। ये नियम संभवतः लेखक ने अपने बाद के विस्तृत अध्ययन के आधार पर जोड़े हैं, अथवा ये नियम मूलरूप में दूसरे स्थान पर थे, जिन्हें अक्षरलाघव की दृष्टि से मूल स्थान से हटाकर वर्तमान स्थान पर रखा गया है।

सूत्र-निर्माण में पाणिनि ने अपना यह लक्ष्य रखा है कि सूत्रों को जितना कार्य-बोधक और सामान्य बनाया जा सके उतना बनाया जाए। इस कार्य में कहीं-कहीं वे इतना आगे बढ़ गए हैं कि केवल एक उदाहरण के लिए एक सामान्य नियम बनाया गया है और दूसरी ओर एक प्रकरण से संबद्ध कितनी ही बातें जो उस शीर्षक के अन्दर देनी चाहिएँ थी, उनका संग्रह छोड़ दिया गया है।

पाणिनि के व्याकरण की मुख्य विशेषता अत्यधिक शब्द लाघव है, इसके लिए पाणिनि ने कतिपय उपाय अपनाए हैं, जैसे—क्रियापद को लुप्त रखना, कारकों का विशेष परिभाषिक अर्थ में प्रयोग, अधिकार सूत्रों की रचना, जो बाद में आने वाले संबद्ध सभी नियमों के साथ जुड़ेंगे। इन उपायों का फल यह हुआ है कि कभी कभी केवल एक शब्द के द्वारा ही पूरे नियम का वर्णन हुआ है। इस प्रकार 'धातु' शब्द के पंचमी के रूप 'धातोः' का केवल इतना ही अर्थ नहीं है कि 'धातु से ये प्रत्यय होते हैं', अपि तु अधिकार-सूत्र होने के कारण बाद के लगभग ५४० सूत्रों में इसकी अनुवृत्ति (प्रभाव) होती है।

अक्षर-लाघव का सिद्धान्त पारिभाषिक शब्दों के निर्माण में और अधिक विशेष रूप से द्रष्टव्य है। पाणिनि के वे पारिभाषिक शब्द जो वस्तुतः शब्द हैं, चाहे वे किसी विशेष कार्य को सूचित करते हों, जैसे—समास (सम्+आस, समस्त पद), या वे किसी उदाहरण रूप वर्ग को सूचित करते हों, जैसे—द्विगु (समास का एक भेद, संख्यापूर्वक कर्मधारयसमास, शब्दार्थ—दो गाय),

प्राचीन आचार्यों से ही प्रायः लिए गए हैं। किन्तु पाणिनि के अधिकांश पारिभषिक शब्द बीजगणित के संकेतों के तुल्य ऐच्छिक रूप से अपनाए गए कुछ वर्ण या वर्ण-समूह हैं। इनमें से बहुत थोड़े ऐसे हैं जो वास्तविक शब्द के संक्षिप्त रूप हैं, जैसे—'इति' से इत् (इत्संज्ञा वाले वर्ण, संकेत सूचक अनुबन्ध शब्द)। इनमें से अधिकांश परिभाषिक शब्द ऐसे हैं, जो विशेष चिन्तन के बाद बनाए गए हैं और ऐसे वर्णों को लेकर बनाए गए हैं, जिनका प्रयोग भाषा में बहुत कम होता है। इस प्रकार काल-बोधनार्थ 'ल' वर्ण लिया गया। इसके साथ मूर्धन्य ट् लगाने से लट् का अर्थ वर्तमान काल हो जाता है और ङ् लगाने से लङ् का अर्थ भूतकाल हो जाता है। इस प्रकार लट्, लिट्, लुट्, लेट् और लोट् का क्रमशः अर्थ होता है—वर्तमान, परोक्षभूत, भविष्यत्, संभावना अर्थ और आज्ञा अर्थ तथा लङ्, लुङ्, लिङ् का अर्थ होता है—अनद्यतन भूत, भूत और आज्ञा या चाहिए अर्थ।

पाणिनि का व्याकरण वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर संकलित वर्णमाला (अर्थात् अइउण् आदि १४ **माहेश्वरसूत्र**) से प्रारम्भ होता है। कुछ वर्णों के बाद इत् या अनुबन्ध वर्ण लगाए गए हैं। इन इत् वर्णों की सहायता से अनेक प्रत्याहार (संक्षिप्त शब्द) बनाए जाते हैं, जो संक्षेप में अनेक वर्णों के सूचक होते हैं। अ-इ-उ-ण्, ऋ-लृक्, ए-ओ-ङ्, ऐ-औ-च्, इन चार माहेश्वर सूत्रों में अच् (स्वर) संगृहीत हैं। चारों सूत्रों के अन्त में इत् वर्ण हैं, इनकी सहायता से अक् के द्वारा सामान्य स्वर कहे जा सकते हैं तथा अच् के द्वारा सामान्य और मिश्रित दोनों प्रकार के स्वर कहे जा सकते हैं। संस्कृत का अन्तिम वर्ण ह् है, इसे ह-ल् सूत्र से बताया गया है, अतः अल् (अ से लेकर ह तक) के द्वारा पूरी संस्कृत वर्णमाला बताई जाती है (जैसे अंग्रेजी के हिसाब से इसे a-z कहा जाए)। प्रत्ययों धातुओं और शब्दों के बाद भी इत् वर्ण लगाए जाते हैं, जो यह सूचित करते हैं कि इनमें कुछ विशेष नियम लगेंगे। साथ ही ऐसा करने से शब्द-लाघव होता है और प्रत्याहार आदि याद करने में सुविधा होती है।

पाणिनि की अष्टाध्यायी के साथ दो परिशिष्ट हैं, जिनका उसने उल्लेख किया है। एक 'धातुपाठ' है, इसमें भ्वादिगण आदि के क्रम से धातुएँ संगृहीत हैं। किस धातु के रूप किस पद में चलेंगे, इसका संकेत उदात्त आदि स्वरों और ङ् ञ् आदि अनुबन्ध वर्णों के द्वारा सूचित किया जाता है। धातुपाठ के

विषय में विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस धातुपाठ में लगभग २००० धातुएँ हैं (इसमें कुछ धातुएँ एक ही धातु के रूपान्तर हैं), किन्तु अभीतक उपलब्ध साहित्य में लगभग ८०० धातुएँ ही प्राप्त हुई हैं। साथ ही इसमें वेदों में प्राप्त होने वाली लगभग ५० धातुओं का उल्लेख नहीं है। दूसरा परिशिष्ट **'गणपाठ'** (अर्थात् एक प्रकार के शब्दों का संग्रह) है। पाणिनि ने एक प्रकार के शब्दों में लगने वाले नियमों के लिए उस गण का प्रथम शब्द देकर 'आदि' (इत्यादि) शब्द लगा दिया है। इस गणपाठ में कुछ शब्द ऐसे हैं, जो केवल वेदों में ही आए हैं। धातुपाठ की अपेक्षा गणपाठ घटिया ढंग से सुरक्षित मिलता है। ११४० ई० के लेखक **वर्धमान** द्वारा विरचित **'गण-रत्न-महोदधि'** (गण रूपी रत्नों का महासमुद्र) में ये गण श्लोक-बद्ध रूप में संकलित हैं।

बहुत प्राचीन समय से ही पाणिनि का ग्रन्थ 'अष्टाध्यायी' एक प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाने लगा। यह ग्रन्थ कम से कम २ हजार वर्ष तक संस्कृतभाषा का आदर्श ग्रन्थ और संस्कृत-व्याकरण का आधार माना जाता रहा है। इस ग्रन्थ में शब्द-लाघव के लिए सभी अन्य बातों की बलि दी गई है और स्थान स्थान पर अस्पष्टता के कारण इसकी व्याख्या के लिए अन्य व्याख्या-ग्रन्थों की आवश्यकता पड़ी। साथ ही व्याकरण संबन्धी प्रगति के कारण यह भी आवश्यकता हुई कि इन नियमों को शुद्ध किया जाए और नियमों में परिवर्धन भी किया जाए। इस प्रकार के जो कार्य हुए उनमें सबसे प्राचीन कार्य परिभाषाओं (व्याख्या के नियमों) की रचना है। इनके लेखक अज्ञात हैं। इन परिभाषाओं के विषय में माना जाता है कि पाणिनि इन परिभाषाओं को मानते थे और पाणिनि के परवर्ती वैयाकरण कात्यायन ने इन पारिभाषाओं का उल्लेख किया है। **नागोजिभट्ट** ने १८वीं शती में अपने ग्रन्थ **'परिभाषेन्दुशेखर'** में इस प्रकार की परिभाषाओं का संकलन किया है।

इसके पश्चात् **कात्यायन** ने पाणिनि के १२४५ सूत्रों (अर्थात् लगभग $\frac{1}{3}$ अष्टाध्यायी के सूत्रों) पर अपने वार्त्तिक (टिप्पणी, वृत्ति अर्थात् व्याख्या से वार्तिक शब्द है) लिखे हैं। कात्यायन दक्षिण के निवासी थे और वे संभवतः, तृतीय शताब्दी ई० पू० में हुए थे। कात्यायन ने जहाँ पाणिनि की आलोचना में उससे मतभेद प्रकट किया है, वहाँ पाणिनि की भूल-चूक समझनी चाहिए,

किन्तु ऐसी भूल-चूकों के लिए यह तथ्य भी नहीं भूलना चाहिए कि कात्यायन परवर्ती हैं और वे पाणिनि के निवास स्थान से भारत के सुदूरवर्ती स्थान के वासी हैं। कात्यायन के पहले और बाद में अनेक वैयाकरण हुए हैं, जिन्होंने अष्टाध्यायी पर इस प्रकार के वार्त्तिक बनाए हैं। कात्यायन के बाद अनेक वैयाकरणों ने कारिका-ग्रन्थ (श्लोक बद्ध टिप्पणी) बनाए हैं।

पतंजलि ने अपने विशाल भाष्य **'महाभाष्य'** में इन सब आलोचनात्मक वार्त्तिकों और कारिकाओं आदि का संग्रह किया है। साथ ही उन्होंने अपनी भी व्याख्या दी है। पतंजलि की व्याख्या प्रश्नोत्तर के रूप में है और यह अष्टाध्यायी के १७१३ सूत्रों पर है। पहले कहा जा चुका है कि पतंजलि के महाभाष्य का समय द्वितीय शताब्दी ई० पू० का उत्तरार्ध है। सातवीं शताब्दी ई० में महाभाष्य की टीका **भर्तृहरि** ने अपने ग्रन्थ **'वाक्यपदीय'** (वाक्यगत पदों का विश्लेषणात्मक प्रबन्ध) में की है और इसका संबन्ध व्याकरण-दर्शन (व्याकरण का दार्शनिक पक्ष) से है। दूसरी टीका **कैयट** ने लिखी है, जो संभवतः १३ वीं शताब्दी ई० में हुआ था।

अष्टाध्यायी पर ६५० ई० के लगभग दूसरी टीका **'काशिका वृत्ति'** (बनारसी टीका) लिखी गई। इसके प्रथम पाँच अध्यायों की टीका **जयादित्य** ने की है और अन्तिम तीन अध्यायों की टीका **वामन** ने की है। इसमें पाणिनि के सूत्रों का कुछ विकृत रूप है और कुछ त्रुटियाँ भी हैं, किन्तु इसकी विशेषता यह है कि इसमें लाघव, प्रवाह और सरलता है। यद्यपि यह टीका महाभाष्य से बहुत छोटी है, फिर भी इस अर्थ में बहुमूल्य है कि यह अष्टाध्यायी के सभी सूत्रों की व्याख्या वाली सबसे प्राचीन टीका है। इसमें जो उदाहरण दिए गए हैं, वे प्रायः सभी प्राचीन टीकाकारों के ग्रन्थों से लिए गए हैं। इस प्रकार का उद्धरण सामान्य-क्रम रहा है। यहाँ तक कि पतंजलि ने भी ऐसे उदाहरणों को मूर्धाभिषिक्त (दीक्षित) बताया है।

१५ वीं शताब्दी ई० में **रामचन्द्र** ने अपने ग्रन्थ **'प्रक्रियाकौमुदी'** (विधियों की चन्द्रिका)में पाणिनीय व्याकरण को अधिक सुबोध और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए विषयानुसार नवीन ढंग से विभक्त किया। इसी प्रकार के उद्देश्य से १७ वीं शताब्दी ई० में **भट्टोजि** ने **'सिद्धान्त-कौमुदी'** (निर्णीत-सिद्धान्तों की चन्द्रिका) की रचना की। इसमें पाणिनि के सूत्रों को अधिक

सुसंगत और व्यवस्थित रूप में रखा गया है, इसका ही संक्षिप्त संस्कर **वरदाचार्य** ने **'लघु- (सिद्धान्त) कौमुदी'** नाम से बनाया है, जो संस्कृत व करण के प्रारम्भिक छात्रों के लिए भारत में प्रयुक्त होता है। अभीतक भा तीय पण्डितों में यह विश्वास बद्धमूल है कि पाणिनि के व्याकरण में त्रु नहीं हो सकती है, अतः पतंजलि से लेकर बाद के सभी उपर्युक्त लेखकों पाणिनि के सूत्रों की व्याख्या में कतिपय असंगत व्याख्याएँ भी प्रस्तुत की हैं

परकालीन वैयाकरण, जो पाणिनीय परम्परा से संबद्ध नहीं हैं, विशे महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। इनमें नई बातें प्रायः नहीं के बराबर हैं और पाणि की अपेक्षा बहुत अपूर्ण हैं, क्योंकि इनमें वैदिक-प्रक्रिया, स्वर-प्रक्रिया आ पूरे अंश छोड़ दिए गए हैं। इनमें नई बातें नहीं हैं, परन्तु इनका उद्देश्य है न पद्धति को अपना कर विषय को अधिक सरल और सुबोधरूप में प्रस्तुत करना इन अ-पाणिनीय वैयाकरणों में विशेष उल्लेखनीय ये हैं :—**चन्द्र**,[1] इसव समय ६५० ई० के लगभग माना जाता है।[2] (२) **शाकटायन** (नकली), ज काशिका वृत्ति के बाद का है, (३) **हेमचन्द्र** (१२ वीं शताब्दी ई०)। य तीनों में सबसे महत्त्वपूर्ण है। **शर्ववर्मन्** (अनिश्चित समय) के **'कातन्त्र'** प्राचीन पारिभाषिक शब्दावली, विशेषरूप में प्रातिशाख्य ग्रन्थों की शब्दावली से बहुत मिलती-जुलती है। यह परकालीन व्याकरणों से सबसे अधिक प्रभाव शाली व्याकरण प्रतीत होता है। यह **कात्यायन** के प्रामाणिक **पालि-व्याकरण**, द्राविड और तिब्बती व्याकरणों का आधार-ग्रन्थ रहा है। **वोपदेव** का **मुग्ध-बोध** (अबोधों के लिए प्रकाशक) एक बहुत दुर्बोध ग्रन्थ है। इसका समय १३ वीं शताब्दी ई० के बाद का है। यह बंगाल में आजतक प्रमुख संस्कृत-व्या करण के रूप में उपयोग में आ रहा है। अन्त में एक अज्ञात लेखक द्वारा लिखित **सरस्वतीसूत्र** (**सारस्वत-व्याकरण** के सूत्र) उल्लेखनीय है। यह शब्द-लाघव और सरलता के लिए प्रसिद्ध है।

---

१. इसके ग्रन्थ 'चान्द्र-व्याकरण' का सम्पादन प्रो० Bruno Liebich (Leipziq, १९०२) ने किया है।

२. इसके लिए देखो—Vienna Oriental Journal(१३,३०८-१५); Winternitz, Geschichte der indischen Litterature (भाग २, पृ. २५९).

इनके अतिरिक्त कुछ अन्य ग्रन्थ हैं, जिनका संबन्ध व्याकरण के किसी विशेष विषय से है। ये ग्रन्थ संस्कृत-व्याकरण के ज्ञान की वृद्धि में कुछ महत्त्व-पूर्ण योग देते हैं। इनमें **शान्तनव** के **फिट् सूत्र** हैं। ये महाभाष्य के बाद बने हैं, किन्तु उस समय तक बन चुके थे, जब तक प्राचीन स्वर-संचार की प्रक्रिया सजीवरूप में ज्ञात थी। इसमें पाणिनि के तुल्य प्रकृति और प्रत्यय में अलग-अलग स्वर संचार के नियम नहीं दिए हैं, अपितु बने हुए शब्दरूपों और संज्ञा-शब्दों में स्वर के नियम दिए हैं कि कहाँ पर अन्तिम स्वर उदात्त होगा और कहाँ पर प्रथम स्वर उदात्त होगा। पाणिनि ने यद्यपि स्त्रीलिंग प्रत्ययों का उल्लेख किया है और लिंग-विषयक सामान्य नियमों की उपेक्षा नहीं की है, तथापि उन्होंने प्रत्येक शब्द के लिंग-निर्धारण का प्रयत्न नहीं किया है, इस-दृष्टि से लिंगानुशासन वाले ग्रन्थों का कुछ मूल्य हो सकता है। विशेषरूप से **हेमचन्द्र** के **लिङ्गानुशासन** में लिंग-विषयक बातों का सामान्यरूप से सामूहिक विवेचन हुआ है।

यूरोपीय विद्वानों में सर्वप्रथम जर्मन मिश्नरी **Heinrich Roth** ने संस्कृत-व्याकरण लिखा था। यह Augsburg का निवासी था और Jesuit College आगरा में Superior था। आगरा में ही १६६८ई० में इसकी मृत्यु हुई थी। इसका ग्रन्थ आजतक प्रकाशित नहीं हुआ है, परन्तु अभी तक इसकी पांडुलिपि रोम में सुरक्षित है। **Kircher** के China Illustrata (Amsterdam, १६६७, पृ० १६२-६३) में रॉथ का एक लेख है। इसमें देवनागरी लिपि में संस्कृत वर्णमाला के ५ चार्ट हैं (यह वस्तुतः देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम नमूना है, जो यूरोप में छपी किसी भी पुस्तक में उपलब्ध है)।

यूरोप में छपी सर्वप्रथम संस्कृत-व्याकरण की पुस्तक **Paulinus a Sancto Bartholomaeo** द्वारा लिखित थी। यह लेटिन भाषा में लिखी गई थी और १७९० में रोम में छपी थी। यह ग्रन्थ कुछ अंशों में जर्मन ईसाई मिश्नरी **Hanxleden**, जिसकी मृत्यु १७३२ में हुई थी, की छोड़ी हुई पाण्डु लिपि पर निर्भर था। संस्कृत का पहला वैज्ञानिक व्याकरण जो पूर्ण माना जा सकता है, **कोलब्रुक** (**Colebrooke**) द्वारा रचित था और १८०५ में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद १८०६ में **कारे** (**Carey**) (द्वारा लिखित व्याकरण छपा। कोलब्रुक का व्याकरण पाणिनि पर निर्भर था और कारे

का व्याकरण वोपदेव पर आश्रित था। संस्कृत का प्रथम व्याकरण जो यूरोपीय सिद्धान्तों पर निर्भर था, वह **विल्किन्स** (**Wilkins**) (१८०८) का था, जिसने गत शताब्दी के प्रारम्भ में यूरोप में संस्कृत के अध्ययन पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था। उसके परवर्ती लेखकों में विशेष उल्लेखनीय हैं—**बॉप** (**Bopp**), **बेन्फे** (**Benfey**) और **ह्विट्ने** (**Whitney**)। **बॉप** का संस्कृत व्याकरण सरलता के साथ ही साथ भाषावैज्ञानिक पद्धति अपनाने के कारण महत्त्वपूर्ण था। **बेन्फे** प्रथम व्यक्ति था, जिसने पाणिनीय व्याकरण के साथ ही वैदिक तथा रामायण और महाभारत की विशेषताओं का भी एकत्र समन्वय किया था। उसने संस्कृत रूपों की व्युत्पत्ति के लिए तुलनात्मक भाषाविज्ञान का उपयोग किया था। अमेरिकन विद्वान् ह्विटने प्रथम व्यक्ति था, जिसने वैदिक व्याकरण का अधिक विस्तृत विवेचन करके संस्कृत का ऐतिहासिक व्याकरण प्रस्तुत किया और यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार वैदिक भाषा से संस्कृत भाषा विकसित हुई है। संस्कृत का प्रथम व्याकरण, जो शुद्ध रूप से तुलनात्मक भाषाविज्ञान पर निर्भर हो, **प्रो० जे० वाकरनागल** (**Prof. J.Wackernagal**) द्वारा रचित प्रशंसनीय कृति है। इसके प्रथम भाग, (१८९६) में ध्वनि-विचार (Phonology) है और दूसरे भाग के प्रथम अंश (१९०५) में समास-विचार है। इस ग्रन्थ का इतना ही अंश अभी तक प्रकाशित हुआ है।

हमारे देश में १९ वीं शताब्दी ई० के उत्तरार्ध में जो संस्कृत-व्याकरण सबसे अधिक प्रचलित रहे हैं, वे **मोनियर विलियम्स** (**Monier-williams**) और **मैक्स मूलर** (**Max Muller**) के हैं। इन दोनों के व्याकरणों में बहुत सी सामग्री भारतीय पद्धति से ली गई है, जिसका कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं है, अपितु साहित्यिक संस्कृत सीखने वालों के लिए यह विघ्न रूप में है। इस प्रकार की सारी सामग्री इस ग्रन्थ से निकाल दी गई है। इसका अभिप्राय यह नहीं है कि हमें भारतीय वैयाकरणों से कोई चिढ़ है, अपि तु हमारा उद्देश्य है कि व्याकरण की वही सामग्री प्रस्तुत की जाए जो आजतक के विद्वानों द्वारा वस्तुतः भाषा में प्रयुक्त हुई है और जिसके द्वारा व्याकरण को सरल और सुबोध बनाया जा सके। इसमें से वैदिक रूपों को भी निकाल दिया गया है, किन्तु यूरोपीय और भारतीय विद्यार्थी प्राचीन भाषा से कुछ

परिचित हो सकें, इसके लिए परिशिष्ट ३ में वैदिक व्याकरण की संक्षिप्त रूप-रेखा प्रस्तुत की गई है। इसके द्वारा वे वैदिक भाषा का अध्ययन प्रारम्भ कर सकते हैं। मेरा नवीन प्रकाशित ग्रन्थ **Vedic Grammar** (वैदिक व्याकरण) प्रारम्भिक छात्रों के लिए बहुत विस्तृत ग्रन्थ है। मैं चाहता हूँ कि इस 'संस्कृत-व्याकरण-प्रवेशिका' के तुल्य ही एक सरल वैदिक व्याकरण प्रस्तुत करूँ, जिसमें वाक्य-विचार भी हो। जिस प्रकार यह संस्कृत-व्याकरण प्रारम्भिक छात्रों के लिए लौकिक संस्कृत की सामान्य शिक्षा देता है, उसी प्रकार वह ग्रन्थ वैदिक भाषा के विषय में संक्षिप्त रूपरेखा देकर सहायक सिद्ध होगा।

यद्यपि लौकिक संस्कृत में स्वर-चिह्न नहीं लगाए जाते हैं, फिर भी मैंने भाषावैज्ञानिक महत्त्व के कारण वैदिक भाषा के आधार पर जहाँ तक स्वर-निर्णय संभव हुआ है, वहाँ तक इंग्लिश् में रूपान्तरित रूपों पर स्वरचिह्न देने का प्रयत्न किया है। परिशिष्ट ३ में वैदिक स्वरों के विषय में संक्षिप्त विवरण भी दिया गया है।

———

विषय-सूची

भूमिका—संस्कृत व्याकरण का संक्षिप्त इतिहास। (८)

अध्याय—१ (वर्णमाला)

संस्कृत का वैदिक और भारतीय भाषाओं से संबन्ध, भारतीय लेखन-कला का उद्गम, वर्णों का क्रम, स्वर, व्यंजन, अंक, उच्चारण। १

अध्याय—२ (संधि-नियम)

बहिरंग सन्धिः—स्वर-सन्धि, व्यंजन-सन्धि; अन्तरङ्ग सन्धिः—स्वर-सन्धि, व्यंजन-सन्धि। १३

अध्याय—३ (शब्द रूप)

संज्ञा शब्द : हलन्त शब्द—अपरिवर्तनशील, परिवर्तनशील—दो अंग वाले, —तीन अंग वाले, धातुज अंग, तुलनात्मक प्रत्ययान्त शब्द, संख्येय शब्द, संख्या शब्द, संख्यावाचक क्रिया-विशेषण, सर्वनाम शब्द—व्यक्तिवाचक—संकेतवाचक —प्रश्नवाचक—सम्बन्धवाचक—आत्मवाचक—स्वामित्ववाचक — समस्तपद सर्वनाम-परिमाणवाचक—अस्पष्टार्थक—सर्वनामज विशेषण। ३५

अध्याय—४ (धातुरूप)

भूमिका, वर्तमानकालिक प्रथम भेद, द्वितीय भेद, अडागम, द्वित्व, तिङ् प्रत्यय, धातुरूपावलि, अपवाद-नियम, लिट्, लुङ्—प्रथम भेद, द्वितीय भेद, आशीर्लिङ्, लृट्, लृङ्, कर्मवाच्य, कालार्थक कृत्प्रत्यय, क्त्वा, ल्यप्, तुमुन्, प्रत्ययान्त धातुएँ—णिच्, सन्, यङ्, नामधातु। ७७

अध्याय—५ (अव्यय)

उपसर्ग, उपसर्गात्मक क्रियाविशेषण, उपसर्गात्मक संज्ञाशब्द, उपसर्गात्मक क्त्वार्थक शब्द, संयोजक और क्रियाविशेषण निपात, विस्मयसूचक शब्द। १२८

अध्याय—६ (कृदन्त, तद्धित, समास)

कृत् प्रत्यय, तद्धित प्रत्यय, लिंग, तिङ्-समास, सुप्-समास, द्वन्द्व समास, तत्पुरुष, कर्मधारय, बहुव्रीहि । १४३

अध्याय—७ (वाक्य-विचार)

भूमिका, शब्द-क्रम, संख्या, वाक्यान्वयन, सर्वनाम, कारक, सप्तमी, षष्ठी, भावे षष्ठी और सप्तमी, कालार्थक कृत् प्रत्यय, तुम् प्रत्यय, लकार-प्रयोग, लृङ् १६२

परिशिष्ट १—धातुकोश १९६

परिशिष्ट २—लौकिक संस्कृत के छन्द २१८

परिशिष्ट ३—वैदिक व्याकरण की मुख्य विशेषताएँ २२३

शब्द-सूची २३३

(अ) संस्कृत-शब्द-सूची

(ब) सामान्य सूची

———

अध्याय १

वर्णमाला

१—**संस्कृत** (सम्+कृत, परिष्कृत) प्राचीन भारत की साहित्यिक भाषा का परवर्ती रूप है, जिसका वर्णन पाणिनि ने अपने व्याकरण में किया है। ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से यह पूर्ववर्ती **वैदिक** भाषा से प्रायः मिलती-जुलती है। शनैःशनैः यह वैदिक बोली से भिन्न हो गई। यह विकास प्रगतिशील न होकर ह्रासोन्मुख था। इसमें वैदिक भाषा के बहुत से प्राचीन रूप (शब्द-रूप और धातुरूप) पूर्णतया लुप्त हो गए हैं, जैसे—पूरा लोट् लकार (Subjunctive Mood) तथा केवल तुमुन् (तुम्) प्रत्यय को छोड़कर शेष सभी तुमुन् अर्थ वाले प्रत्यय। मुख्य परिवर्तन शब्दावली में हुआ है। यद्यपि इसमें बहुत से प्राचीन शब्द और धातु लुप्त हो गए हैं, किन्तु उनके स्थान पर नए शब्दों और नए अर्थों की उपलब्धि से संस्कृत-शब्दकोश में पर्याप्त वृद्धि हुई है। वस्तुतः वैदिक और संस्कृत भाषा में बहुत-कुछ अंशों में उतना ही अन्तर है जितना होमरिक (Homeric) और एट्टिक (Attic) ग्रीक में।

२—वैदिक संस्कृत से प्रचलित **प्राकृत** बोलियाँ उत्पन्न हुई हैं। प्राकृत शब्द प्रकृति (मूल भाषा, अर्थात् संस्कृत भाषा) शब्द से बना है जिसका अर्थ है—संस्कृत से उत्पन्न भाषा, परन्तु बाद में इसका अर्थ जनसाधारण की भाषा या असभ्य जन की भाषा हो गया। प्राकृत का अर्थ असभ्य, अशिक्षित है। प्राकृत भाषाओं के प्राचीनतम रूप तृतीय शताब्दी ई० पू० (B. C.) के महाराज अशोक के शिलालेखों में सुरक्षित मिलते हैं। एक शिलालेख में इस प्राकृत का पालि नाम मिलता है। यही पालि भाषा दाक्षिणात्य बौद्धों की पवित्र साहित्यिक भाषा बनी है। शिलालेखों, स्तम्भ-लेखों, समस्त साहित्यिक

ग्रन्थों और कुछ अंशों में संस्कृत नाटकों में सुरक्षित इन प्राचीन प्राकृत भाषाओं से ही वर्तमान भारत की अधिकांश भाषाएं (बोलियां), जैसे—पंजाबी, सिन्धी, गुजराती, मराठी, हिन्दी, बिहारी और बंगला—निकली हैं हिन्दी भाषा में ही जब अरबी और फारसी शब्द विशेषरूप से मिल जाते हैं तो उसे उर्दू या हिन्दुस्तानी कहते हैं। दक्षिण भारत की द्रविड परिवार की भाषाएँ तेलगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम् यद्यपि आर्य-परिवार की भाषाएं नहीं है, तथापि इनमें संस्कृत शब्द भरे हुए हैं और इनके साहित्य में संस्कृत भाषा की रचना-शैली की ही सर्वत्र प्रधानता है।

३—मेसोपोटामिया (Mesopotamia) से इधर फैलते हुए, संभवतः ७०० ई० पू० के लगभग, सेमिटिक (Semitic) भाषा की वर्णमाला का एक रूप भारत के उत्तर-पश्चिम में प्रारम्भ हुआ। इस लिपि को भारत में सबसे पहले जो अपनाया गया, उसका ज्ञान हमें तृतीय शताब्दी ई० पू० के सिक्कों और अभिलेखों से होता है। इनमें इस लिपि को ब्राह्मी (अर्थात् ब्रह्मा की लिपि) कहा गया है। यद्यपि यह बाएँ से दाएँ लिखी जाती है, तथापि इसमें स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि यह किसी समय में दाएँ से बाएँ लिखी जाती थी इस ब्राह्मी लिपि से ही भारत की सभी परकालीन लिपियाँ निकली हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण नागरी या देवनागरी लिपि है। नागरी का अभिप्राय है 'नगर-निवासियों की लिपि' या संभवतः गुजरात के 'नागर ब्राह्मणों की लिपि'। देवनागरी शब्द बाद में प्रयोग में आया है, इसका अर्थ है—'देवताओं के नगरों की लिपि', किन्तु इस शब्द की उत्पत्ति का अभी तक निश्चित ज्ञान नहीं है। इस देवनागरी लिपि की वर्णमाला का यह विशेष रूप आठवीं शताब्दी ईसवीय (A.D.) के मध्य के लगभग हुआ है। उत्तर भारत में संस्कृत भाषा प्रायः देवनागरी लिपि में ही लिखी जाती है, परन्तु बंगाल और उड़ीसा आदि प्रान्तों में अपनी प्रान्तीय लिपियों—बंगला और उड़िया आदि—में भी लिखी जाती है। दक्षिण भारत में संस्कृत के लिए नियमित रूप से द्रविड़ परिवार की लिपियों का ही उपयोग किया जाता है।

४—देवनागरी वर्णमाला में ४८ अक्षर होते हैं—१३ स्वर और ३५ व्यंजन। इन ३५ व्यंजनों में अनुस्वार (ं) और विसर्ग (:) की भी गणना

है। ये अक्षर संस्कृत भाषा की सभी ध्वनियों को प्रस्तुत करते हैं। प्राचीन भारतीय वैयाकरणों ने निम्नलिखित सारणी के रूप में दिए गए इस वर्णमाला के अक्षर-विन्यास को अपनाया है। इसका क्रम पूर्णतया वैज्ञानिक है, अतएव यूरोपीय विद्वानों ने अपने संस्कृत-कोशग्रन्थों में इसी क्रम को अपनाया है।[1]

देवनागरी वर्णमाला

शुद्धरूप	स्वर मात्रा	समवर्ण	शुद्धरूप	स्वर मात्रा	समवर्ण
अ	—	a	ॠ	ृ	ṛ (ṛi)
आ	ा	ā	ऌ	ॢ	ḷ
इ	ि	i	ए	े	e
ई	ी	ī	ऐ	ै	ai
उ	ु	u	ओ	ो	o
ऊ	ू	ū	औ	ौ	au
ऋ	ृ	ṛ (ṛi)			

---

१. संस्कृत के प्रारम्भिक छात्रों को शब्दकोष में अनुस्वार और विसर्ग के कारण शब्द ढूंढ़ने में बहुत अधिक कठिनाई अनुभव होती है अतः निम्नलिखित टिप्पणी वर्णों के क्रम-संबन्धी ज्ञान के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। अन्तःस्थ, ऊष्म और ह् से पूर्ववर्ती अपरिवर्तनीय अनुस्वार (देखो नियम-संख्या ४२ ख-१) अन्य सभी व्यंजनों से पहले आता है, अतः शब्द-कोष में संवर, संशय, ये सक शब्द से पहले आयेंगे। परिवर्तनशील अनुस्वार (देखो नियम संख्या १० और ४२ ख-२) जिस नासिक्य वर्ण (पंचम वर्ण) के रूप में परिवर्तित हो सकता है, उस नासिक्य वर्ण के साथ रहेगा। अतः संग शब्द सङ्ग के साथ कोष-ग्रन्थ में आएगा। इसी प्रकार कठोर कवर्ग और पवर्ग (क, ख, प, फ) से पूर्व अपरिवर्तनशील विसर्ग अन्य सभी व्यंजनों से पहले आता है। अतएव अन्तःकरण और अन्तःपुर शब्द अन्त शब्द के पश्चात् आयेंगे और अन्तक शब्द से पहले। किन्तु ऊष्म से पहले परिवर्तनशील विसर्ग जिस ऊष्म वर्ण के रूप में परिवर्तित हो सकता है, उस ऊष्मवर्ण के साथ रहेगा। अतः अन्तःस्थ और अन्तस्स्थ दोनों एक स्थान पर एक-साथ आयेंगे।

व्यंजन

कवर्ग	कण्ठ्य	समवर्ण
क		k
ख		k-h
ग		g
घ		g-h
ङ		ṅ

चवर्ग	(तालव्य)	
च		c
छ		c-h
ज		j
झ		j-h
ञ		ñ

टवर्ग	(मूर्धन्य)	
ट		ṭ
ठ		ṭ-h
ड		d
ढ		ḍ-h
ण		ṇ

तवर्ग	(दन्त्य)	
त		t
थ		t-h
द		d
ध		d-h
न		n

पवर्ग	(ओष्ठ्य)	समवर्ण
प		p
फ		p-h
ब		b
भ		b-h
म		m
:	(विसर्ग)	ḥ
ं	(अनुस्वार	ṃ या ṁ

व्यंजन

अन्तःस्थ		समवर्ण
य		y
र		r
ल		l
व		v

ऊष्म		
श		ś
ष		ṣ
स		s
ह		h

५—स्वर शब्द के प्रारम्भ में और व्यंजन के अन्त में विभिन्न प्रकार से लिखे जाते हैं। स्वर ये हैं:—

(क) **सामान्य स्वर** (Simple vowels) :—

अ (×)[1] a, इ (ि) i[2], उ (ु) u, ऋ (ृ) ṛ, ऌ (ॢ) ḷ,
आ (ा) ā, ई (ी) ī, ऊ (ू) ū, ॠ (ॄ) ṝ
(ख) **मिश्रित स्वर** (Diphthongs):—
ए (े) e,[3] ऐ (ै) ai,[4] ओ (ो) o, औ (ौ) au,[5]

---

१. ह्रस्व (अ) की कोई पृथक् मात्रा नहीं है, क्योंकि यह माना जाता है कि ह्रस्व अ सभी व्यंजनों में स्वयंसिद्ध रूप से रहता है। जैसे—क—ka।

२. शब्दों के बीच में या अन्त में आने वाली (इ) की मात्रा (ि) जिस शब्द के बाद बोली जाती है, उससे पहले लगती है। जैसे—कि ki। मूलरूप में इ और ई की मात्राएँ क्रमश: व्यंजन के बाईं ओर और दाईं ओर ऊपर कोण के रूप में लिखी जाती थीं, किन्तु कुछ समय बाद स्पष्टता के लिए इ की मात्रा बाईं ओर सीधी लकीर के रूप में हो गई और ई की मात्रा दाईं ओर सीधी लकीर के रूप में।

३. ए और ओ प्राय: सभी स्थानों पर मूल ध्वनि अइ ai और अउ au पर निर्भर हैं, तथापि ये दोनों स्वर कम से कम ३०० ई० पू० से लेकर अबतक अधिकांश यूरोपीय भाषाओं में सामान्य दीर्घ स्वर ए और ओ (e and ō) के रूप में उच्चरित होते हैं।

४. यद्यपि ऐ और औ निर्वचन की दृष्टि से आई और आऊ (āi and āu) को प्रस्तुत करते हैं, परन्तु कम से कम ३०० ई० पू० से लेकर अबतक इनका उच्चारण अई और अऊ (āi and āu) के रूप में होता है।

५ उपर्युक्त मात्रा-चिह्न व्यंजनों के बाद लगते हैं। जैसे—क् (k) मात्राओं के साथ इस प्रकार लिखा जाएगा :—

क ka, का kā, कि ki, की kī, कु ku, कू kū, कृ kṛ, कॄ kṝ, क्लृ kḷ, के ke, कै kai, को ko, कौ kau, । र् के बाद उ और ऊ नीचे न लगाकर बगल में लगाते हैं—रु ru, रू rū।

सारणी

	कठोर अल्पप्राण	कठोर महाप्राण	मृदु अल्पप्राण	मृदु महाप्राण	मृदु अनुनासिक	मृदु अन्तःस्थ	कठोर ऊष्म	मृदु स्वर ह्रस्व	मृदु स्वर दीर्घ	मृदु मिश्रित स्वर	मृदु मिश्रित स्वर
कण्ठ्य	क	ख	ग	घ	ङ	ह[3]	:[4]	अ	आ	ए	ऐ
तालव्य[1]	च	छ	ज	झ	ञ	य	श	इ	ई		
मूर्धन्य[2]	ट	ठ	ड	ढ	ण	र	ष	ऋ	ॠ		
दन्त्य	त	थ	द	ध	न	ल	स	ऌ			
ओष्ठ्य	प	फ	ब	भ	म	व	:[5]	उ	ऊ	ओ	औ

१. तालव्य ध्वनियाँ अधिकांश में मूल कण्ठ्य वर्णों से निकली हैं। मूल कण्ठ्य वर्णों के बाद यदि तालव्य स्वर होते थे तो तालव्य स्वर के कारण कण्ठ्य (कवर्ग) वर्णों को तालव्य हो जाता था, किन्तु मैक्समूलर ने इनको टेढ़े कवर्ग के रूप में प्रस्तुत किया है।

२. यह देशज प्राचीन संस्कृत शब्द मूर्धन्य का अनुवाद है, जो मूर्धन् शब्द से बना है। इसका अर्थ है शिरोभाग में उत्पन्न होने वाला, अर्थात् शिर के ऊपरी भाग के अत्यन्त समीप जो मुख का सबसे ऊपरी भाग है उससे उत्पन्न होने वाला। बॉप (Bopp) के समय से इस मूर्धन्य ध्वनि को linguals भी प्रायः कहा जाता है। ये वर्ण मूल दन्त्य वर्णों से निकले हैं। मूल दन्त्य वर्णों के आगे या पीछे यदि मूर्धन्य ष् या र् ध्वनि होती थी तो दन्त्य वर्ण मूर्धन्य हो जाते थे।

३. ह अन्तःस्थ नहीं है, किन्तु अन्य सामान्य (इ, उ आदि) स्वरों के तुल्य मृदु श्वास के समकक्ष कण्ठ्य स्वर है। अ का कोई अपना अन्तःस्थ नहीं है। यह घ (g-h) आदि के अन्तरार्ध ह् ध्वनि के समकक्ष है।

४. (विसर्ग) : में कठोर श्वास है और यह ख (k-h) आदि कठोर महाप्राण वर्णों के उत्तरार्ध के समकक्ष है। यह पद के अन्त में और क तथा प से पहले स् और र् के स्थान में विसर्ग के रूप में रहता है। क से पहले विसर्ग को जो रूपान्तरण होता है, उसे जिह्वामूलीय ≍क (जीभ के मूल से उत्पन्न) और प से पूर्व होने वाले रूपान्तरण ≍ प को उपध्मानीय (फूँकना) कहते हैं। इनका पहले प्रयोग होता था, परन्तु अब ये लुप्त हो गए हैं। ये दोनों अर्ध-विसर्ग के तुल्य लिखे जाते हैं। इनमें जर्मन ख् (ch) और फ (f) के तुल्य ध्वनि रहती है।

५. यहाँ पर यह विशेष उल्लेखनीय है कि ऊपर की सारणी में पंक्ति १, २ और ७ में कठोर (श्वास और अघोष) वर्ण हैं, शेष [illegible] (नाद और घोष) वर्ण हैं।

६—उपरिलिखित सारणी में वर्णों के उच्चारण-स्थान के अनुसार देवनागरी वर्णमाला की ध्वनियों का पूरा वर्गीकरण (जो कि पाणिनि के समय में प्रचलित था) दिया गया है :—

७—अनुस्वार (स्वर के पश्चात् लगने वाला) स्वर के बाद लगने वाली नासिक्य ध्वनि है और यह वर्ग के पंचम वर्णों से भिन्न है। यह उस स्वर के ऊपर बिन्दु (ं) के रूप में लिखा जाता है, जिसके बाद इसका उच्चारण होता है। जैसे—कं। ल् से पहले यह अनुस्वार कभी-कभी ँ अनुनासिक के रूप में लिखा जाता है। जैसे—कँ। मूलरूप में इसका वास्तविक स्थान ऊष्म और ह् ध्वनियों से पहले था, वहां से इसका विस्तार हुआ है। अनुस्वार (ं) और अनुनासिक (ँ) ध्वनियों में भी कभी-कभी अन्तर किया जाता है। अनुनासिक का अभिप्राय है—नासिक्य ध्वनि-युक्त स्वर।

८—देवनागरी वर्णमाला लिखने में वर्ण का विशिष्ट अंश सर्वप्रथम लिखा जाता है। तत्पश्चात् एक सीधी लकीर (खड़ी पाई) खींची जाती है और अंत में वर्ण के ऊपर एक पड़ी पाई (समानान्तर रेखा) लगाई जाती है।[1] जैसे—(त > त > त।

९—हल् व्यंजनों के नीचे एक छोटी लकीर बाईं से दाईं ओर लगाई जाती है। इसको हल् कहते हैं। जैसे—अ के बाद क्—अक् लिखा जाएगा।

संस्कृत में दो विराम-चिह्न हैं—१—एक सीधी लकीर (।), २—दो सीधी लकीर (।।)। श्लोक के आधे भाग के बाद और वाक्य के अन्त में एक लकीर लगाई जाती है। पूरे श्लोक के अन्त में तथा अनुच्छेद (पैराग्राफ) के अन्त में दो लकीरें लगाई जाती हैं।

यूरोपीय संस्करणों में शब्द के आदि में आने वाले लुप्त अ का अवग्रह चिह्न (ऽ) से संकेत किया जाता है। जैसे—ते अपि के स्थान पर तेऽपि लिखा जाता है।

---

१. मूलरूप में यह वर्ण का अनिवार्य अंग नहीं था, किन्तु यह रेखा का एक अंश है, जिसके नीचे वर्ण लिखा जाता है।

संक्षेप के लिए ० (शून्य) का चिह्न दिया जाता है। इसका अभिप्राय है कि शून्य वाले स्थान पर पूर्वोक्त कुछ अंश लुप्त है। जैसे—गतम्, ०तेन (अर्थात् गतेन)।

१०—किसी एक पद में जब वर्ग के पंचम वर्ण आते हैं और उनके बाद उसी वर्ग का कोई वर्ण रहता है तो उसे परवर्ती वर्ण का समकक्ष पंचम वर्ण लिखना चाहिए। परन्तु लेख-सौकर्य के लिए अशुद्ध होने पर भी पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार (ं) का प्रयोग किया जाता है। जैसे—अङ्कित के स्थान पर अंकित, कम्पित के स्थान कंपित। इसी प्रकार वाक्य के अन्त में अन्तिम म् को अशुद्ध होने पर भी अनुस्वार के रूप में लिखा जाता है। जैसे अहम् के स्थान पर अहं। दोनों स्थानों पर उच्चारण में कोई अन्तर नहीं है।

११—यदि एक व्यंजन के बाद एक या अनेक व्यंजन आते हैं तो उनको संयुक्त वर्ण के रूप में लिखा जाता है। जैसे—अत्क, कार्त्स्न्य। इन संयुक्त वर्णों के विषय में सामान्य नियम यह है कि वर्ण के बाद की सीधी और पड़ी दोनों लकीरें हटा दी जाती हैं। केवल अन्तिम वर्ण के बाद ये लकीरें रहेंगी। ये संयुक्त वर्ण सामान्यतया सरलता से पहचाने जा सकते हैं। जो संयुक्त वर्ण कुछ कठिनाई से पहचाने जा सकते हैं उनका विवरण अग्रिम संयुक्त वर्ण-सूची में दिया गया है।

१२—निम्नलिखित संयुक्त वर्ण विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं—

(१) ज्ञ और क्ष में संबद्ध अवयव पहचाने नहीं जा सकते हैं। जैसे—ज्+ञ=ज्ञ, क्+ष=क्ष।

(२) कुछ स्थानों पर त् के मुख्य अंश और क् के गोल अंश के लिए संयुक्त वर्णों में पड़ी लकीर का प्रयोग किया जाता है। जैसे—त्+त त्त, क्+त=क्त।

(३) श् के बाद कोई व्यंजन, उ ऊ या ऋ ॠ स्वर हो तो श् को श्र् लिखा जाता है। जैसे—श्+च=श्च, श्+उ=शु, श्+ऋ=शृ।

(४) व्यंजन के बाद र् आता है तो उसका वर्ण के नीचे दाईं से बाईं ओर जाने वाली एक छोटी लकीर के द्वारा निर्देश किया जाता है। जैसे—क्+र=क्र, द्+र=द्र, ष्+ट्+र=ष्ट्र, न्+त्+र्+य=न्त्र्य। व्यंजन या ऋ स्वर के पहले यदि र् होता है तो वह परवर्ती वर्ण के ऊपर ˊ के रूप में प्रयोग में आता

है। जैसे अर्+क=अर्क। वर्+ष्म=वर्ष्म। निर्+ऋति=निर्ऋति। यदि उस वर्ण के ऊपर कोई स्वर-चिह्न है तो यह र् उस स्वर-चिह्न के बाद लगेगा। जैसे—अर्+केन्दू=अर्केन्दू।

संयुक्त वर्ण-सूची (List of Compound Consonants)

१३—क्+क=क्क, क्+ख=क्ख, क्+च=क्च, क्+ण=क्ण, क्+त=क्त, क्+त्+य=क्त्य, क्+त्+र=क्त्र, क्+त्+र्+य=क्त्र्य, क्+त्+व=क्त्व, क्+न=क्न, क्+न्+य=क्न्य, क्+म=क्म, क्+य=क्य, क्+र=क्र, क्+र्+य=क्र्य, क्+ल=क्ल, क्+व=क्व, क्+व्+य=क्व्य, क्+ष=क्ष, क्+ष्+म=क्ष्म; क्+ष्+य=क्ष्य, क्+ष्+य=क्ष्य, क्+ष्+व=क्ष्व, ख्+य=ख्य, ख्+र=ख्र, ग्+य=ग्य, ग्+र=ग्र, ग्+र्+य=ग्र्य, घ्+न=घ्न, घ्+न्+य=घ्न्य, घ्+म=घ्म, घ्+य=घ्य; घ्+र=घ्र, ङ्+क=ङ्क, ङ्+क्+त=ङ्क्त, ङ्+क्+त्+य=ङ्क्त्य, ङ्+क्+य=ङ्क्य, ङ्+क्+ष=ङ्क्ष, ङ्+क्+ष्+व=ङ्क्ष्व, ङ्+ख=ङ्ख, ङ्+ख्+य=ङ्ख्य, ङ्+ग=ङ्ग, ङ्+ग्+य=ङ्ग्य, ङ्+घ=ङ्घ, ङ्+घ्+य=ङ्घ्य, ङ्+घ्+र=ङ्घ्र, ङ्+ङ=ङ्ङ, ङ्+न=ङ्न, ङ्+म=ङ्म, ङ्+य=ङ्य।

च्+च=च्च, च्+छ=च्छ, च्+छ्+र=च्छ्र, च्+ञ=च्ञ च्+म=च्म, च्+य=च्य, छ्+य=छ्य, छ्+र=छ्र, ज्+ज=ज्ज, ज्+झ=ज्झ, ज्+ञ=ज्ञ, ज्+ञ्+य=ज्ञ्य, ज्+म=ज्म, ज्+य=ज्य, ज्+र=ज्र, ज्+व=ज्व, ञ्+च=ञ्च, ञ्+च्+म=ञ्च्म, ञ्+च्+य=ञ्च्य, ञ्+छ=ञ्छ, ञ्+ज=ञ्ज, ञ्+ज्+य=ञ्ज्य।

ट्+ट=ट्ट, ट्+य=ट्य, ठ्+य=ठ्य, ठ्+र=ठ्र, ड्+ग=ड्ग, ड्+ग्+य=ड्ग्य, ड्+घ=ड्घ, ड्+घ्+र=ड्घ्र, ड्+म=ड्म, ड्+य==ड्य, ढ्+य=ढ्य, ढ+र=ढ्र, ण्+ट=ण्ट, ण+ठ=ण्ठ, ण्+ड=ण्ड, ण्+ड्+य=ण्ड्य, ण्+ड्+र=ण्ड्र, ण्+ड्+र्+य=ण्ड्र्य, ण्+ढ=ण्ढ, ण्+ण=ण्ण, ण्+य=ण्य, ण्+व=ण्व।

त्+क=त्क, त्+क्+र=त्क्र, त्+त=त्त, त्+त्+य=त्त्य, त्+त्+र=त्त्र, त्+त्+व=त्त्व, त्+थ+त्थ, त्+न=त्न, त्+न्+य

=त्य, त्+प=त्प, त्+प्+र=त्प्र, त्+म=त्म, त्+य्+य=त्य्य, त्+य=त्य, त्+र=त्र, त्+र्+य=त्र्य, त्+व=त्व, त्+स=त्स, त्+स्+न=त्स्न, त्+स्+न्+य=त्स्न्य, थ्+य=थ्य, द्+ग=द्ग, द्+ग्+र=द्ग्र, द्+घ=द्घ, द्+घ्+र=द्घ्र, द्+द=द्द, द्+द्+य=द्द्य, द्+ध=द्ध, द्+ध्+य=द्ध्य, द्+न=द्न, द्+ब=द्ब, द्+भ=द्भ, द्+भ्+य=द्भ्य, द्+म=द्म, द्+य=द्य, द्+र+द्र, द्+र्+य=द्र्य, द्+व=द्व, द्+व्+य=द्व्य, ध्+न=ध्न, ध्+न्+य=ध्न्य, ध्+म=ध्म, ध्+य=ध्य, ध्+र=ध्र्य, ध्+व=ध्व, न्+त=न्त, न्+त्+य=न्त्य, न्+त्+र=न्त्र, न्+द=न्द, न्+द्+र=न्द्र, न्+ध=न्ध, न्+ध्+र=न्ध्र, न्+न=न्न, न्+प=न्प, न्+प्+र=न्प्र, न्+म=न्म, न्+य=न्य, न्+र=न्र, न्+स=न्स।

प्+त=प्त, प्+त्+य=प्त्य, प्+न=प्न, प्+प=प्प, प्+म=प्म, प्+य=प्य, प्+र=प्र, प्+ल=प्ल, प्+व=प्व, प्+स=प्स, प्+स्+व=प्स्व, ब्+ध=ब्ध, ब्+ज=ब्ज, ब्+द=ब्द, ब्+घ=ब्घ, ब्+न=ब्न, ब्+ब=ब्ब, ब्+भ=ब्भ, ब्+भ्+य=ब्भ्य, ब्+य=ब्य, ब्+र=ब्र, ब्+व=ब्व, भ्+न=भ्न, भ्+य=भ्य, भ्+र=भ्र, भ्+व=भ्व, म्+न=म्न, म्+प=म्प, म्+प्+र=म्प्र, म्+ब=म्ब, म्+भ=म्भ, म्+म=म्म, म्+य=म्य, म्+र=म्र, म्+ल=म्ल, म्+व=म्व।

य्+य=य्य, य्+व=य्व, ल्+क=ल्क, ल्+प=ल्प, ल्+म=ल्म, ल्+य=ल्य, ल्+ल=ल्ल, ल्+व=ल्व, ल्+ह=ल्ह, व्+न=व्न, व्+य=व्य, व्+र=व्र, व्+व=व्व।

श्+च=श्च, श्+च्+य=श्च्य, श्+न=श्न, श्+य=श्य, श्+र=श्र, श्+र्+य=श्र्य, श्+ल=श्ल, श्+व=श्व, श्+व्+य=श्व्य, श्+श=श्श, ष्+ट=ष्ट, ष्+ट्+य=ष्ट्य, ष्+ट्+र=ष्ट्र, ष्+ट्+र्+य=ष्ट्र्य, ष्+ट्+व=ष्ट्व, ष्+ठ=ष्ठ, ष्+ण=ष्ण, ष्+ण्+य=ष्ण्य, ष्+प=ष्प, ष्+प्+र=ष्प्र, ष्+म=ष्म, ष्+य=ष्य, ष्+व=ष्व. स+क=स्क, स्+ख=स्ख, स्+त=स्त, स्+त्+य=

स्त्य, स्+त्+र=स्त्र, स्+त्+व=स्त्व, स्+थ=स्थ, स्+न=स्न, स्+न्+य=स्न्य, स्+प=स्प, स्+फ=स्फ, स्+म=स्म, स्+म्+य=स्म्य, स्+य=स्य, स+र=स्र, स्+व=स्व, स्+स=स्स।

ह्+ण=ह्ण, ह्+न=ह्न, ह्+म=ह्म, ह्+य=ह्य, ह्+र ह्र, ह्+ल=ह्ल, ह्+व=ह्व।

१४. संस्कृत में अंक ये हैं:—

१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, ०।

ये अंक अरब वालों ने भारतीयों से लिए और उन्होंने इन्हें यूरोप में प्रचलित किया।

उच्चारण-सम्बन्धी निर्देश (Pronunciation)

१५—इस विषय में निम्नलिखित नियमों पर ध्यान दें—

(१) स्वरों का उच्चारण उसी प्रकार किया जाता है जिस प्रकार इटालियन भाषा में। ह्रस्व अ का उच्चारण अंग्रेजी के अल्पश्रुत अ के तुल्य होगा। जैसा But (बट) में u का उच्चारण है। इसको संस्कृत में संवृत (मुखद्वार बन्द) कहा जाता है। यह उच्चारण कम से कम ३०० ई० पू० तक प्रचलित था।

(२) व्यंजन वर्णों में महाप्राण-ध्वनि स्पष्टरूप से सुनाई पड़ती है। जैसे—ख=k-h, थ=t-h,
फ=p-h, घ=g-h,
ध=d-h, भ=b-h.

(३) कण्ठ्य ङ का उच्चारण उसी प्रकार होता है जैसे—king में ng का।

(४) तालव्य च और ज का उच्चारण उसी प्रकार होता है, जैसे—church में ch का और join में j का।

(५) मूर्धन्य ट, ड, ण का उच्चारण अंग्रेजी के t, d, n के तुल्य

होता है। इनके उच्चारण में जिह्वा तालु की ओर अधिक झुकी हुई होगी।

(६) संस्कृत के दन्त्य वर्ण आजकल इण्टर डेण्ट्ल (Inter dental) के तुल्य उच्चरित होते हैं। इनके उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग दांतों के अग्र-भाग को स्पर्श करता है। प्राचीन भारतीय शिक्षा-ग्रंथों के समय में इनका उच्चारण पोस्ट डेण्ट्ल (Postdental) के तुल्य होता था और इनका उच्चारण दाँतों के ऊपरी भाग के स्पर्श से होता था।

(७) दन्त्य स् का उच्चारण Sin के s के तुल्य होता है, मूर्धन्य ष का उच्चारण Shun के Sh के तुल्य होता है और तालव्य श् का उच्चारण दोनों के मध्य भाग से होता है और इस ऊष्म ध्वनि का उच्चारण जैसे जर्मन भाषा के Ich (इश्) में ch का।

(८) भारतवर्ष में विसर्ग (:) का प्रायः कठोर ह् के तुल्य उच्चारण होता है और इसके साथ ही पूर्ववर्ती स्वर की ध्वनि संलग्न रहती है।

(९) अनुस्वार पूर्णतया नासिक्य ध्वनि है। इसमें विराम के कारण कोई अन्तर नहीं आता है। इसका उच्चारण फ्रेंच भाषा के Bon (वों) में n के तुल्य है।

(१०) ईसवीय सन् के प्रारम्भ से संस्कृत का उच्चारण बलाघातयुक्त उदात्त (Stress Accent) के साथ होता आ रहा है, जैसा कि लेटिन भाषा में। प्राचीन काल में यह उदात्त संगीतात्मक (Musical Accent) था। इस प्रकार यह बलाघात उपान्त्य दीर्घ स्वर पर होता है। जैसे—(कालिदास), जब उपान्त्य ह्रस्व होता है तब उससे पूर्ववर्त्ती दीर्घ स्वर पर बलाघात होता है। जैसे—हिमालय। यदि अन्त्य की ओर से तीन ह्रस्व होते हैं तो उनसे पूर्ववर्ती चतुर्थ दीर्घ स्वर पर बलाघात होता है। जैसे—कारयति।

———

अध्याय २

सन्धि-नियम (Rules of Sandhi)

१६—संस्कृत भाषा में प्रत्येक वाक्य एक अविच्छिन्न शृंखला माना जाता है। सन्धि का अर्थ है—जोड़ना। इसके द्वारा शब्दों के अन्तिम और प्रारम्भिक वर्णों का एकीकरण किया जाता है। सन्धि-नियमों के दो आधार हैं :—**प्रकृतिभाव का अभाव, २—समीकरण का प्रयोग।**

सन्धि के अभाव के द्वारा ही कतिपय स्थानों पर विराम का बोध होता है, जबकि अन्य भाषाओं में इसके लिए विराम-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है।

यद्यपि **पदान्त सन्धि** और **पदान्तर्गत सन्धि** दोनों में ही सन्धि-नियम समान रूप से लगते हैं, तथापि भ्रम-निवारणार्थ दोनों का अन्तर समझ लेना उचित है। पदान्त सन्धि में पद के अन्तिम वर्ण और दूसरे पद के प्रारम्भिक वर्ण में संधि होती है। पदान्तर्गत-सन्धि में धातु और शब्द के बाद कृत्, तद्धित या अन्य सुप् और तिङ् प्रत्यय लगने पर जो सन्धि-नियम लगते हैं, उन्हें पदान्तर्गत सन्धि कहते हैं।

(क) पदान्त संधि के नियम, कुछ अपवादों को छोड़कर, समस्त पदों में और भ्याम्, भिस्, भ्यस्, सु तथा य से प्रारम्भ होने-वाले तद्धित प्रत्ययों को छोड़कर अन्य वर्णों से प्रारम्भ होने वाले तद्धित प्रत्ययों से पूर्व शब्द के अंतिम वर्ण में लगते हैं।

क—पदान्त सन्धि (External Sandhi)

स्वरों का वर्गीकरण (Classification of Vowels)

१७—स्वर निम्नलिखित तीन भागों में विभक्त हैं—

अ—१. सामान्य स्वर : अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ, लृ

२. गुण स्वर : अ ए ओ अर् अल्

३. वृद्धि स्वर : आ ऐ औ आर्[1]

---

१. लृ का वृद्धिस्वर आल् होगा, किन्तु इसका प्रयोग नहीं मिलता है।

(क) गुण स्वरों में सामान्य स्वरों के साथ पहले अ की ध्वनि आती है (यह अ ध्वनि परिवर्तित नहीं होती है), वृद्धि स्वरों में यह अ स्वर दीर्घ आ का रूप धारण करता है, इस प्रकार गुण स्वर में वृद्धि अर्थात् अ का आ हो जाता है।[1]

आ—(१) निम्नलिखित स्वर अन्तःस्थ के रूप में परिवर्तित होते हैं—
इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, तथा मिश्रित स्वर (जिनका उत्तरार्द्ध इ या उ हैं)।
(२) जो अन्तस्थ के रूप में परिवर्तित नहीं होते हैं :—अ, आ।

स्वर-संधि (Combination of final and Initial vowels)

१८—(अकः सवर्णे दीर्घः) **सवर्ण दीर्घ-सन्धि**—यदि पद के अन्त में ह्रस्व या दीर्घ सामान्य स्वर होते हैं और बाद में भी समान स्वर होगा तो दोनों के स्थान पर दीर्घ स्वर हो जाएगा। जैसे—सा+अपि+ईक्षते=सापीक्षते, किन्तु+उदेति=किंतूदेति, कर्तृ+ऋजु=कर्तॄजु।

१९—अ और आ—

(क) (आद्गुणः) **गुण-सन्धि**—अ और आ के बाद सामान्य स्वर होंगे तो दोनों के स्थान पर गुण स्वर हो जाएगा। जैसे—तव+इन्द्रः=तवेन्द्रः, सा+उक्त्वा=सोक्त्वा, सा+ऋद्धिः=सर्द्धिः।

(ख) (वृद्धिरेचि) **वृद्धि-सन्धि**—अ और आ के बाद ए या ओ होगा तो क्रमशः वृद्धि-स्वर ऐ, औ होंगे। जैसे—तव+एव=तवैव, सा+ओषधिः=सौषधिः।

(ग) अ और आ के बाद ऐ या औ स्वर होगा तो ऐ औ ही रहेंगे। जैसे—सा+औत्सुक्यवती=सौत्सुक्यवती।

---

१. तुलनात्मक भाषाविज्ञान प्रकट करता है कि इस अपश्रुति में गुण-स्वर सामान्य स्थिति का बोध कराते हैं, यदि इनमें उदात्त स्वर का अभाव होता है तो वे सामान्य स्वर का रूप धारण करते हैं। वृद्धि-स्वर गुण स्वरों का ही परिवर्धित रूप है। य, व, र (ये गुण-स्वरों के समकक्ष हैं) को ही संप्रसारण होकर क्रमशः इ, उ, ऋ हो जाते हैं।

२०—(इको यणचि) ह्रस्व और दीर्घ इ, ई, उ, ऊ, और ऋ के बाद असवर्ण (असमान) स्वर होगा तो इनको क्रमशः य् व्, र् हो जाएँगे। जैसे—दधि+अत्र=दध्यत्र, कर्तृ+उत=कर्त्रुत, मधु+इव=मध्विव, नदी—अर्थम्=नद्यर्थम्।

२१—गुण स्वर ए और ओ के साथ निम्नलिखित संधियाँ होती हैं—

(क) यदि बाद में अ होगा तो ए और ओ पूर्ववत् रहेंगे तथा बाद के अ का लोप होकर अवग्रह (ऽ) चिह्न लगेगा। जैसे—ते+अपि=तेऽपि, सो+अपि=सोऽपि।

(ख) ए और ओ के बाद अन्य कोई भी सामान्य या मिश्रित स्वर होगा तो ए और ओ का अ शेष रहेगा। ए के स्थान पर अय् और ओ के स्थान पर अव् करके य् व् का लोप होने पर अ शेष रहता है। ऐसे स्थानों पर कोई संधिकार्य नहीं होगा। जैसे—सखे+इह=सख इह, प्रभो+एहि=प्रभ एहि।

२२—वृद्धि स्वर ऐ के स्थान पर आय् होकर य्-लोप होने से आ शेष रहता है और औ के स्थान पर आव् शेष रहता है, बाद में कोई भी स्वर हो तो। आव् के व् का लोप नहीं होता है। जैसे—श्रियै+अर्थः=श्रिया अर्थः, तौ+इति=तावि ति।

(क) पूर्वोक्त तीन स्थानों पर (२१ ख और २२) में य् और व् का लोप होने से (गौण) प्रकृति-भाव होता है।

स्वर-संधि के अपवाद नियम (Irregular Vowel Sandhi)

२३—निम्नलिखित स्थानों पर गुण के स्थान पर वृद्धि एकादेश होगा—

(क) उपसर्ग के अन्तिम अ या आ के बाद धातु का ऋ हो तो। जैसे—उप+ऋषति—उपार्षति, आ+ऋच्छति=आर्च्छति।

(ख) प्र उपसर्ग के बाद क्त-प्रत्ययान्त ऊढ (वह्+क्त) हो तो। प्र+ऊढः—प्रौढः (उठाया हुआ, उन्नत किया हुआ)।

(ग) अ (अट्) के बाद धातु का प्रारम्भिक स्वर हो तो। जैसे—अ+उनत्=औनत् (उसने गीला किया)। (गीला करना अर्थवाली उद् धातु का यह रूप है)।

स्वर-संधि के अभाव वाले स्थल (प्रकृति-भाव)
(Absence of vowel Sandhi)

२४—विस्मयसूचक निपातों (Interjectional Particles) में यदि स्वर हो या उनका अन्तिम अक्षर स्वर हो तो। जैसे—आ, इ, उ, हे, अहो के साथ संधि नहीं होती है। जैसे-इ इन्द्र (हे इन्द्र), आ एवम् (क्या यह ऐसा ही है ?), अहो अपेहि (अरे दूर हो)।

२५—धातु-रूप और शब्द-रूपों के द्वि-वचन के ई, ऊ, ए के बाद कोई स्वर हो तो। (द्वि-वचन के ए के बाद अ का लोप नहीं होता है)। ऐसे स्थलों को प्रगृह्य (पृथक्) कहते हैं। इसी प्रकार अदस् शब्द के प्र० बहु० अमी के साथ भी संधि नहीं होती है। जैसे—कवी इमौ (ये दो कवि), साधू इमौ (ये दो साधु), विद्ये इमे (ये दो विद्याएँ), याचेते अर्थम् (ये दो धन मांगते हैं), अमी अश्वाः (ये घोड़े)।

२६—रामायण और महाभारत, स्मृति ग्रन्थ और अन्य ग्रन्थ जो साहित्यिक संस्कृत के ग्रन्थ नहीं माने जाते हैं, उनमें श्लोक के पूर्वार्ध और उत्तरार्ध में प्रथम और द्वितीय चरण (पाद) में इन संधि-नियमों का प्रयोग नहीं हुआ है।

हल् (व्यंजन) संधि
(Combination of final and Initial Consonants)

२७—किसी भी शब्द के अन्तिम वर्ण जब निम्नलिखित आठ संधि-योग्य वर्ण के रूप में होते हैं, तब हल्-संधि के नियम लगते हैं। ये वर्ण हैं—क्, ट्, त्, प्, ङ्, न्, म् और : (विसर्ग)। सारणी (नियम ६) में जो ३४ व्यंजन दिये हुए हैं वे निम्नलिखित रूप से आठ वर्णों के रूप में शेष रहते हैं—

अन्तिम-वर्ण घोष और अल्पप्राण रहेगा, तालव्य-प्राण (श-सहित) और ह् के स्थान पर क् या ट् (ञ् को ङ्) होते हैं, ष् को ट्, स् और र् को विसर्ग, ण् य् ल् और व् ये शब्द के अन्त में नहीं मिलते हैं। उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि वर्ग के द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ तथा पूरा चवर्ग पूर्णतया लुप्त रहता है और उनके स्थान पर चार घोष वर्ण क्, ट्, त्, प् तथा नासिक्य—वर्ण ङ्, न्, म् और षष्ठ तथा सप्तम कोष्ठ में से केवल विसर्ग शेष रहता है।

२८—शब्द के अन्त में एक से अधिक व्यंजन नहीं रह सकते हैं। केवल शब्द या धातु के र् के बाद क्, ट्, त्, प् शेष रह सकते हैं, यदि प्रत्यय के क्, त् आदि होंगे तो उनका लोप हो जाएगा। अन्य अन्तिम संयुक्त वर्णों में से उपर्युक्त आठ वर्णों के रूप में ही केवल एक वर्ण अन्त में शेष रहेगा। अतः भवन्त् का भवन् (होता हुआ) शेष रहता है, अबिभर्त् का अबिभः (उसने ढोया) शेष रहेगा (प्रत्यय होने से त् का लोप हुआ है और र् को विसर्ग हुआ है), किन्तु ऊर्क् (बल) (यहाँ पर ज् के स्थान पर क् है), अमार्ट् (उसने धोया) में मृज् धातु के ज् के स्थान पर ट् है)।

व्यंजनों का वर्गीकरण (Classification of Consonants)

२९—**व्यंजनों के उच्चारण-स्थान।** (Place or organ of articulation)

(१) कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त, ओष्ठ और नासिका ये वर्णों के उच्चारण-स्थान कहे जाते हैं।

(२) उपर्युक्त चार स्थानों अर्थात् कण्ठ, तालु, मूर्धा और दन्त के साथ जिह्वा का संयोग होने से कण्ठ्य, तालव्य, मूर्धन्य और दन्त्य वर्ण उत्पन्न होते हैं। दोनों ओष्ठों के संयोग से ओष्ठ्य वर्ण उत्पन्न होते हैं।

(३) पांचों वर्गों के नासिक्य वर्णों के उच्चारण में कुछ श्वास नासिका के मार्ग से निकलता है और जिह्वा तथा ओष्ठ अपने वर्गों के अनुसार उच्चारण-स्थानों को स्पर्श करते हैं। वास्तविक अनुस्वार केवल नासिका के द्वारा बोला जाता है, किन्तु अनुस्वार से पूर्व जो स्वर होता है, उसके लिए जिह्वा अपने विशिष्ट स्थान को स्पर्श करती है।

(४) अन्तःस्थ य, र, ल, व क्रमशः तालव्य, मूर्धन्य, दन्त्य और ओष्ठ्य हैं। प्राचीन भारतीय वैयाकरणों के अनुसार इनका उच्चारण अपने विभिन्न स्थानों के साथ जिह्वा के अपूर्ण संयोग के द्वारा होता है। र और ल प्रायः एक-दूसरे से बदले जाते हैं और ल र से निकला है।

(५) ऊष्म श, ष, स ये कठोर घर्ष वर्ण हैं। इनका उच्चारण क्रमशः तालु, मूर्धा और दन्त के साथ जिह्वा के अपूर्ण संयोग के द्वारा होता है। संस्कृत में कोमल ऊष्म वर्ण ज़ (अंग्रेजी z और फ्रेंच j) का समकक्ष कोई वर्ण प्राप्त नहीं होता है।

(६) ह और विसर्ग (:) ये क्रमशः कोमल और कठोर घर्ष वर्ण हैं। इनका उच्चारण जिह्वा का विभिन्न स्थानों से साक्षात् संयोग हुए विना होता है और उनके उच्चारण में पूर्ववर्ती या परवर्ती स्वर के अनुसार जिह्वा विभिन्न स्थानों का स्पर्श करती है। ह यह घ (g-h), झ (j-h), ध (d-h), भ (b-h) के उत्तर भाग के समकक्ष है और यह वस्तुतः उत्तर भाग से ही निकली हुई ध्वनि है। यह कोमल वर्णों से पूर्व ही प्राप्त होती है। विसर्ग घोष महाप्राण वर्ण ख (k-h) आदि के उत्तरार्द्ध के समकक्ष है। यह स्वरों के बाद तथा कतिपय कठोर व्यंजनों के पूर्व प्राप्त होता है। भारतवर्ष में विसर्ग का उच्चारण प्रायः कठोर ह् के तुल्य होता है और साथ ही इसके बाद पूर्ववर्ती स्वर की कुछ ध्वनि सुनाई पड़ती है। जैसे—कः में ह् के बाद ह्रस्व अ की ध्वनि रहती है। इसी प्रकार कविः में ह् के बाद इ और ऋतुः में ह् के बाद उ की ध्वनि रहती है।

३०—व्यंजनों की विशेषताएँ (Quality of Consonants)

व्यंजनों के निम्नलिखित भेद हैं :

(१) कठोर (श्वास, अघोष) ये वर्ण नियम ६ पर दी गई सारिणी में १, २ और ७ कोष्ठक में दिये गये हैं। अथवा कोमल वर्ण (नाद, घोष)। शेष सभी वर्ण जो कोष्ठक के ३, ४, ५, ६, में हैं तथा अनुस्वार (साथ ही सभी सामान्य और मिश्रित स्वर)।

(२) महाप्राण वर्ण, ये २, ४, ७ कोष्ठक में हैं तथा ह् वर्ण, अथवा अल्पप्राण वर्ण, शेष सभी वर्ण अल्पप्राण हैं। अतः च् का क् में परिवर्तन स्थान-परिवर्तन कहा जाएगा (तालव्य से कण्ठ्य), और च् का ज् में परिवर्तन यह गुण-परिवर्तन है

(कठोर से कोमल), किन्तु च् को ग् (कठोर तालव्य से कोमल कण्ठ्य) और त् जो ज् (कठोर दन्त्य से कोमल तालव्य) में दोनों बातें हैं। स्थान और गुण दोनों का परिवर्तन है।

३१—यह स्मरण रखना चाहिए कि नियम २७ में वर्णित ८ वर्णों के रूप में जब अन्तिम व्यंजन परिवर्तित हो जाएँगे, तभी हल्-संधि के नियम लगेंगे, अन्यथा नहीं। तत्पश्चात् इन वर्णों में जो परिवर्तन होगा उसमें निर्वचन को आधार नहीं माना जाएगा (विसर्ग में कुछ स्थानों पर निर्वचन को आधार माना जाता है)। इन अन्तिम अक्षरों में प्रायः निम्नलिखित ६ वर्ण ही प्राप्त होते हैं—क्, त्, प्, न्, म् और विसर्ग। अन्तिम वर्णों के स्थान पर जो परिवर्तन होते हैं उनको संक्षेप में दो प्रकार का कहा जा सकता है : १—गुण-परिवर्तन, २—स्थान-परिवर्तन।

१—व्यंजनों में गुण-परिवर्तन (Changes of Quality)

३२—यदि अन्तिम वर्ण के बाद आगामी पद का प्रथम वर्ण कोमल वर्ण होगा तो अन्तिम वर्ण को कोमल वर्ण हो जायगा और कठोर वर्ण से पूर्ववर्ती अन्तिम वर्ण को कठोर वर्ण होगा।

(क) यह नियम अन्तिम पांच कठोर वर्णों (क्, ट्, त्, प् और विसर्ग) में ही लगता है। नियम ६ और ३६ में वर्णित नासिक्य वर्णों में गुण-परिवर्तन नहीं होता है, किन्तु उनमें से दो न् और म् में कठोर ध्वनि त् और विसर्ग (३७) के तुल्य स्थान-परिवर्तन होता है।

(ख) अतः अन्तिम क्, ट्, त्, प् के स्थान पर नाद वर्ण ग्, ड्, द्, ब् क्रमशः हो जाते हैं। जैसे—सम्यक्+उक्तम्=सम्यगुक्तम् (ठीक कहा); दिक्+गजः =दिग्गजः (दिग्गज); परिव्राट्+अयम्=परिव्राडयम् (यह एक संन्यासी है), परिव्राट्+गच्छति=परिव्राड्गच्छति (संन्यासी जाता है); सरित्+अत्र= सरिदत्र (नदी यहाँ है); महत्+धनुः=महद्धनुः (बड़ा धनुष); ककुप्+अत्र =ककुबत्र (यहां दिशा), अप्+जः=अब्जः (कमल, जल में होने वाला)।

३३—क्, ट्, त्, प् के बाद न् और म् से प्रारम्भ होने वाला कोई शब्द होगा तो इनको क्रमशः ङ्, ण्, न्, म् ये नासिक्य वर्ण हो जाएँगे। यद्यपि यह

नियम वैकल्पिक है, परन्तु व्यवहार में यह अनिवार्य रूप से लगता है। जैसे—दिक्+नागः=दिग्नागः, दिङ्नागः (दिग्गज): जगत्+नाथः=जगद्-नाथ., जगन्नाथः (संसार के स्वामी); षट्+मासः=षण्मासः (छः महीने), प्राक्+मुखः=प्राङ्मुखः (पूर्व की ओर मुँह वाला)।

३४—अन्तिम त् को ल् हो जाता है बाद में ल् हो तो। त् को द् होकर यह ल् होता है। जैसे—तत्+लब्धम्=तल्लब्धम् (वह पाया)।

३५—नासिक्य वर्णों का समकक्ष कोई कठोर वर्ण नहीं है, अतः बाद में कठोर वर्ण होने पर उनमें कोई गुण-परिवर्तन नहीं होता है, किन्तु कतिपय स्थानों पर न् के बाद एक ऊष्म वर्ण तथा न् या ङ् के बाद कोई कठोर वर्ण दोनों के बीच में जोड़ दिया जाता है। मौलिक ञ् और ण् अन्तिम वर्ण के रूप में कभी प्राप्त नहीं होते हैं (नियम २७)। कण्ठ्य ङ् का प्रयोग अन्त में बहुत कम मिलता है। उसमें परिवर्तन नहीं होता है, किन्तु उसके बाद श्, ष्, स् ऊष्म वर्ण होंगे तो बीच में क् और जोड़ दिया जाता है। जैसे—प्राङ्+शेते=प्राङ्क्शेते (वह पूर्व की ओर सोता है)। सभी व्यंजनों से पूर्व अन्तिम म् को अनुस्वार हो जाता है (नियम ४२)। अधिकांश वर्णों से पूर्व न् में कोई परिवर्तन नहीं होता है, किन्तु बाद में कोई भी चवर्ग, मूर्धन्य (ष् को छोड़कर), कठोर दन्त्य त्, थ् और अन्तःस्थ ल् होगा तो न् में परिवर्तन होगा। न् के परिवर्तनों की विस्तृत व्याख्या अपेक्षित है।

३६—(अ) निम्नलिखित स्थानों पर न् (दन्त्य नासिक्य) में कोई परिवर्तन नहीं होता है:—

(१) स्वरों से पूर्व (देखें नियम ५२)। जैसे—तान् उवाच (उसने उनसे कहा)।

(२) सभी कंठ्य, क्, ख्, ग्, घ् तथा ह् से पूर्व। जैसे—बुद्धिमान् कोऽपि (एक बुद्धिमान्), तान् हत्वा (उनको मार कर)।

(३) सभी पवर्ग, प्, फ्, ब्, भ्, म् से पूर्व। जैसे—एतान् पाशान् (इन बेड़ियों को), बान्धवान् मम (मेरे सम्बन्धियों को)।

(४) कोमल दन्त्य वर्ण द्, ध्, न् से पहले। जैसे—मत्स्यान् धत्त

(मछलियों को रखो), राजपुत्रान् नयति (वह राजकुमारों को ले जाता है)।

(५) अन्तःस्थ य्, र्, व् से पूर्व। जैसे—हंसान् रक्षति (वह हंसों की रक्षा करता है)।

(६) मूर्धन्य ष् और दन्त्य स् से पूर्व। स् से पूर्व त् का विकल्प से आगम होता है। जैसे—तान् षट् (उन ६ को), तान् सहते या तान्त्सहते (वह उनको सहन करता है)।

(आ) निम्नलिखित स्थानों पर न् में परिवर्तन होता है।

(१) कठोर तालव्य च्, छ्, मूर्धन्य ट्, ठ्, और दन्त्य त्, थ् से पूर्व न् के स्थान पर अनुस्वार के साथ क्रमशः तालव्य श्, मूर्धन्य ष् और दन्त्य स् हो जाते हैं।[1] जैसे—हसन्+चकार=हसंश्चकार (उसने हँसते हुए यह किया); पाशान्+छेत्तुं=पाशाँश्छेत्तुम् (बन्धनों को काटने के लिए); चलन्+टिट्टिभः=चलंष्टिट्टिभः (चलती हुई टिटिहरी); पतन्+तरुः=पतंस्तरुः (गिरता हुआ वृक्ष)।

(२) कोमल तालव्य ज् झ् और श् से पूर्ववर्ती न् को ञ् होता है (नियम ४० देखें)।

(३) मूर्धन्य ड् और ढ् से पहले न् को ण् होता है (नियम ४१ देखें)।

(४) अन्तःस्थ ल् से पहले न् को ल् होता है। जैसे—महान्+लाभः=महाँल्लाभः।

२—स्थान-परिवर्तन (changes of Place)

३७—निम्नलिखित ४ अन्तिम व्यंजनों में ही परिवर्तन होता है—त्, न्, म्, और विसर्ग।

---

१. यह आगम प्रतीत होने वाला ऊष्म वर्ण वस्तुतः भारत-यूरोपीय स् का ही अवशिष्ट रूप है, जोकि पुंल्लिग द्वितीया बहुवचन (-न्स्) और प्रथमा एकवचन में (-न्स्, नियम ८८, ८९ देखें) मिलता है। प्राचीनतम वैदिक काल में यह ऊष्मवर्ण वहीं पाया जाता है, जहाँ पर ऐतिहासिक दृष्टि से युक्तिसंगत है, किन्तु संस्कृत में कठोर तालव्य, मूर्धन्य और दन्त्य वर्णों से पूर्ववर्ती न् के साथ प्रत्येक स्थान पर यह ऊष्म वर्ण संधि-स्थलों पर प्रचलित है।

(क) दन्त्य के बाद चवर्ग होगा तो दन्त्य को चवर्ग होगा और बाद में मूर्धन्य होगा तो दन्त्य को मूर्धन्य होगा।

(ख) विसर्ग और कुछ अंश तक म् परवर्ती व्यंजन के स्थानों के अनुकूल हो जाते हैं।

१—अन्तिम त् (final त्)

३८—अन्तिम त् को च् या ज् हो जाता है, बाद में तालव्य-वर्ण (च्, छ्, ज्, झ्, श्) हो तो। जैसे—तत्+च=तच्च (और वह), तत्+छिनत्ति=तच्छिनत्ति (वह उस वस्तु को काटता है), तत्+जायते=तज्जायते (वह उत्पन्न होता है), तत्+शृणोति=तच्शृणोति, किन्तु व्यवहार में तच्छृणोति[1] (वह उसको सुनता है) रूप होता है।

३९—अन्तिम त् को मूर्धन्य वर्ण ड् या ढ् हो जाते हैं बाद में ट्, ठ्, ड्, ढ् हों तो। बाद में ष् हो तो नहीं। जैसे—एतत्+ठक्कुरः=एतट्ठक्कुरः (उसकी वह मूर्ति), तत्+डयते=तड्डयते (वह उड़ता है), तत्+ढौकते=तड्ढौकते (वह पहुँचता) है।

२—अन्तिम न् (final न्)

४०—अन्तिम न् के बाद ज्, झ् और श्[2] होंगे तो न् को ञ् हो जाता है। जैसे—तान्+जयति=ताञ्जयति (वह उनको जीतता है), तान्+शार्दूलान्=ताञ्शार्दूलान्, ताञ्छार्दूलान् (उन चीतों को)।

४१—अन्तिम न् को ण् हो जाता है बादमें ड् या ढ्[3] हों तो। बाद में ष् होगा तो नहीं। जैसे—महान्+डमरः महाण्डमरः (बड़ा हल्ला)।

३—अन्तिम म् (final म्)

४२ (अ)—बाद में कोई स्वर होगा तो अन्तिम म् में कोई परिवर्तन नहीं होगा। जैसे—किम्+अत्र=किमत्र (यहां क्या है ?)।

(आ) अन्तिम म् को अनुस्वार हो जाता है बाद में कोई व्यंजन हो तो।

१. बाद में अन्तःस्थ, ऊष्म और ह् होंगे तो म् को अनुस्वार अवश्य होगा। जैसे—तम्+वेद=तं वेद (मैं उसको जानता हूँ), करु-

---

१. यहाँ पर प्रारम्भिक श् को छ् हो जाता है (देखो नियम ५३)।

२. बाद में च्, छ् हों तो न् के स्थान-परिवर्तन के लिए देखो नियम ३६ आ १।

३. ट्, ठ् और ष् से पहले न् के परिवर्तन के लिए देखो नियम ३६ अ ६; आ १।

णम्+रोदिति=करुणं रोदिति (वह करुण रोदन करता है), मोक्षम्+सेवेत=मोक्षं सेवेत (मोक्ष की सेवा करनी चाहिए), मधुरम्+हसति=मधुरं हसति (वह मधुर ढंग में हँसता है)।

२. क से म[1] तक कोई वर्ण बाद में हो तो म् को विकल्प से अनुस्वार होता है और उस अनुस्वार को आगामी वर्ण के अनुसार उसी वर्ग का अन्तिम अक्षर(पंचम वर्ण)[2] हो जाता है:—(यह परसवर्ण का कार्य यूरोपीय संस्करणों में प्रायः नहीं किया गया है)। जैसे-किम्+करोषि=किंकरोषि (किङ्करोषि) (क्या कर रहे हो?), शत्रुम्+जहि=शत्रुंजहि(शत्रुञ्जहि)(शत्रु को मारो), किम्+फलम्=किं फलम् (किम्फलम्) (क्या लाभ?), गुरुम्+नमति=गुरुं नमति (गुरुन्नमति) (गुरु को नमस्कार करता है), शास्त्रम् मीमांसते=शास्त्रं मीमांसते (या शास्त्रम्मीमांसते) (वह शास्त्र पढ़ता है), (क) म् के स्थान पर परसवर्ण से जो रूप बनता है, वह निम्नलिखित स्थानों पर निर्दिष्ट कार्य करने पर भी वही रूप बनेगा, अन्तिम न् के बाद ज्, झ् हों (नियम ४०); ड् और ढ् हों (४१) और न् हो, तथा अन्तिम त् के बाद न् हो (३३)। इस प्रकार 'कान्तान्न' (=कान्तान्+न, कान्तात्+न, कान्ताम्+न) में कान्तान् पुंल्लिग द्वितीया बहुवचन हो सकता है (३६ अ ४), कान्त का पुंल्लिग पंचमी एकवचन कान्तात् (३३) और स्त्रीलिंग द्वितीया एकवचन कान्ताम् (४२ आ २) हो सकता है। इन तीनों अवस्थाओं में 'कान्तान्न' ही बनेगा।

४३—पदान्त में कठोर स् और उसके स्थानीय कोमल र् को विसर्ग हो जाता है—

१. यदि कठोर तालव्य, मूर्धन्य या दन्त्य (च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्) वर्ण बाद में हों तो विसर्ग के स्थान पर परवर्ती वर्ण के

---

१. प्रारम्भिक ङ्, ञ्, ण् नहीं मिलते हैं।

२. वैदिक भाषा में यह परसवर्ण सामान्यतया प्राप्त होता है।

अनुसार ऊष्म वर्ण (श्, ष् स्) होगा। जैसे—पूर्णः+चन्द्रः =पूर्णश्चन्द्रः (पूर्ण चन्द्रमा), नद्याः+तीरम्=नद्यास्तीरम् (नदी का किनारा)।

२. विसर्ग के बाद कठोर कण्ठ्य या ओष्ठ्य (क्, ख्, प् फ्) वर्ण होगा तो विसर्ग को विसर्ग ही रहेगा।[1] जैसे—ततः कामः (तब कामदेव), नद्याः पारम् (नदी के पार)।

३. विसर्ग के बाद ऊष्म वर्ण होगा तो विसर्ग को विसर्ग ही रहेगा या उसको परसवर्ण हो जाएगा।[2] जैसे—सुप्तः शिशुः, सुप्तश्शिशुः (बालक सोया है), प्रथमः सर्गः, प्रथमस्सर्गः (पहला सर्ग या अध्याय)।

४४—अ या आ को छोड़कर किसी स्वर के बाद विसर्ग होगा और उसके बाद कोई कोमल वर्ण (व्यंजन या स्वर) होगा तो विसर्ग को र् हो जाएगा। जैसे—कविः+अयम्=कविरयम् (यह कवि), गौः+गच्छति= गौर्गच्छति (गाय जाती है), वायुः+वाति=वायुर्वाति (हवा चलती है)।

४५—(१) अन्तिम वर्ण आः के विसर्ग का लोप हो जाता है, यदि बाद में कोई स्वर या कोमल व्यंजन हो तो। जैसे—अश्वाः+अमी=अश्वा अमी (वे घोड़े), आगताः+ऋषयः=आगता ऋषयः (ऋषि आये), हताः+गजाः =हता गजाः (हाथी मरे)। माः+भिः=माभिः, मास् (चन्द्रमा) शब्द का तृतीया बहुवचन में यह रूप है।

(२) (क)—अन्तिम वर्ण अः के विसर्ग का लोप हो जाता है बाद में अ के अतिरिक्त कोई स्वर हो तो। जैसे—कुतः+आगतः= कुत आगतः (कहाँ से आये ?), कः+एषः=क एषः (यह कौन है ?), कः ऋषिः=क ऋषिः (कौन ऋषि है ?)।

(ख) अन्तिम अः के बाद कोमल व्यंजन और अ होगा तो अः को ओ

---

१. देखो नियम ३६ अ/२, ३, आ १ में कठोर स्पर्श वर्णों से पूर्व न् को होने वाले कार्य।

२. यह परसवर्ण का कार्य वस्तुतः मूल संधि के रूप में था और प्राचीन वैदिक शिक्षाकार इसको आवश्यक मानते हैं।

हो जायेगा और उस ओ के बाद अ का लोप हो जायेगा (देखो नियम २१ क)। जैसे—आनीतः+दीपः=आनीतो दीपः (दीपक लाया गया)। मनः+भिः=मनोभिः, मनस् (मन) शब्द का तृतीया बहुवचन में यह रूप है। नरः+अयम्=नरोऽयम् (यह आदमी)।

४६—कुछ स्थानों पर जहाँ व्युत्पत्ति के आधार पर र् के स्थान पर विसर्ग है, ऐसे अन्तिम अः और आः के विसर्ग का लोप नियम ४५ के अनुसार नहीं होता है। अपितु सामान्य नियम ४४ के अनुसार अः का अर् और आः का आर् शेष रहेगा।[1] जैसे—पुनः+अपि पुनरपि (फिर भी), भ्रातः+देहि=भ्रातर्देहि (हे भाई, दो), द्वाः+एषा=द्वारेषा (यह द्वार)।

४७—र् के बाद र् होगा तो पहले र् का लोप हो जाएगा और उससे पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दीर्घ हो जाएगा। जैसे—विधुः+राजते=विधू राजते (चन्द्रमा शोभित होता है), पुनः+रोगी=पुना रोगी (फिर बीमार)।

४८—सः (वह) और एषः (यह) (नियम ११० क) के विसर्ग का सर्वत्र लोप हो जाता है, केवल वाक्य के अन्त में यह विसर्ग शेष रहेगा। यदि बाद में अ होगा तो सः को सो और एषः को एषो हो जायेगा (नियम ४५ का २ ख)। जैसे—सः+ददाति=स ददाति (वह देता है), सः+इन्द्रः=स इन्द्रः (वह इन्द्र), किन्तु सः+अभवत्=सोऽभवत् (वह था)। मृतः+सः (वह मरा) में विसर्ग का लोप नहीं होता है।

४९—भोः के विसर्ग का लोप हो जाता है, बाद में कोई स्वर या कोमल व्यंजन हो तो। यह भोः अव्यय भवत् (आप) शब्द का सम्बोधन में एक अनियमित संक्षिप्त रूप है, यह भवत् के भवः से भोः बना है। इसका विस्मय-सूचक के रूप में प्रयोग होता था। जैसे—भोः+ईशान=भो ईशान (हे ईश्वर), भोः+देवाः=भो देवाः (हे देवो), किन्तु भोः+छेत्तः=भोश्छेत्तः (हे काटने वाले) में विसर्ग का लोप नहीं होगा।

---

१. ऐसे शब्द हैं—पुनर् (फिर), प्रातर् (प्रातःकाल), अन्तर् (अन्दर), स्वर् (स्वर्ग), अहर् (दिन), द्वार् (द्वार), वार् (जल)। ऋकारान्त शब्दों का सम्बोधन में एकवचन रूप, जैसे पितर् (पिता) (नियम १०१), और ऋ अन्तवाली धातुओं के कुछ रूप, जैसे—अजागर् (जागा) जागृ धातु का लङ् प्र० और म० एक०।

(क) भगवत् शब्द के सम्बोधन भगवः का संक्षिप्त रूप भगोः (हे आदरणीय) है। उसके साथ भी उपर्युक्त नियम लगेगा।

५०—जिन शब्दों के अन्त में मूल रूप में र् है, उनके र् को र् ही रहता है, बाद में सप्तमी बहु० का सु हो तो। जैसे—वार्+सु+=वार्षु (जल में)। (क) अहर् (नियम ९१ का २ देखें) और स्वर् (स्वर्गवाचक अव्यय) के र् को र् ही रहता है, समास में उत्तरपद में पति शब्द हो तो। जैसे—अहर्पतिः (दिन का स्वामी), स्वर्पतिः (स्वर्ग का स्वामी)।

व्यंजनों का द्वित्व होना (Doubling of Consonants)

५१—स्वरों के बाद शब्द का प्रथम वर्ण छ् होगा तो उसको द्वित्व हो जाता है। ह्रस्व स्वर और आ तथा मा निपात के बाद यह द्वित्व अवश्य होता है, अन्यत्र विकल्प से। जैसे—तव+छाया=तवच्छाया (तेरी छाया), आ+छादयति=आच्छादयति (वह ढकता है), मा+छिदत्=माच्छिदत (वह न काटे), किन्तु बदरीछाया, बदरीच्छाया (बेर की छाया) में विकल्प से द्वित्व होता है।

(क) एक शब्द के अन्दर प्रत्येक स्वर के बाद छ् को द्वित्व होता है। जैसे—इच्छति (वह चाहता है), म्लेच्छः (म्लेच्छ)।

५२—ङ् और न् से पहले कोई ह्रस्व स्वर हो और बाद में कोई भी स्वर हो तो ङ् और न् को द्वित्व हो जाता है। जैसे—प्रत्यङ्+आस्ते=प्रत्यङ्ङास्ते (वह पश्चिम की ओर मुँह करके बैठता है); धावन्+अश्वः=धावन्नश्वः (दौड़ता हुआ घोड़ा)। किन्तु कवीन्+आह्वयस्व (कवियों को बुलाओ) में दीर्घ स्वर पहले होने से न् को द्वित्व नहीं होगा।

प्रथम वर्ण का महाप्राण होना (Initial Aspiration)

५३—च् (नियम ३८) और ज् (नियम ४०) के बाद शब्द का प्रारंभिक श् हो तो उसे छ् हो जाता है, यदि उस श् के बाद कोई कठोर व्यंजन न हो तो। यह नियम वैकल्पिक है, परन्तु व्यवहार में नियमित रूप से लगता है जैसे—तच्+श्लोकेन=तच्छ्लोकेन (उस श्लोक के द्वारा), धावन्+शशः=धावञ्छशः (दौड़ता हुआ खरगोश)।

(क) क्, ट्, त्, प् के बाद भी यह नियम लगता है, परन्तु साधारणतया इस नियम का प्रयोग नहीं होता। वाक्शतम् का वाक्छतम् (सौ बातें) हो सकता है।

५४—क्, ट्, त्, प् के बाद शब्द के प्रारम्भिक ह् को पूर्ववर्ण के अनुसार महाप्राण वर्ण हो जाता है। अर्थात्—(१) क् को ग् होगा और ह् को घ्, (२) ट् को ड् और ह् को ढ्, (३) त् को द् और ह् को ध्, (प् को ब् और ह् को भ्। जैसे—वाक्+हि=वाग्घि (क्योंकि वाणी), तत्+हि=तद्धि (क्योंकि वह)।

५५—यदि धातु के प्रारम्भ में ग्, द् ब् हैं और उनका अन्तिम वर्ण घ्, ध् भ् या ह् है, यदि ऐसी धातुओं में से अन्तिम वर्ण में महाप्राण या ह्-ध्वनि लुप्त होती है तो प्रारम्भिक वर्ण में महाप्राण ध्वनि आ जाएगी। यह एक प्रकार से क्षतिपूर्ति समझनी चाहिए। इस प्रकार ग् को घ्, द् को ध् और ब् को भ् हो जायेगा। जैसे—दुह् शब्द (दुहनेवाला) का धुक् और बुध् (विद्वान्) का भुत् हो जाता है।

अन्तरंग-संधि (Internal Sandhi)

५६—अन्तरंग सन्धि के नियम शब्दों और धातुओं के अन्तिम वर्णों पर लागू होते हैं, बाद में कोई भी सुप् (नियम ७३ क में वर्णित व्यंजन से प्रारंभ होने वाले सुप् प्रत्ययों को छोड़कर), तिङ्, कृत्, प्रत्यय (देखें नियम १८२, १) और स्वर या य् से प्रारम्भ होने वाला कोई तद्धित प्रत्यय (१८२, २) हो तो। ये नियम शब्दों और धातुओं के उदाहरणों को ठीक स्मरण करने से ही जाने

---

१. ग्रीक और संस्कृत भाषा में कुछ मूल धातुएँ ऐसी थीं, जिनका प्रथम वर्ण महाप्राण वर्ण था। ऐसी धातुओं के लिए कुछ ध्वनि-नियम थे, जिनके अनुसार यह आवश्यक था कि प्रारम्भ और अन्त दोनों स्थानों पर महाप्राण वर्ण नहीं रह सकते थे। इस नियम का परिणाम यह था कि यदि प्रथम वर्ण महाप्राण है तो अन्तिम वर्ण से महाप्राण ध्वनि हट जाती थी; यदि प्रथम वर्ण में महाप्राण ध्वनि नहीं रहती थी तो अन्तिम वर्ण में महाप्राण ध्वनि सुनाई पड़ती थी। यह नियम उसी प्राचीन ऐतिहासिक नियम का अवशेष है। फलस्वरूप यदि अन्तिम वर्ण से महाप्राण ध्वनि हटेगी तो प्रथम वर्ण में वह पुनः सुनाई पड़ेगी।

जा सकते हैं। इनमें से कुछ नियम बहिरंग सन्धि के समान ही हैं। बहिरंग सन्धि से जो नियम विशेष उल्लेखनीय हैं, उनका ही यहाँ पर उल्लेख किया गया है।

अन्तिम स्वर (Final Vowels)

५७—कतिपय स्थानों पर स्वर (और सवर्ण स्वर) बाद में हो तो इ और ई को इय्, उ और ऊ को उव्, ऋ को इर् हो जाते हैं (नियम १८ और २०)। जैसे—धी+इ=धियि, स० १ (बुद्धि में), भू+इ=भुवि (पृथ्वी पर), युयु+उः=युयुवुः (वे मिले), गॄ+अति=गिरति (वह निगलता है)।

५८—अन्तिम ॠ को ईर् होता है, बाद में व्यंजन से प्रारम्भ होनेवाला कोई सुप् या तिङ् प्रत्यय हो तो। यदि ॠ से पूर्व ओष्ठ्य वर्ण होगा तो ॠ को उर् होगा। यदि एक व्यंजन पहले होगा तो ॠ को रि हो जायेगा, बाद में य् हो तो (देखें १५४, ३) जैसे—गॄ का कर्मवाच्य लट् प्र०१ गीर्यते (निगला जाता है), गीर्णः (निगला गया), गॄ का क्त-प्रत्ययान्त रूप। पॄ का कर्म०-लट् प्र०१ पूर्यते (पूरा किया जाता है), क्त-प्रत्ययान्त रूप पूर्णः (पूरा किया) कॄ- कर्म०लट् प्र०१-क्रियते (किया जाता है)।

५९—ए को अय्, ऐ को आय्, ओ को अव् और औ को आव् होते हैं, बाद में अजादि (स्वर से प्रारम्भ होने वाला) प्रत्यय या य् हो तो (२१, २२)। जैसे ने+अनम्=नयनम् (नेत्र), रै+ए=राये (धन के लिए), गो+ए=गवे (गाय के लिए), नौ+अः=नावः (नौकाएँ), गौ+यः=गव्यः (गाय का)।

अन्तिम व्यंजन (Final Consonants)

६०—बहिरंग सन्धि से विशेष उल्लेखनीय अन्तर यह है कि इसमें धातु और शब्दों के अन्तिम व्यंजनों में कोई परिवर्तन नहीं आता है। (देखो नियम ३२), बाद में स्वर, अन्तःस्थ और नासिक्य से प्रारम्भ होनेवाला कोई प्रत्यय हो तो।[1] यदि अन्य वर्ण बाद में होंगे तो उनमें बहिरंग सन्धि के नियम

१. कृत् प्रत्यय का न बाद में होगा तो द् को भी न् हो जाएगा। जैसे—अन्न (अन्न) में अद्+न है। यदि तद्धित प्रत्यय मत् और मय बाद में होंगे तो शब्द के त् और द् को न् हो जाएगा। जैसे—विद्युत्+मत्=विद्युन्मत् (बिजली से युक्त), मृत्+मय=मृन्मय (मिट्टी से बना हुआ)।

लगेंगे। जैसे—प्राञ्चः (पूर्वी), वचानि (मैं बोलूँ), वाच्य (बोलने योग्य), वच्मि (मैं बोलता हूँ); किन्तु वक्ति (वह बोलता है) में व्यंजन-सन्धि होगी।

६१—शब्द या धातु के अन्त में दो व्यंजन नहीं रह सकते हैं (नियम २८ देखें), अतः जिन शब्दों या धातुओं के अंत में व्यंजन होते हैं, उनके बाद अपृक्त (स्वर-रहित केवल एक व्यंजनवर्ण) सुप् या तिङ् प्रत्यय का लोप हो जाता है। अन्त में जो व्यंजन बच जाता है, उसको बहिरंग सन्धि के नियमानुसार रखा जाता है जैसे—प्राञ्च् + स् = प्राङ् (पूर्वी), प्र० एक० का रूप है। यहाँ पर पहले प्रत्यय के स् का लोप होगा और ञ् तथा च् को ङ् और क् होंगे (नियम २७), बाद में अन्तिम क् (नियम २८) का लोप हो जाएगा। इसी प्रकार अदोह् + त् = अधोक् (५५) (उसने दुहा), दुह् + लङ् प्र०१।

६२—महाप्राण वर्णों (Aspirates) के बाद स्वर, अन्तःस्थ और नासिक्य (६०) के अतिरिक्त अन्य कोई वर्ण होगा तो महाप्राण ध्वनि का लोप हो जायगा, अर्थात् वर्ग के चतुर्थ वर्ण को तृतीय वर्ण और द्वितीय वर्ण को प्रथम वर्ण हो जाएगा। जैसे—रुन्ध् + ध्वे = रुन्द्ध्वे (तुम रोकते हो), लभ् + स्ये = लप्स्ये (मैं पाऊँगा)। किन्तु युधि (युद्ध में), लोभ्यः (चाहने योग्य) में महाप्राण-ध्वनि रहेगी।

(क) लुप्त हुई महाप्राण ध्वनि धातु या शब्द के पूर्ववर्ण में पुनः आ जाती है, यदि बाद में ध्व् (धि के साथ नहीं), भ्, स् होंगे तो (५५वें नियम के अनुसार)। जैसे—अभुद्ध्वम् (तुमने जाना), भुद्भिः (तृ०३), भुत्सु (स०३)। किन्तु दुग्धि (दुहो)—दुह् + लोट् म०१ में द् को ध् नहीं होगा।

यदि महाप्राण ध्वनि का लोप हुआ है और बाद में त् और थ् हैं तो त् और थ् को ध् हो जाता है, अर्थात् महाप्राण ध्वनि अगले वर्ण पर चली जाती है।[२]

---

१. संस्कृत व्याकरण के अनुसार एक शब्द के प्रारम्भ और अन्त दोनों स्थानों पर महाप्राण ध्वनि नहीं रह सकती है। इसी प्रकार एक शब्द के अन्त में और आगामी शब्द के प्रारम्भ में दोनों स्थानों पर महाप्राण ध्वनि नहीं रहेगी।

२. धा (रखना) धातु इसका अपवाद है। त् और थ् बाद में होने पर (६२ क के सादृश्य पर) धा को धत् हो जाता है। (देखो आगे नियम १३४, जुहोत्यादिगण १)

जैसे—लभ्+तः=लब्धः (पाया), रुन्ध्+धः=रुन्द्धः (तुम दोनों रोकते हो), बन्ध्+तुम्=बन्द्धुम् (बाँधने को)।

६३—**तालव्य वर्ण** (Palatals)—(क) च् के बाद कोई व्यंजन होगा तो च् को क् या ग् अवश्य हो जाता है (देखो नियम ६१, २७, ६ कोष्ठक १), ज् को अधिकांश स्थानों पर क् या ग्[1] हो जाता है, अन्य स्थानों पर मूर्धन्य वर्ण ट्, ड् या ष् होता है। जैसे—उक्त (कहा), वच्+क्त, युक्त (जोड़ा) युज्+क्त, रुग्ण (टूटा हुआ) रुज्+क्त (देखो नियम ६५)। किन्तु निम्नलिखित स्थानों पर ज् को मूर्धन्य वर्ण ट्, ड् या ष् हुआ है—राट् (राजा), राज्+स्, प्र०१, मृड्ढि (धोओ) मृज्+लोट् म०१, राष्ट्र (देश) राज्+त्र नि० ६४)।

(ख) बाद में ध्, पदसंज्ञक सुप् (भ्याम् आदि), (नि० ७३ क) और प्र०१ का स् होगा तो श् को ट् या ड्, कभी-कभी क् या ग्, होते हैं। त् या थ् बाद में होंगे तो श् को ष् होता है (नि० ६४)। बाद में भविष्यत् काल का या धातुरूप से सम्बद्ध कोई स् होगा तो श् को क् हो जाएगा। ऐसे स्थानों पर क्+स्=क्ष् होगा। जैसे—विश् का स०३ में विट्सु (प्रजाओं में) होगा, विश्+क्त=विष्ट (प्रविष्ट हुआ), विश्+लृट् उ०१=वेक्ष्यामि (नि० ६७) (मैं प्रविष्ट होऊँगा)।

(ग) च् और ज् के बाद न् को ञ् होता है, किन्तु श् के बाद नहीं। जैसे—याच्+ना=याच्ञा (माँगना), यज्+नः=यज्ञः (यज्ञ), किन्तु प्रश्+नः=प्रश्नः (प्रश्न) ही होगा।

(घ) प्रछ् (पूछना) धातु के छ् को श् के तुल्य ही कार्य होते हैं। जैसे—प्रच्छ्+क्त=पृष्ट (पूछा), प्रच्छ्+लृट् उ०१=प्रक्ष्यामि (पूछूँगा), प्रच्छ्+न=प्रश्न (प्रश्न) (बहिरंग सन्धि में अर्थात् अन्तिम छ् को तथा पद-संज्ञक सुप्, भ्याम् आदि से पूर्व छ् को ट् या ड् हो जाता है)।

६४—मूर्धन्य (Cerebrals) के बाद आनेवाले दन्त्य को भी मूर्धन्य वर्ण

---

१. धातुरूपों में स् से पहले ज् को क् अवश्य हो जाता है। (नि० १४४, ४)।

हो जाता है (नि० ३९)। जैसे—इष्+त=इष्ट (चाहा), द्विष्+धि=द्विड्ढि (द्वेष करो), षट्+नाम्=षण्णाम् (छः का) (नि० ३३)।

(क) शब्द-रूपों में सर्वत्र तथा धातु-रूपों में ध् से पहले प् को नियमित रूप से मूर्धन्य (ट् या ड्) हो जाते हैं (नि० ८०)। धातु-रूपों में स् से पहले नियमित रूप से ष् को क् हो जाता है (नि० ६३ ख और ६७) जैसे—द्विष् का द्वेक्षि (तुम द्वेष करते हो)।

६५—न् को ण् होना (Change of dental न् to cerebral ण्)

ऋ, ॠ, र्, ष् के बाद न् को ण् हो जाता है, बाद में कोई स्वर या न्, म्, य्, व् हों तो। ऋ आदि के बाद कोई स्वर, कवर्ग, पवर्ग, य्, व्, ह्, बीच में होगा तब भी न् को ण् हो जाएगा। जैसे—नृ+नाम्=नृणाम् (मनुष्यों का), कर्+नः= कर्णः (कान), दूषणम्(दोष) यहाँ बीच में स्वर का व्यवधान है, वृंहणम् (पोषक) (अनुस्वार, ह् और स्वर का व्यवधान है), अर्केण (सूर्य के द्वारा) (कवर्ग और स्वर का व्यवधान), क्षिप्णुः (फेंकना) (स्वर और पवर्ग का व्यवधान), प्रेम्णा (प्रेम से) (स्वर और पवर्ग का व्यवधान), ब्रह्मण्यः (ब्राह्मणों के लिए हितकारी) (स्वर, ह् पवर्ग और स्वर का व्यवधान तथा न् के बाद य् है), निषण्णः (बैठा) (न् के बाद न् है और दोनों को ण् हो जाता है), प्रायेण (प्रायः) (स्वर, य् और स्वर का व्यवधान)।

किन्तु निम्नलिखित स्थानों पर पूर्वोक्त कारणवश न् को ण् नहीं होता है :—अर्चनम् (पूजा करना) (चवर्ग का व्यवधान है), अर्णवेन (समुद्र के द्वारा) (टवर्ग का व्यवधान), अर्धेन (आधे के द्वारा) (दन्त्य का व्यवधान), कुर्वन्ति (वे करते हैं), (न् के बाद त् है), रामान्-राम द्वि०३ (रामों को) (यहाँ न् अन्तिम वर्ण है)

सूचना—उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि बीच में आनेवाले वर्णों की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। एक से अधिक भी वर्ण बीच में होंगे तो भी न् को ण् हो जाता है। जैसे—रामायण शब्द में र् और न् के बीच में पाँच वर्ण हैं (तीन स्वर, एक पवर्ग और एक अन्तःस्थ)।

न् को ण् करने की सारिणी

(Table showing when न् changes to ण्

वर्ण के बाद	व्यवधान हो तो	न् को ण्	न् के बाद वर्ण हो तो
ऋ, ॠ, र्, ष्	स्वर, कवर्ग (ह् सहित, पवर्ग (व् सहित), य् और अनुस्वार।	न् को ण् होता है।	स्वर, न्, म्, य्, व्

६६—(अ) **न् को होने वाले कार्य—**

१—य् और व् बाद में होंगे तो न् वैसा ही रहेगा। जैसे—हन्यते (मारा जाता है), तन्वन् (फैलाता हुआ)।

२—धातु के अन्तिम न् के स्थान पर अनुस्वार हो जाता है, बाद में स् हो तो। जैसे—जिघांसति (हन्+इच्छार्थक सन् प्रत्यय, वह मारना चाहता है), मंस्यते (मन्+लृट्, वह सोचेगा)। यदि नपुंसकलिंग बहु० में होने वाला स् या ष् का आगम होगा तो भी उससे पहले न् को अनुस्वार हो जाएगा (नि० ७१ ग, ८३)। जैसे—यशांसि (यशस्+प्र०३, यश), हवींषि (हविस्+प्र०३, हवि)।

(आ)—**दन्त्य स् को होनेवाले कार्य—**

१—निम्नलिखित स्थानों पर धातु या शब्द के अन्तिम स् को त् हो जाता है—

(क) वस् (रहना) और घस् (खाना) धातुओं के स् को त् हो जाता है, बाद में विकरण (भविष्यत्, लुङ् और सन् प्रत्यय) का स् होगा तो। जैसे—वत्स्यति (वस्+लृट्, वह रहेगा) (नि० १५१ ख ३), अवात्सीत् (वस्+लुङ्, वह रहा) (१४४, १), जिघत्सति (घस्+सन्, वह खाना चाहता है) (१७१, ५)।

(ख) लिट् के स्थान पर होनेवाले क्वसु (वस्) प्रत्ययान्त शब्दों के स् को त् हो जाता है, बाद में भ् या स् (तथा नपुं० प्र० द्वि०१) हो तो (८९)। जैसे—चकृवद्भिः (कृ+लिट्=चकृवस्+भिः), चकृवत्सु (स०३) चकृवत् (नपुं० प्र० द्वि०१)।

२—निम्नलिखित स्थानों पर स् का लोप हो जाता है—

(क) दो स्पर्श (क से म तक) वर्णों के मध्यवर्ती स् का लोप होता है। जैसे—अभक्त (अ+भक्+स्+त, भज्+लुङ्+प्र०१, बाँटा), चष्टे

(चक्ष्+लट्+प्र०१, कहता है) (मूलरूप में चक्ष् धातु चक्ष्+स् है अतः चक्ष्+ते में स् का लोप है)। उद् उपसर्ग के बाद स्था (रुकना) और स्तम्भ् (सहारा देना) धातु के स् का लोप हो जाता है। जैसे—उत्थाय (उठकर, उद्+स्थाय), उत्तम्भित (उठा हुआ, उद्+स्तम्भित)।

(ख) स् का लोप हो जाता है, बाद में कोमल दन्त्य वर्ण हो तो। जैसे—शाधि (शास्+लोट् म०१ शास्+धि, आज्ञा दो)। जहाँ पर स् को ष् हो जाता है, वहाँ लोप होने पर अगले दन्त्य वर्ण को मूर्धन्य वर्ण हो जायेगा। जैसे—अस्तोढ्वम् (अ+स्तोष्+ध्वम्, स्तु+लुङ्+म०३, तुमने स्तुति की)।

६७—स् को ष् होना—(change of dental स् to cerebral ष्)

अ, आ के अतिरिक्त (अनुस्वार और विसर्ग बीच में होंगे तो भी) अन्य कोई स्वर पूर्व में होगा अथवा क् या र् पहले होंगे तो दन्त्य स् को ष् हो जाता है, बाद में स्वर, त्, थ्, न्, म्, य्, व् हों तो। जैसे—सर्पिस् (घी) के रूप होंगे—सर्पिषा (घी से), सर्पींषि (प्र०३) सर्पिःषु (स०३) (नि० ४३, ३)। वाच् का रूप होगा—वाक्षु (स०३, वाणियों में)। गिर् (वाणी) का गीर्षु (स०३) (नि० ८२)। स्था (रुकना) धातु का तिष्ठति (लट् प्र०१, रुकता है)। भू (होना) का भविष्यति (होगा)। स्वप् (सोना) का सुष्वाप (सोया)। चक्षुस् का चक्षुष्मत् (आँखवाला)। किन्तु उपर्युक्त कारणों से इन स्थानों पर स् को ष् नहीं हुआ—सर्पिः (स् अन्तिम वर्ण है), मनसा (मन से, यहाँ पहले अ है), तमिस्रम् (अँधेरा, बाद में र् है)।

स् को ष्, परिवर्तनसारिणी (Table showing when स् changes to ष्)

वर्ण पहले हों तो	होता है	बाद में वर्ण हों तो
अ, आ (बीच में अनुस्वार और विसर्ग हों तो भी) के अतिरिक्त कोई भी स्वर, क् या र्	स् को ष्	स्वर, त्, थ्, न्, म्, य्, व्

सूचना—न् को ण् और स् को ष् के नियम पूरी सावधानी से स्मरण कर लेने चाहिएँ, क्योंकि शब्दरूप और धातु-रूपों में ये नियम नियमित रूप से लगते हैं।

६८—य्, र्, ल् (नि० ६० और ४२ आ १) बाद में होंगे तो म् में कोई परिवर्तन नहीं होता है। यदि बाद में व् से प्रारम्भ होने वाला कोई प्रत्यय होगा तो म् को न् हो जाएगा। जैसे—काम्यः (चाहने योग्य), ताम्रः (लाल रंग), अम्लः (खट्टा); किन्तु जगन्वान् (गम्+क्वसु, गया हुआ) में म् को न् होगा।

६९—(क) स् बाद में हो तो ह् को ध् के तुल्य माना जाता है तथा द् से प्रारम्भ होनेवाली धातुओं के भी ह् को ध् माना जाता है, बाद में त्, थ्, ध् और स् हो तो। जैसे—लेह्+सि=लेक्षि (तुम चाटते हो) (६७), दह्+स्यति=धक्ष्यति (वह जलायेगा) (५५), दह्+त=दग्ध (जला हुआ) (६२ ख), दिह्+ध्वे=धिग्ध्वे (तुम तेल आदि से चिकना करो) (६२ क)। इसी प्रकार स्निह् (स्नेह करना) और मुह् (किंकर्तव्यविमूढ होना) धातुओं को क्त-प्रत्यय होने पर ह् को ध् के तुल्य कार्य होता है। जैसे—स्निग्ध (चिकना, स्निह्+त), मुग्ध (मूर्ख, मुह्+त)।

(ख) अन्य धातुओं में ह् को ढ् हो जाता है और बाद के त्, थ् और ध् को ढ् होगा तथा ढ् से पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दीर्घ हो जाएगा। और पहले ढ् का लोप हो जाएगा। जैसे—लिह्+त=लीढ (चाटा), मुह्+त=मूढ (मूर्ख)। इसी प्रकार वह् और सह् धातुओं के ह् को भी ढ् होता है और इन धातुओं के स्वर में कुछ परिवर्तन होता है। जैसे—ऊढ[1] (वह्+त) (ढोया), वोढुम्[2] (वह्+तुम्, ढोने को), सोढुम् (सह्+तुम्, सहने को)।

नह् धातु ६९ ख का अपवाद है। इसमें ह् को ध् होता है। जैसे—नद्ध (नह्+त, बाँधा)। दृह् धातु नियम ६९ क और ख दोनों का अपवाद है। इसमें ह् को ढ् होता है और पूर्ववर्ती ऋ को दीर्घ नहीं होता। दृह्+त=दृढ (दृढ).

---

१. व को सम्प्रसारण होकर उ हो जाता है (नियम १७ की पाद-टिप्पणी), बाद में उस उ को दीर्घ ऊ हो जाता है।

२. यह ओ भारत-ईरानी azh का प्रतिनिधित्व करता है। यह बाद के दन्त्य को मूर्धन्य महाप्राण ढ् करके ओ हो जाता है, जैसा कि अस् अन्त वाले शब्दों में अस् को (az होकर) ओ हो जाता है। जैसे—मनस्+भिः=मनोभिः (नि० ४५ ख)।

अध्याय ३

शब्दरूप (Declension)

७०—शब्दरूप या धातुज शब्दों के रूप सुप् प्रत्यय लगाकर बनाये जाते हैं। इनको सरलता से ३ शीर्षकों में विभक्त किया जा सकता है—१—संज्ञा शब्द (विशेषण शब्द-सहित), २—संख्यावाचक, ३—सर्वनाम।

संस्कृत में तीन लिंग, तीन वचन और आठ विभक्तियां (कारक) होती हैं। इनके नाम आदि निम्नलिखित हैं:

(क) **तीन लिंग**—(Genders)—पुंलिंग (Masculine), स्त्रीलिंग (Feminine), नपुंसकलिंग (Neuter)।

(ख) **तीन वचन** (Numbers)—एकवचन, (Singular), (द्विवचन) (Dual), बहुवचन (Plural)।

(ग) **आठ विभक्तियां** (Cases)—प्रथमा (Nominative), संबोधन (Vocative), द्वितीया (Accusative), तृतीया (Instrumental), चतुर्थी (Dative), पंचमी (Ablative), षष्ठी (Genitive), सप्तमी[1] (Locative)।

७१—साधारणतया शब्दों के अन्त में ये **सुप्** (शब्दों के अन्त में लगने वाले कारक-चिह्न) लगते हैं —

	एकवचन		द्विवचन		बहुवचन	
	पुं० स्त्री०	नपुं०	पुं० स्त्री०	नपुं०	पुं० स्त्री०	नपुं०
प्र०	स्	—२	औ	ई	अस्	इ३
सं०—१	—		औ	ई	अस्	इ
द्वि०	अम्	—	औ	ई	अस्	इ

१. भारतीय वैयाकरणों के अनुसार यह क्रम है। वे संबोधन को पृथक् विभक्ति नहीं मानते हैं। सुविधा के लिए एकवचन, द्विवचन और बहुवचन में जिन विभक्तियों में समानता है, उनको एक वर्ग में रखा गया है।

	एकवचन		द्विवचन		बहुवचन	
	पुं० स्त्री०	नपुं०	पुं० स्त्री०	नपुं०	पुं० स्त्री०	नपुं०
तृ०	आ		भ्याम्		भिस्	
च०	ए		भ्याम्		भ्यस्	
पं०	अस्		भ्याम्		भ्यस्	
ष०	अस्		ओस्		आम्	
स०	इ		ओस्		सु	

१—प्रथमा और संबोधन के रूपों में कोई अन्तर नहीं होता है, केवल स्वर में अन्तर होता है। संबोधन एकवचन में निम्नलिखित स्थानों पर शब्द-रूपों में अन्तर होता है—अजन्त (स्वर अन्त वाले) पुँलिंग और स्त्रीलिंग शब्दों में तथा अत्, अन्, इन्, अस् (नि० ७६क), यस्, वस् अन्तवाले हलन्त पुंलिंग शब्दों में।

२—नपुंसकलिंग प्रथमा और द्वितीया एकवचन में केवल शब्द ही शेष रहता है, केवल अ अन्तवाले शब्दों में म् और जुड़ जाता है।

३—नपुं० में प्र०, सं० और द्वि० बहु० में अजन्त शब्दों के बाद इ से पहले न् और जुड़ जाता है। जिन शब्दों के अन्त में स्पर्श या ऊष्मवर्ण (ह् को छोड़कर कोई भी व्यंजन) होते हैं, उनको भी प्र०, सं०, द्वि०, बहु० में अंतिम व्यंजन से पहले न् जुड़ जाता है और बाद में अगले वर्ण के अनुसार न् को कार्य होते हैं।

७२—च्, त्, न्, स् और ऋ अन्तवाले शब्दों के शब्द-रूपों में पदस्थानों और भस्थानों में महत्त्वपूर्ण अन्तर यह है कि यदि शब्द के दो अंग होते हैं तो वहाँ पर **सर्वनामस्थान (पंचस्थान)** (**Strong**) और **असर्वनामस्थान (अपंचस्थान)** (**Weak**) का अन्तर रहेगा। यदि शब्द के तीन अंग होते हैं तो **पंचस्थान** (**Strong**), **पदस्थान** (**weak**) और **भस्थान** (**weekest**) ये तीन अन्तर होंगे। (क) उदात्त स्वर का स्थान-परिवर्तन ही इस अन्तर का कारण है। पंचस्थानों में जहाँ शब्द पर उदात्त स्वर है, वहाँ शब्द अपने पूर्ण रूप में रहता है। अपंचस्थानों में उदात्त स्वर प्रत्यय पर रहता है, अतः शब्द अपने संक्षिप्त रूप में रहता है। ऐसे ही कारण से दीर्घ-स्वरान्त स्त्रीलिंग शब्दों को संबोधन एकवचन में ह्रस्व हो जाता है क्योंकि उदात्त अन्तिम स्वर

पर न होकर प्रथम स्वर पर आ जाता है।

७३—निम्न स्थानों पर सर्वनामस्थान (पंचस्थान) वाले रूप होते हैं—

(क) पुं० शब्द[1]—प्रथमा और संबोधन १, २, ३; द्वितीया—१, २।

(ख) नपुं० ,, —प्रथमा, सं० और द्वितीया—केवल बहुवचन।

(क) जिन शब्दों में तीन अंग होते हैं, उनमें हलादि[2] (व्यंजनों से प्रारम्भ होने वाली) विभक्ति (भ्याम्, भिः, भ्यः, सु) से पहले पद-स्थान वाला अंग रहेगा। शेष अजादि भस्थान वाले प्रत्ययों से पहले भस्थान वाला अंग रहेगा। जैसे—प्रत्यञ्चौ (प्र०२), प्रत्यग्भिः (तृ०३), प्रतीचोः (ष०२) (९३)।

(ख) तीन अंगों वाले नपुंसकलिंग शब्दों से प्र०, सं० और द्वि० एकवचन में पदस्थान वाला अंग रहेगा तथा प्र०, सं० और द्वि० के द्विवचन में भस्थान वाला अंग रहेगा। जैसे—प्रत्यक् (एक०), प्रतीची (द्वि०), प्रत्यञ्चि (बहु०) (९३)। शेष विभक्तियों में पुंलिंग के तुल्य रूप बनते हैं।

हलन्त शब्द

संज्ञा शब्द (Nouns)

७४. सुविधा के लिए शब्दरूप दो भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

१. व्यंजनान्त शब्द[3]—(अ) अपरिवर्तनशील, (आ) परिवर्तनशील।

२. अजन्त शब्द—(अ) अ और आ अन्त वाले, (आ) इ और उ अन्त वाले, (इ) ई और ऊ अन्त वाले, (ई) ऋ अन्त वाले, (उ) ऐ, ओ, औ अन्त वाले शब्द।

१(अ) अपरिवर्तनशील शब्द (Unchangeable Stems)

७५. ऐसे शब्दों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि कवर्ग, मूर्धन्य,

---

१. ऋ (१०१) अन्त वाले शब्दों को छोड़कर प्रायः सभी परिवर्तनशील शब्दों के स्त्रीलिंग रूप ई प्रत्यय (१००) लगाकर बनते हैं।

२. परिवर्तनशील शब्दों में पदस्थान मानना इसलिए अधिक सुविधाजनक है, क्योंकि समास में पूर्वपद में इनका पदस्थान वाला रूप प्राप्त होता है।

३. कतिपय वैयाकरण अजन्त शब्दों के रूप अकारान्त (२ अ) शब्दों से प्रारम्भ करते हैं, क्योंकि संस्कृत के अधिकांश शब्दों के रूप अकारान्त के तुल्य चलते हैं। किन्तु व्यावहारिक दृष्टि से हलन्त शब्दों से शब्दरूप प्रारम्भ करना अधिक उपयुक्त है, क्योंकि इन शब्दों में सुप् प्रत्यय (७१) बिना किसी परिवर्तन के सीधे लगते हैं। अकारान्त शब्दों के रूपों में सुप् में बहुत परिवर्तन होते हैं, अतः प्रारम्भिक छात्रों को समझने में असुविधा होती है।

नासिक्य या अन्तःस्थ (र् को छोड़कर) अन्तवाले शब्द हैं ही नहीं। हलादि प्रत्यय बाद में होने पर इनमें केवल सन्धि-नियम ही लगते हैं (१६ क), अन्य कोई परिवर्तन नहीं होता है। प्रत्येक हलन्त (व्यंजनान्त) शब्द के रूप पुंलिंग और स्त्रीलिंग में सर्वथा वही रहते हैं और नपुंसकलिंग में प्र०, सं० और द्वि० के द्विव० तथा बहु० में ही अन्तर होता है।

७६—अजादि (स्वर से प्रारम्भ होने वाला) प्रत्यय बाद में होने पर हलन्त शब्दों का अपना अन्तिम व्यंजन सुरक्षित रहता है (७१); किन्तु पदान्त में पुं० और स्त्री० में प्र०१ के स् का लोप हो जाता है और स०३ सु से पूर्व उन्हें निम्नलिखित वर्णों में से कोई एक वर्ण हो जाता है—क्, ट्, त्, प् या विसर्ग (:) (२७); इनको भ् से प्रारम्भ होने वाला प्रत्यय बाद में होने पर क्रमशः ग्, ड्, द्, ब् या र् हो जाता है।

(क) अस् प्रत्यय अन्त वाले (८३) शब्दों को छोड़कर शेष पुं० और स्त्री० शब्दों के सं०१ में वही रूप होते हैं, जो प्र०१ में होते हैं।

(ख) इस प्रकार के शब्दों के नपुं० प्र०, सं० और द्वि० बहु० के रूप बहुत कम प्राप्त होते हैं। जैसे—०भाज् (युक्त, वाले) के रूप—प्र०१—०भाक् का बहुवचन ०भाञ्जि।

तवर्ग अन्तवाले शब्द (Stems in Dentals)

७७—**सुहृद्** (मित्र, शाब्दिक अर्थ—अच्छे हृदय वाला)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० सं०	सुहृत् (२७)	सुहृदौ	सुहृदः
द्वि०	सुहृदम्	,,	,,
तृ०	सुहृदा	सुहृद्भ्याम्	सुहृद्भिः
च०	सुहृदे	,,	सुहृद्भ्यः
पं०	सुहृदः	,,	,,
ष०	,,	सुहृदोः	सुहृदाम्
स०	सुहृदि	,,	सुहृत्सु

(क) नियमित रूप से चलनेवाले अपरिवर्तनशील शब्दों के लिए निम्नलिखित विभक्तियों के रूप स्मरण करने से काम चल जाएगा—प्र०१ और

प्र०, तृ० तथा स० बहु०। जैसे—०जित् (जीतने वाला) के ०जित्, ०जितः, ०जिद्भिः, ०जित्सु। ०मथ् (मारनेवाला) के ०मत्, ०मथः, ०मद्भिः, ०मत्सु। ०वृध् (बढ़ाने वाला) के ०वृत्, वृधः, ०वृद्भिः, ०वृत्सु।

पवर्ग अन्तवाले शब्द (Stems in Labials)

७८—प् और भ् अन्तवाले थोड़े ही शब्द प्राप्त होते हैं। उनके रूप सुहृद् के तुल्य ही चलते हैं।

शब्द	प्र०१	प्र०३	तृ०३	स०३
धर्मगुप् (धर्मरक्षक, पुं०)	०गुप्	०गुपः	०गुब्भिः	०गुप्सु
ककुभ् (दिशा, स्त्री०)	ककुप्	ककुभः	ककुब्भिः	ककुप्सु

तालव्य अन्तवाले शब्द (Stems in Palatals)

७९—तालव्य (च्, ज्, श्) अन्तवाले शब्दों में निम्नलिखित स्थानों पर स्थान-परिवर्तन होता है—शब्द का अन्तिम वर्ण हो या बाद में व्यंजन से प्रारम्भ होनेवाला कोई प्रत्यय हो तो (नि० ६३)। च् को सदा कण्ठ्य वर्ण (क् या ग्) होता है। ज् तथा श् को अधिकांश स्थानों पर कण्ठ्य वर्ण (क् या ग्) होता है, किन्तु कुछ स्थानों पर मूर्धन्य वर्ण (ट्, ड्) भी होता है।

शब्द	प्र०१	प्र०३	तृ०३	स०३
वाच्[1] (वाणी) स्त्री०	वाक्	वाचः	वाग्भिः	वाक्षु (६७)
असृज् (रक्त) नपुं०	असृक्	असृग्जि	असृग्भिः	असृक्षु
रुज् (रोग) स्त्री०	रुक्	रुजः	रुग्भिः	रुक्षु
सम्राज् (सम्राट्) पुं०	सम्राट्	सम्राजः	सम्राड्भिः	सम्राट्सु
दिश् (दिशा) स्त्री०	दिक्	दिशः	दिग्भिः	दिक्षु
विश् (प्रजा) पुं०	विट्	विशः	विड्भिः	विट्सु

(क) वाच् के तुल्य इन शब्दों के रूप चलेंगे—त्वच् (स्त्री०, त्वचा), रुच् (स्त्री०, कान्ति), स्रुच् (स्त्री० स्रुवा), जलमुच् (पुं०, बादल, शब्दार्थ—जल बरसाने वाला)।

(ख) रुज् के तुल्य चलनेवाले शब्द—ऋत्विज् (पुं०, पुरोहित, शब्दार्थ—

---

१. अञ्च् धातु से बने अच् अन्त वाले शब्द परिवर्तनशील हैं (नि० ९३)।

(ऋतुओं में यज्ञ करनेवाला), दणिज् (पुं०, वैश्य), भिषज् (पुं०, वैद्य), स्रज् (स्त्री०, माला), ऊर्ज् (स्त्री०, बल) (प्र० १ में ऊर्क् २८)।

(ग) सम्राज् के तुल्य चलने वाले शब्द—परिव्राज् (पुं०, संन्यासी)।

(घ) दिश् के तुल्य चलने वाले शब्द ०दृश् (देखनेवाला), स्पृश् (छूनेवाला) (समास का अन्तिम शब्द होने पर इनके रूप दिश् के तुल्य चलेंगे)।

मूर्धन्य अन्तवाले शब्द (Stems in Cerebrals)

८०—मूर्धन्य अन्तवाले शब्दों में केवल ष् अन्तवाले शब्द ही प्राप्त होते हैं। ष् को पदस्थानों में ट् या ड् होता है।

शब्द	प्र० १	प्र० ३	तृ० ३	स० ३
द्विष् (शत्रु) पुं०	द्विट्	द्विषः	द्विड्भिः	द्विट्सु
प्रावृष् (वर्षा ऋतु) स्त्री०	प्रावृट्	प्रावृषः	प्रावृड्भिः	प्रावृट्सु

हकारान्त शब्द (Stems in ह्)

८१—अधिकांश हकारान्त शब्दों के ह् को कण्ठ्य (क् या ग्) हो जाता है, यदि ह् अन्तिम वर्ण हो या बाद में व्यंजन प्रारम्भ होने वाला प्रत्यय हो। किन्तु ०लिह् (चाटना) के ह् को मूर्धन्य (ट् या ड्) होता है (नि० ६९ ख) और उपानह् (स्त्री० जूता, शब्दार्थ—जो बांधा जाता है) के ह् को दन्त्य (त् या द्) होता है, उपर्युक्त स्थानों में।

शब्द	प्र० १	प्र० ३	तृ० ३	स० ३
०दुह् (दुहनेवाला)	०धुक्	०दुहः	०धुग्भिः	०धुक्षु (६२)
०द्रुह् (द्रोहकरनेवाला)	०ध्रुक्	०द्रुहः	०ध्रुग्भिः	०ध्रुक्षु
उष्णिह् (स्त्री०, वैदिक छन्द)	उष्णिक्	उष्णिहः	उष्णिग्भिः	उष्णिक्षु
मधुलिह् (पुं०, शहद की मक्खी)	०लिट्	०लिहः	०लिड्भिः	०लिट्सु
उपानह् (स्त्री०, जूता)	उपानत्	०नहः	०नद्भिः	०नत्सु

रकारान्त शब्द[1] (Stems in र्)

८२—प्रथमा एक० में जब र् अन्तिम वर्ण होता है तो उसको विसर्ग हो जाता है, सप्तमी बहु० सु बाद में हो तो र् रहेगा (नि० ५०)। र् से पूर्ववर्ती

---

१. अन्तःस्थ य्, व्, ल् अन्तवाले कोई शब्द नहीं हैं।

इ या उ को दीर्घ हो जाता है, जब र् अन्तिम वर्ण हो या उसके बाद कोई व्यंजन हो तो।

शब्द	प्र०१	प्र०३	तृ०३	स०३
द्वार् (स्त्री०,द्वार)	द्वाः	द्वारः	द्वार्भिः	द्वार्षु (६७)
गिर् (स्त्री०,वाणी)	गीः	गिरः	गीर्भिः	गीर्षु
पुर् (स्त्री०नगर)	पूः	पुरः	पूर्भिः	पूर्षु

सकारान्त शब्द (Stems in स्)

८३—प्रायः सारे सकारान्त शब्द कृत्-प्रत्यय अस्, इस्, उस् से बनते हैं और प्रायः नपुं० होते हैं। नपुं०, प्र०, सं०, द्वि० के बहु० में न् का आगम होने से पहले अन्तिम स्वर को दीर्घ हो जाता है। पुं० और स्त्री० में आनेवाले प्रायः सभी सकारान्त शब्द समस्त होते हैं और विशेषण के रूप में आते हैं। सकारान्त शब्द उनका अन्तिम शब्द होता है। इन स्थानों पर प्र०१ में अस् के अ को दीर्घ हो जाता है।

यथा—**यशस्** (नपुं०, यश), **हविस्** (नपुं०, हवि); **आयुस्** (नपुं०, आयु)।

एकवचन

प्र०सं०द्वि०	यशः	हविः	आयुः
तृ०	यशसा	हविषा (६७)	आयुषा (६७)
च०	यशसे	हविषे	आयुषे
पं० ष०	यशसः	हविषः	आयुषः
स०	यशसि	हविषि	आयुषि

द्विवचन

प्र० सं० द्वि०	यशसी	हविषी	आयुषी
तृ० च० पं	यशोभ्याम् (४५, २)	हविर्भ्याम्(४४)	आयुर्भ्याम्
ष० स०	यशसोः	हविषोः	आयुषोः

बहुवचन

प्र० सं० द्वि०	यशांसि(६६, २)	हवींषि	आयूंषि
तृ०	यशोभिः	हविर्भिः	आयुर्भिः

च० पं०	यशोभ्यः	हविर्भ्यः	आयुर्भ्यः
ष०	यशसाम्	हविषाम्	आयुषाम्
स०	यशःसु	हविःषु (६७)	आयुःषु (६७)

क—**सुमनस्** (प्रसन्नचित्त शब्द का पुं० प्र०१ में सुमनाः (सं० सुमनः) रूप बनता है, नपुं० प्र०१ में सुमनः बनेगा। **दीर्घायुस्** का सभी लिंगों में प्र०१ में दीर्घायुः रूप ही बनता है। इसी प्रकार **अङ्गिरस्** (पुं०, ऋषि का नाम), **उशनस्** (पुं०, ऋषि का नाम) और **उषस्** (स्त्री०, ऊषा) के प्र०१ में अङ्गिराः, उशनाः (उशना भी) और उषाः रूप बनते हैं।

ख—**आशिस्**[1] (स्त्री०, आशीर्वाद) शब्द के इ को दीर्घ ई हो जाती है (जैसे—इर् अन्तवाले शब्दों में) प्र०१ में तथा व्यंजन से प्रारम्भ होने वाले (हलादि) प्रत्यय बाद में होंगे तो। प्र०१—आशीः, प्र०३—आशिषः, तृ०३—आशीर्भिः, स०३—आशीःषु।

ग—**दोस्**—(नपुं०, बाहु) शब्द के रूप नियमित ढंग से चलते हैं। प्र०१—दोः, प्र०२—दोषी, तृ०३—दोर्भिः, स०३—दोःषु।

१ (आ) परिवर्तनशील शब्द (Changeable Stems)

८४—त्, न्, स् और च् अन्तवाले शब्दों में नियमित रूप से परिवर्तन होता है। त् अन्तवाले शब्द हैं—अत् (मत् और वत्) प्रत्ययान्त शब्द। न् अन्तवाले—अन् (मन् और वन्) प्रत्ययान्त, इन् (मिन् और विन्) प्रत्ययान्त। स् अन्तवाले—यस् (तुलनार्थक प्रत्यय), वस् (लिट् के स्थान पर होनेवाला क्वसु प्रत्यय)। च् अन्तवाले—अच् (यह वस्तुतः अञ्च् धातु है, जिसका अर्थ है झुकना)।

अत् (८५-८६), इन् (८७), यस् (८८) अन्तवाले शब्दों में दो भेद होते हैं—सर्वनामस्थान (strong), पदस्थान (weak)। अन् (९०-९२), वस् (८९) और अच् (९३) अन्तवाले शब्दों के तीन भेद होते हैं—सर्वनामस्थान (strong), पदस्थान (middle), भस्थान (weakest) (७३)।

---

१. आशिस् शब्द इस् प्रत्यय लगाकर नहीं बनता है, अपितु आ उपसर्ग के साथ शास् धातु का रूप है। इसमें शास् के आ को इ हो जाता है।

दो अंगवाले संज्ञा-शब्द (Nouns with two stems)

८५—(१) अत् अन्तवाले शब्द वर्तमान काल के शतृ और भविष्यत् काल के स्य+शतृ (१५६) से बने हुए पुं० और नपुं० शब्द होते हैं।[1] सर्वनामस्थान में अत् का अन्त् रहेगा, अन्यत्र अत् रहेगा।[2] जैसे—अद्+अत् (शतृ) (खाता हुआ) के दो अंग हैं—अदन्त् और अदत्।

अदत्—पुंलिंग

	एक०	द्वि०	बहु०
प्र० सं०	अदन्	अदन्तौ	अदन्तः
द्वि०	अदन्तम्	,,	अदतः
तृ०	अदता	अदद्भ्याम्	अदद्भिः
च०	अदते	,,	अदद्भ्यः
पं०	अदतः	,,	,,
ष०	,,	अदतोः	अदताम्
स०	अदति	,,	अदत्सु

नपुंसकलिंग

प्र०, द्वि०	अदत्	अदती	अदन्ति

क—**महत्** (महान्, मूलरूप में यह शतृ-प्रत्ययान्त रूप था[3]) के सर्वनामस्थान (पंचस्थान) में अत् को आन्त् हो जाता है।

प्र०१	महान्	प्र०३ पुं०	महान्तः	प्र०३ नपुं०	महान्ति
द्वि०१	महान्तम्		महतः		
तृ०	महता		महद्भिः		
सं०१	महन्	स०३	महत्सु		

८६—मत्वर्थक (रखने वाला, वाला अर्थ) मत् और वत् प्रत्यय से बने विशेषण-शब्दों के रूपों में शतृ (अत्)—प्रत्ययान्त रूपों से केवल एक स्थान

१. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखें नियम ९५।

२, लेटिन और ग्रीक में सर्वत्र न् रहने से यह भेद प्राप्त नहीं होता है। जैसे—लेटिन में edentis।

३. महत् शब्द मह् (मूलरूप में मघ्) धातु से बना है। तुलना करो—लेटिन—Mag-nus।

पर पुंलिग में अन्तर होता है, वह है—पुं० प्र०१ में अत् का आन् हो जाएगा। शेष रूप शतृ-प्रत्ययान्त के तुल्य चलेंगे। जैसे—**अग्निमत्** (पुं० नपुं०, यज्ञिय अग्नि को धारण करने वाला)[1]।

प्र०१ पुं०	अग्निमान्	प्र०३ ०मन्तः	नपुं० ०मन्ति
द्वि०	अग्निमन्तम्	०मतः	
सं०	अग्निमन्	स०३ ०मत्सु	

२—ज्ञानवत् (पुं० और नपुं०, **ज्ञानवान्**)[2]

प्र०१ पुं०	ज्ञानवान्	प्र०३	ज्ञानवन्तः	नपुं० ०वन्ति
द्वि०२	ज्ञानवन्तम्	द्वि०३	ज्ञानवतः	

(क) भवत् शब्द जब शतृ-प्रत्ययान्त भू धातु से बना हुआ होगा तो उसके रूप अदत् के तुल्य चलेंगे। इसमें सारे रूपों में प्रथम स्वर पर उदात्त स्वर रहेगा। इसका अर्थ होगा—होता हुआ। किन्तु 'आप' अर्थ वाले भवत् शब्द के रूप ज्ञानवत् के तुल्य चलेंगे। यह मत् अन्तवाले शब्दों के तुल्य माना जाएगा। प्र०१ भवान्, द्वि०१ भवन्तम्। सं०१ में भवन् के अतिरिक्त एक अनियमित रूप भोः (नि० ४९) (आप) भी बनता है। यह प्राचीन भवस् का ही संक्षिप्त रूप है।

(ख) **कियत्** (कितना), **इयत्** (इतना) के रूप ज्ञानमत् के ही तुल्य चलते हैं।

प्र०१	कियान्	प्र०३ कियन्तः	नपुं० कियन्ति
द्वि०१	कियन्तम्	द्वि०३ कियतः	

८७—(२) पुं० और नपुं० में मत्वर्थक (रखनेवाला) इन् प्रत्यय से बने हुए विशेषण-शब्द बहुत अधिक हैं। ये शब्द अकारान्त शब्दों से इन् प्रत्यय लगाकर बनते हैं। जैसे—बल (शक्ति) से (बलवान्)। निम्नलिखित स्थानों पर ऐसे शब्दों के अन्तिम न् का लोप हो जाता है—पदस्थान (भ्याम् आदि), नपुंसकलिंग में प्र०१ और द्वि०१ पुं०। प्र०१ में इ को दीर्घ ई हो जाती है

---

१. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखें नियम ९५।

२. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखें नियम ९५।

और अन्तिम न् का लोप होता है। नपुं० प्र०, सं० और द्वि० के बहु० में इ को दीर्घ ई होता है। जैसे—**धनिन्** (धनवान्)—

पुंलिंग

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	धनी	धनिनः
द्वि०	धनिनम्	,,
तृ०	धनिना	धनिभिः
सं०	धनिन्	

नपुंसकलिंग

	एकवचन	बहुवचन
प्र० द्वि०	धनि	धनीनि
सं०	धनि, धनिन्	

(क) मिन् और विन् प्रत्यय भी मत्वर्थ में होते हैं। इनके रूप भी इन्-प्रत्ययान्त के तुल्य चलेंगे। जैसे—मनस्विन् (मनस्वी), वाग्मिन् (वाच्+मिन्, उत्तम वक्ता)। स्वामिन् (पुं० स्वामी, शब्दार्थ—धन का स्वामी) के रूप संज्ञाशब्द के तुल्य चलते हैं।

८८—(३) तुलनार्थक ईयस् (पुं० और नपुं०)[1]—प्रत्ययान्त को पंचस्थानों में ईयस् हो जाता है। जैसे—**गरीयस्**—(गुरु+ईयस्, गुरुतर)—

पुंलिंग

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	गरीयान्	गरीयांसः
सं०	गरीयन्	—
द्वि०	गरीयांसम्	गरीयसः
तृ०	गरीयसा	गरीयोभिः

नपुंसकलिंग

प्र० द्वि०	गरीयः	गरीयसी	गरीयांसि

तीन अंगों वाले संज्ञा शब्द (Nouns with three stems)

८९—(१) लिट् के स्थान पर होनेवाले क्वसु (वस्)[1] प्रत्यय से बने हुए पुं० नपुं० शब्दों के तीन अंग होते हैं—पंचस्थान में वांस्, पदस्थान में वत्[2] और भस्थान में उष् (नि० ६७ और १५७)। जैसे—**चकृवस्**[3] (कृ+वस्, जिसने काम कर लिया है)—

	चकृवस्	**पुंलिंग**	
प्र०	चकृवान्	चकृवांसौ	चकृवांसः
सं०	चकृवन्	,,	,,
द्वि०	चकृवांसम्	चकृवांसौ	चकृषः
तृ०	चकृषा	चकृवद्भ्याम्	चकृवद्भिः
स०	चकृषि	चकृषोः	चकृवत्सु
		नपुंसकलिंग	
प्र०	चकृवत्	चकृषी	चकृवांसि

(क) वस्-प्रत्ययान्त कुछ शब्दों में बीच में इ का आगम भी होता है। जहाँ पर वस् को उस् होता है वहाँ पर इ का लोप हो जाता है। जैसे—तस्थिवस् का प्र०१ में तस्थिवान्, किन्तु तृ०१ में तस्थुषा।

(ख) इस प्रकार के कुछ उपयुक्त शब्दों के रूप नीचे दिए जा रहे हैं। (१५७)

धातु	अर्थ	शब्द	प्र०१	प्र०३	द्वि०३	तृ० ३
स्था	रुकना	**तस्थिवस्**	तस्थिवान्	तस्थिवांसः	तस्थुषः	तस्थिवद्भिः
नी	ले जाना	**निनीवस्**	निनीवान्	निनीवांसः	निन्युषः	निनीवद्भिः

---

१. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखें नियम ९५।

२. वैदिक काल में भ् से पूर्व स् को त् होना प्रारम्भ हो गया था। बाद में वही स०३ में तथा नपुं० प्र० और द्वि०१ में भी होने लगा। वस् ही अनुदात्त वाले स्थानों पर उस् होता है (नि० १३७, २ ग)।

३. व्याकरण के प्रारम्भिक छात्र वस्-प्रत्ययान्त रूपों में तथा तवत्-प्रत्ययान्त रूपों में कुछ स्थानों पर भ्रम करते हैं, क्योंकि दोनों का प्र०१ में वान् अन्त में रहता है। जैसे—कृ+तवत् के रूप होंगे—पुं० प्र०१ कृतवान् (किया), द्वि०१ कृतवन्तम् (नि० १६१)।

धातु	अर्थ	शब्द	प्र०१	प्र०३	द्वि०३	तृ०३
भू	होना	**बभूवस्**	बभूवान्	बभूवांसः	बभूवुषः	बभूवद्भिः
तन्	फैलाना	**तेनिवस्**	तेनिवान्	तेनिवांसः	तेनुषः	तेनिवद्भिः
हन्	मारना	**जघ्निवस्**	जघ्निवान्	जघ्निवांसः	जघ्नुषः	जघ्निवद्भिः
गम्	जाना	**जगन्वस्**[1]	जगन्वान्	जगन्वांसः	जग्मुषः	जगन्वद्भिः
गम्	जाना	**जग्मिवस्**	जग्मिवान्	जग्मिवांसः	,,	जग्मिवद्भिः
विद्	जानना	**विद्वस्**[2]	विद्वान्	विद्वांसः	विदुषः	विद्वद्भिः

९०—(२) अन् (मन् तथा वन् भी) अन्तवाले पुंलिग तथा नपुं०[3] शब्दों में पंचस्थान में अन् का आन्, भ-स्थान में अन् का न् और पदस्थान में अन् का अ रहेगा। पुं० प्र०१ में अन् का आ शेष रहेगा, अन्तिम न् का लोप हो जाता है। स०१ तथा नपुंसक० प्र० सं० और द्वि० के द्विवचन में अन् के अ का लोप विकल्प से होता है। यदि मन् और वन् से पूर्ववर्ती कोई व्यंजन होगा तो भस्थानों में अन् के अ का लोप नहीं होगा, अर्थात् अन् ही रहेगा।

सामान्यतया एक साथ तीन व्यंजनों का होना निषिद्ध है। तथापि जिन शब्दों में साधारण अन् लगा हुआ है, उनमें तीन व्यंजन भी पाये जाते हैं। जैसे—आत्मना में दो व्यंजन हैं, किन्तु तक्ष्णा और मूर्ध्ना में तीन व्यंजन हैं। अन् अन्तवाले शब्दों के उदाहरण—

१—**राजन्** (राजा) पुं०

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	राजा	राजानः
सं०	राजन्	,,
द्वि०	राजानम्	राज्ञः
तृ०	राज्ञा	राजभिः
स०	राज्ञि, राजनि	राजसु

२—**नामन्** (नाम), नपुं० (लेटिन—No-men)

प्र०, द्वि०,	नाम	नाम्नी, नामनी	नामानि
सं०	नाम, नामन्	,,	,,

१. म् के स्थान पर न् के लिए देखें नियम ६८।

२. विद्वस् में धातु को द्वित्व नहीं होता। ग्रीक में भी ऐसा ही है।

३. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखें नियम ९५।

तृ०	नाम्ना	नामभ्याम्	नामभिः
स०	नाम्नि, नामनि	नाम्नोः	नामसु

३—**ब्रह्मन्** (ब्रह्मा) पुं०

(इसमें अन् के अ का लोप नहीं होगा।)

प्र०	ब्रह्मा	ब्रह्माणः
सं०	ब्रह्मन्	,,
द्वि०	ब्रह्माणम् (६५)	ब्रह्मणः
तृ०	ब्रह्मणा	ब्रह्मभिः

४—**ग्रावन्** (पत्थर) पुं०

प्र०	ग्रावा	ग्रावाणः
द्वि०	ग्रावाणम्	ग्राव्णः
तृ०	ग्राव्णा	ग्रावभिः

२—(क)—**अन् अन्तवाले अपवाद** (**Irregular stems in अन्**)

९१—(१) **पन्थन्** (मार्ग) पुं० का पंचस्थान में पन्थान्, पदस्थान में पथि, भस्थान में पथ् रूप रहता है। प्र०१ में अनियमित रूप से स्[1] लगता है—

प्र०	पन्थाः	पन्थानः
द्वि०	पन्थानम्	पथः
तृ०	पथा	पथिभिः

(२) **अहन्** (दिन) नपुं० (पदस्थान में अहस् होगा)—

प्र०,सं०,द्वि०	अहः[2]	अह्नी, अहनी	अहानि
तृ०	अह्ना	अहोभ्याम्	अहोभिः
स०	अह्नि, अहनि	अह्नोः	अहःसु

---

१. इस स् का कारण यह है कि प्राचीन भाषा में इस शब्द के रूप दो प्रकार से चलते थे—(१) पन्था शब्द—प्र०१ पन्थाः, द्वि०१ पन्थाम्। (२) पन्थान् शब्द—प्र०१ पन्था, द्वि० पन्थानम्।

२. प्र०, सं०, द्वि० के एक० में न् का विसर्ग रहता है और समास में जब अहन् पहला शब्द होगा तो इसे अहर् माना जाता है (४६)। अतः अहरहः (प्रतिदिन), अहर्गणः (दिनों का समूह)। अहोरात्र (पुं०, नपुं०) (दिन और रात) में न् को र् नहीं होता।

(३) **श्वन्** (कुत्ता) पुं० भस्थानों में श्वन् का शुन्[1] रहेगा। व् को सम्प्रसारण होकर उ हो जाता है। शेष स्थानों पर राजन् के तुल्य रूप होंगे।

प्र०	श्वा	श्वानः
सं०	श्वन्	,,
द्वि०	श्वानम्	शुनः
तृ०	शुना	श्वभिः

(४) **युवन्** (युवा) पुं० (लेटिन—juven-is) का भस्थानों में यून् रूप हो जाता है। इसको सम्प्रसारण और सवर्ण दीर्घ होकर (यु+उन्) यून् बनता है। (तुलना करो लेटिन—jun-ior) :—

प्र०	युवा	युवानः
सं०	युवन्	,,
द्वि०	युवानम्	यूनः
तृ०	यूना	युवभिः

(५) **मघवन्** (इन्द्र, शब्दार्थ—समृद्धियुक्त) पुं० का भस्थानों में सम्प्रसारण और एकादेश होकर मघोन्[2] रूप रहता है:—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	मघवा	मघवानः
सं०	मघवन्	,,
द्वि०	मघवानम्	मघोनः
तृ०	मघोना	मघवभिः

९२—हन् (मारना) धातु जब समस्त पद के अन्त में संज्ञा शब्द के तुल्य होती है, तब अधिकांश में इसके रूप अन् अन्तवाले शब्दों के तुल्य चलते हैं। पंचस्थानों में हन् (प्र० १ में हन् का हा), पदस्थानों में ह और भस्थानों में घ्न् रहेगा।

---

१. ग्रीक में भी इसी प्रकार Śunaḥ रूप बनता है।

२. इसके मघवत् वाले रूप भी मिलते हैं। जैसे—प्र० १ मघवान्, ष० १ मघवतः।

ब्रह्महन् (ब्राह्मण को मारनेवाला) पुं०

प्र०	ब्रह्महा	ब्रह्महणः
सं०	ब्रह्महन्	,,
द्वि०	ब्रह्महणम् (६५)	ब्रह्मघ्नः[1]
तृ०	ब्रह्मघ्ना	ब्रह्महभिः
स०	ब्रह्मघ्नि, ब्रह्महणि	ब्रह्महसु

३—अच् अन्तवाले विशेषण शब्द (Adjectives in अच्)

९३—इन शब्दों का अर्थ[2] प्रायः "ओर" शब्द के द्वारा प्रकट किया जाता है। अच् अन्तवाले शब्दों का पंचस्थान में अञ्च्, पदस्थानों में अच् और भस्थानों में य् पहले होगा तो अच् को ईच् और व् पहले होगा तो अच् को ऊच् होगा।[3]

प्रत्यच् (पीछे की ओर, पश्चिम की ओर) पुं०, नपुं०[4]

पुंलिंग

प्र०, सं०	प्रत्यङ् (६१)	प्रत्यञ्चौ	प्रत्यञ्चः
द्वि०	प्रत्यञ्चम्	,,	प्रतीचः
तृ०	प्रतीचा	प्रत्यग्भ्याम्	प्रत्यग्भिः
स०	प्रतीचि	प्रतीचोः	प्रत्यक्षु (३०,६७)

नपुंसकलिंग

प्र०, द्वि०	प्रत्यक्	प्रतीची	प्रत्यञ्चि

---

१. यहाँ पर न् को ण् (६५) सम्भवतः इसलिए नहीं होता है, क्योंकि न् से पहले कवर्ग वर्ण घ् है।

२. ये शब्द वस्तुतः अञ्च् (झुकना) धातु से बने हुए समस्त पद हैं, किन्तु यह अञ्च् धातु प्रयोग में प्रत्यय का स्थान धारण किए हुए है।

३. यच् और वच् को सम्प्रसारण होने पर इच् और उच् होगा। यहाँ पर अनियमित रूप से जो दीर्घ ई या ऊ दिखाई पड़ता है, उसका कारण यह प्रतीत होता है कि यहाँ पर सम्प्रसारण अन्तरंग न होकर बहिरंग है और वह समास के संधिस्थल पर है। यदि सम्प्रसारण होकर स्वर ह्रस्व इ या उ होता तो ऐसा प्रतीत होत कि यह अलग अञ्च् धातु न होकर कोई च् प्रत्यय लगा है जैसे—प्रतिच्, अनुच् अतएव शब्द के अन्तिम स्वर को दीर्घ किया गया है।

४. स्त्री-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए देखो नियम (९५)।

(क) इसी प्रकार चलने वाले अन्य शब्द—

पंचस्थान	पदस्थान	नस्थान
न्यञ्च् (नीचे की ओर)	न्यक्	नीच्
सम्यञ्च् (ठीक)	सम्यक्	समीच्
तिर्यञ्च् (तिरछा)	तिर्यक्	तिरश्च्[1]
उदञ्च् (ऊपर की ओर)	उदक्	उदीच्[2]
अन्वञ्च् (पीछे की ओर)	अन्वक्	अनूच्
विष्वञ्च् (चारों ओर व्याप्त)	विष्वक्	विषूच्

(ख) पराच् (हटाया हुआ), प्राच् (आगे पूर्वी) और अवाच् (नीचे की ओर, दक्षिणी) शब्दों के दो अंग होते हैं। पंचस्थानों में क्रमशः पराञ्च्, प्राञ्च् और अवाञ्च् तथा पदस्थानों में पराच्, प्राच् और अवाच् होते हैं।

प्राच्—पुंलिंग

प्र०, सं०	प्राङ् (६१)	प्राञ्चः
द्वि०	प्राञ्चम्	प्राचः
तृ०	प्राचा	प्राग्भिः
स०	प्राचि	प्राक्षु

९४—परिवर्तनशील शब्दों के विषय में प्रारम्भिक छात्रों के लिए निम्नलिखित संकेत विशेष उपयोगी होंगे :—

१—अत् और अच् अन्तवाले शब्दों को छोड़कर शेष प्रत्ययान्त शब्दों के पुं० प्र०१ में स्वर को दीर्घ हो जाता है। जैसे—अग्निमत्—अग्निमान्, ज्ञानवत्—ज्ञानवान्, गरीयस्—गरीयान्, चक्रवस्—चक्रवान्, राजन्—राजा, ब्रह्मन्—ब्रह्मा, युवन्—युवा, धनिन्—धनी, वाग्मिन्—वाग्मी, मनस्विन्—मनस्वी। किन्तु अदत् का अदन् और प्रत्यच् का प्रत्यङ् बनेगा।

२—परिवर्तनशील शब्दों का पुं० प्र० १ में अन्त में नासिक्य वर्ण (पंचम

---

१. तिरस् (तुलना करो लेटिन—trans)+अच् (पार जाना, तिरछा जाना) से तिर्यञ्च् बनता है। इसका पुं० और नपुं० संज्ञा शब्द होने पर पशु अर्थ होता है।

२. यहाँ पर अ से पहले य् नहीं है, फिर भी सादृश्य के आधार पर ई हो जाती है।

वर्ण) रहेगा, किन्तु न् अन्तवाले (अन्, मन्, वन्, इन्, मिन्, विन्) शब्दों में अन्तिम स्वर को दीर्घ हो जाएगा और न् का लोप होगा।

३—सभी परिवर्तनशील शब्द जिनके पुं० प्र०१ में स्वर को दीर्घ होता है, उनके संबोधन एक० में ह्रस्व स्वर रहेगा और अन्तिम न् का लोप नहीं होगा। जैसे—अग्निमत्—सं० १ अग्निमन्। इसी प्रकार ज्ञानवन्, गरीयन्, चक्रवन्, राजन्, ब्रह्मन्, युवन्, धनिन्, वाग्मिन्, मनस्विन्।

(क) परिवर्तनशील अन्य शब्दों में प्र०१ और सं०१ में केवल अन्तर यह रहता है कि सं०१ में प्रथम स्वर पर ही उदात्त स्वर रहेगा और प्र०१ में अन्तिम स्वर पर उदात्त रहता है। जैसे—अदन्—(सं०१),—अदन् (प्र०१), प्रत्यङ् (सं०१), प्रत्यङ् (प्र०१)।

९५—स्त्रीप्रत्ययान्त रूप बनाना (Formation of the Feminine stems) परिवर्तनशील शब्दों को स्त्रीप्रत्ययान्त स्त्रीलिंग शब्द बनाने के लिए उनके अन्त में ई लगाया जाता है और इनके रूप नदी (१००) के तुल्य चलते हैं। दो अंग वाले शब्दों में अपंचस्थान वाले अंग में ई लगेगा तथा तीन अंग वाले शब्दों में भस्थानवाले अंग में ई लगेगा। जैसे—अदत्—अदती, अग्निमत्—अग्निमती, ज्ञानवत्—ज्ञानवती, धनिन्—धनिनी, वाग्मिन्—वाग्मिनी, मनस्विन्—मनस्विनी, गरीयस्—गरीयसी, चक्रवस्—चक्रुषी, राजन्—राज्ञी (रानी), ०नामन्—०नाम्नी (नामवाली, विशेषण), श्वन्—शुनी (कुतिया), ०हन्—०घ्नी (मारनेवाली), प्रत्यच्—प्रतीची, प्राच्—प्राची।

(क) शतृ—(अत्)—प्रत्ययान्त शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द इस प्रकार बनते हैं:—भ्वादिगण, दिवादि०, तुदादि०, चुरादि० (१२५) वाली धातुओं में पंचस्थानवाले पुं० के रूप अन्त् (१५६) में ई लगेगा, अर्थात् अत् का अन्ती रूप होगा। शेष गणों की धातुओं में केवल ई लगेगा, अर्थात् अत् का अती रूप होगा जैसे—भवत्—भवन्ती (होती हुई)[1], तुदत्—तुदन्ती[2] (दुःख देती हुई), दीव्यत्—दीव्यन्ती (खेलती हुई), चोरयत्—चोरयन्ती (चुराती हुई)।

---

१. किन्तु भवत् (आप) शब्द का स्त्रीलिंग में भवती बनेगा (८६ क)।

२. यदि धातु का अंग उदात्त अ से समाप्त होता है तो विकल्प से अती वाला भी रूप बनेगा और अन्तिम ई पर उदात्त स्वर रहेगा। जैसे—तुदत्—तुदती, भविष्यत्—भविष्यती भी रूप बनेगा।

किन्तु निम्नलिखित धातुओं में केवल अती लगेगा—जुह्वत्—जुह्वती (हवन करती हुई), युञ्जत्—युञ्जती (जोड़ती हुई), सुन्वत्—सुन्वन्ती (रस निचोड़ती हुई), कुर्वत्—कुर्वती (करती हुई), क्रीणत्—क्रीणती (खरीदती हुई)।

(ख) भविष्यत् स्य से शतृ-प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिंग भी शतृ-प्रत्ययान्त के तुल्य ही बनता है। जैसे—भविष्यत्—भविष्यन्ती[1] (होनेवाली), करिष्यत्—करिष्यन्ती (करने-वाली)।

(ग) वन् अन्तवाले कुछ विशेषण शब्दों का स्त्रीलिंग शब्द ०वरी अन्त वाला रूप बनता है। जैसे—पीवन् (मोटा)—पीवरी (मोटी)। युवन्(युवक) (९१,४) के दो स्त्रीप्रत्ययान्त रूप बनते हैं—युवति, युवती।

परिवर्तनशील शब्दों के अपवाद संज्ञा शब्द
(Irregular Nouns with changeable stems)

९६—(१) **अप्** (स्त्री०, जल) शब्द सदा स्त्रीलिंग है। प्र० और सं० में अ को आ हो जाता है तथा भ् बाद में होने पर प् को त् (द्) होता है। प्र०३ आपः, द्वि०३ अपः, तृ० ३ अद्भिः, स० ३ अप्सु।

(२) **अनड्वह्** (पुं०, बैल, शब्दार्थ—अनस्+वह्, गाड़ी ढोनेवाला) के तीन अंग होते हैं:—(१) पंचस्थानों में अन्तिम स्वर को दीर्घ होने से अनड्-वाह्, (२) पदस्थानों में अनडुत् (अनडुड् को असवर्ण करने से, नि०२७), (३) भस्थानों में सम्प्रसारण करने से व् को उ होकर अनडुह् होगा। प्रथमा और सम्बोधन अनियमित रूप से बनते हैं, अर्थात वत् अन्तवाले शब्दों के तुल्य रूप होंगे।

प्र०	अनड्वान्	अनड्वाहः
सं०	अनड्वन्	,,
द्वि०	अनड्वाहम्	अनडुहः
तृ०	अनडुहा	अनडुद्भिः
स०	अनडुहि	अनडुत्सु

(३) **पुमंस्**[2] (पुं०, आदमी) शब्द के तीन अंग होते हैं—पंचस्थानों में

१. दे० पादटिप्पणी संख्या २, पृ० ५२।

२. यह सम्भवतः पुं+मस् का प्राचीन समस्त रूप है। लेटिन में भी पुरुष अर्थ में मास् शब्द मिलता है। उसका ही समकक्ष मस् शब्द होगा।

पुमांस्, भस्थान में वर्ण-लोप होकर पुंस् और पदस्थान में पुम् (अन्तिम स् का लोप हो जाता है, नियम २८ और १६ क) :—

प्र०	पुमान् (नि० ८९, १)	पुमांसः
सं०	पुमन्	,,
द्वि०	पुमांसम्	पुंसः
तृ०	पुंसा	पुंभिः
स०	पुंसि	पुंसु

२—अजन्त शब्द (Stems ending in vowels)

९७—(अ) अकारान्त (पुं० और नपुं०) और आकारान्त[1] (स्त्री०) शब्दः—जैसे—**कान्त**[2] (प्रिय, कम् धातु का क्त-प्रत्ययान्त रूप)—

एकवचन

	पुंलिग	नपुं०	स्त्री०
प्र०	कान्तः	कान्तम्	कान्ता
सं०	कान्त	कान्त	कान्ते[3]
द्वि०	कान्तम्	कान्तम्	कान्ताम्
तृ०	कान्तेन	कान्तेन	कान्तया[4]
च०	कान्ताय	कान्ताय	कान्तायै[5]
पं०	कान्तात्[6]	कान्तात्	कान्तायाः

---

१. यह अ ग्रीक अस्, अन् (-os, -on) लेटिन् अस् (-us) अम् (-um) का समकक्ष है। आ ग्रीक आ और लेटिन आ का समकक्ष है।

२. कुछ अः, आ, अम् अन्त वाले विशेषण शब्दों के रूप सर्वनाम शब्दों के तुल्य चलते हैं (११०)।

३. अम्बा (माता) का सं० अम्ब होता है।

४. ये सुप् (अन्तिम अंश) मूलरूप में सर्वनाम शब्दों के रूपों से आए हैं। (११०)

५. स्त्रीलिंग शब्दों के ये अन्त्य अवयव ईकारान्त (मूलरूप में या अन्त वाले) स्त्रीलिंग शब्दों के प्रभाव से आए हैं। जैसे—नद्यै, नद्याः, नद्याम् (नि० १००) के अनुकरण पर इन शब्दों में यै (या+ए), याः (या+अस्) और याम् लगे हैं।

६. अन्तिम अवयव आत् लेटिन और ग्रीक में भी प्राप्त होता है।

ष०	कान्तस्य	कान्तस्य	कान्तायाः
स०	कान्ते	कान्ते	कान्तायाम्

द्विवचन

	पुं०	नपुं०	स्त्री०
प्र०सं०द्वि०	कान्तौ	कान्ते	कान्ते
तृ०च०पं०	कान्ताभ्याम्	कान्ताभ्याम्	कान्ताभ्याम्
ष० स०	कान्तयोः	कान्तयोः	कान्तयोः

बहुवचन

प्र० सं०	कान्ताः	कान्तानि[1]	कान्ताः
द्वि०	कान्तान्[2]	कान्तानि	,,
तृ०	कान्तैः[3]	कान्तैः	कान्ताभिः
च० पं०	कान्तेभ्यः	कान्तेभ्यः	कान्ताभ्यः
ष०	कान्तानाम्	कान्तानाम्	कान्तानाम्
स०	कान्तेषु	कान्तेषु	कान्तासु

९८—(ख) इकारान्त और उकारान्त (पुं०, स्त्री०, नपुं०) शब्द :—

शुचि (पवित्र)			एकवचन	मृदु (कोमल)		
	पुं०	स्त्री	नपुं०	पुं०	स्त्री०	नपुं०
प्र०	शुचिः	शुचिः	शुचि	मृदुः	मृदुः	मृदु
सं०	शुचे	शुचे	शुचि	मृदो	मृदो	मृदु
द्वि०	शुचिम्	शुचिम्	शुचि	मृदुम्	मृदुम्	मृदु
तृ०	शुचिना	शुच्या	शुचिना	मृदुना	मृद्वा	मृदुना
च०	शुचये	शुच्यै[4]	शुचिने	मृदवे	मृद्वै	मृदुने

१. अन् अन्त वाले शब्दों के प्रभाव के कारण आनि और नाम् अन्त में लगते हैं। जैसे—नामन् का नामानि और आत्मन् का आत्मनाम्।

२. मूलरूप में यह अन्तिम अंश आंस् था (नि० ३६ आ पाद-टिप्पणी १)। गाथिक और ग्रीक में आंस् (-ans) ही मिलता है।

३. यह अन्तिम अवयव ऐः कुछ ग्रीक शब्दों की चतुर्थी में प्राप्त होता है।

४. देखो नियम ९७ पाद-टिप्पणी ५।

पं० ष०	शुचेः	शुच्याः	शुचिनः	मृदोः	मृद्वाः	मृदुनः
स०	शुचौ[1]	शुच्याम्	शुचिनि	मृदौ	मृद्वाम्	मृदुनि

द्विवचन

	पुंलिंग	स्त्री०	नपुं०	पुं०	स्त्री०	नपुं०
प्र०सं०द्वि०	शुची	शुची	शुचिनी	मृदू	मृदू	मृदुनी
तृ०च०पं०	शुचिभ्याम्	शुचिभ्याम्	शुचिभ्याम्	मृदुभ्याम्	मृदुभ्याम्	मृदुभ्याम्
ष० सं०	शुच्योः	शुच्योः	शुचिनोः	मृद्वोः	मृद्वोः	मृदुनोः

बहुवचन

प्र० सं०	शुचयः	शुचयः	शुचीनि	मृदवः	मृदवः	मृदूनि
द्वि०	शुचीन्	शुचीः	,,	मृदून्	मृदूः	मृदूनि
तृ०	शुचिभिः	शुचिभिः	शुचिभिः	मृदुभिः	मृदुभिः	मृदुभिः
च० पं०	शुचिभ्यः	शुचिभ्यः	शुचिभ्यः	मृदुभ्यः	मृदुभ्यः	मृदुभ्यः
ष०	शुचीनाम्	शुचीनाम्	शुचीनाम्	मृदूनाम्	मृदूनाम्	मृदूनाम्
स०	शुचिषु	शुचिषु	शुचिषु	मृदुषु	मृदुषु	मृदुषु

(क) सभी नपुंसक विशेषण शब्दों(संज्ञा शब्द नहीं) के रूप(प्र० सं० द्वि० सभी वचन के अतिरिक्त) सर्वत्र पुंलिंग शब्दों के तुल्य भी चलते हैं तथा स्त्रीलिंग विशेषण और संज्ञा शब्दों के रूप च०, पं०, ष० और स० के एकवचन में पुंलिंग की तरह भी चलते हैं। जैसे—मति (बुद्धि, स्त्री०) के स०१ में मत्याम् और मतौ रूप होंगे, किन्तु वारि (नपुं० जल) का स०१ में वारिणि ही रूप बनेगा।

(ख) नपुंसक शब्दों का सं०१ में पुं० के तुल्य भी रूप बनता है। जैसे—वारि का वारि, वारे, मधु का मधु, मधो।

(ग) उ अन्तवाले स्त्रीलिंग विशेषण शब्दों के अन्त में ई लगाकर भी विशेषण शब्द बनते हैं। जैसे—तनु, तन्वी (स्त्री०, पतली), लघु, लघ्वी (स्त्री० हलकी) पृथु (स्त्री० चौड़ी), पृथ्वी (चौड़ी अर्थात् विशाल पृथ्वी)।

---

१. यह अन्तिम अवयव वस्तुतः उकारान्त शब्दों के उ के स्थान पर होने वाला वृद्धि-स्वर भी है, नकि इ का औ है। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि उकारान्त शब्दों का प्रचलन अधिक था, इकारान्त शब्द भी प्रायः उकारान्त की तरह चलते थे, अतः उकारान्त के प्रभाव के कारण सं०१ में औ अन्त में लगने लगा।

अपवाद-शब्द (Irregularities)

९९—(१) पति (पुं०, पति) शब्द एकवचन भस्थानों पर अनियमित है। जैसे—तृ०१ पत्या, च०१ पत्ये, पं० और ष०१ पत्युः[1], स०१ पत्यौ। जब इसका अर्थ स्वामी होता है या समास के अन्त में होता है तो इसके रूप नियमित रूप से (शुचि के तुल्य) चलते हैं। पति का स्त्री० शब्द पत्नी है।

(२) सखि (पुं०, मित्र) के कुछ अनियमित रूप बनते हैं। इसके अतिरिक्त पंचस्थानों पर वृद्धि वाला सखाय् अंग रहता है।

प्र०१	सखा	सखायौ	सखायः
सं०	सखे	,,	,,
द्वि०	सखायम्	सखायौ	सखीन्
तृ०	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः
च०	सख्ये	,,	सखिभ्यः
पं०	सख्युः	,,	,,
ष०	,,	सख्योः	सखीनाम्
स०	सख्यौ	,,	सखिषु

पंचस्थान में सखाय् रहेगा तथा अपंचस्थान में सखि के रूप नियमितरूप से चलेंगे। सखि का स्त्रीलिंग शब्द सखी है। सखि शब्द समास का अन्तिम शब्द होगा तो उसे टच् (अ) प्रत्यय होकर—सख हो जाएगा।

(३) नपुंसकलिंग शब्द अक्षि (आँख), अस्थि (हड्डी), दधि (दही), सक्थि (जांघ) को भस्थान में इ के स्थान पर अन् हो जाता है। जैसे—अक्षि का अक्षन्, दधि का दधन्। इनके रूप नामन् के तुल्य चलेंगे।

प्र०, सं०, द्वि०	अक्षि	अक्षिणी	अक्षीणि
तृ०	अक्ष्णा	अक्षिभ्याम्	अक्षिभिः
ष०	अक्ष्णः	अक्ष्णोः	अक्ष्णाम्

(४) द्यु (स्त्री०, आकाश) (मूलरूप में यह दिउ Diu था जो कि द्यो Dyo का भस्थान का रूप था, १०२ क) हलादि (व्यंजन से प्रारम्भ होनेवाले) सुप् बाद में होने पर द्यु रूप रहता है। प्र०, सं० के एकवचन में वृद्धि होकर

---

१. यह अन्तिम अवयव सम्भवतः सम्बन्धवाचक पितृ आदि शब्दों के पं० और षष्ठी एक० के प्रभाव के कारण हैं (नि० १०१)। जैसे—पितृ का पितुः है।

द्यौः रूप होता है। अजादि (स्वर से प्रारम्भ होनेवाले) सुप् बाद में होने पर दिव् रूप रहता है।

द्यु शब्द

	एक०	बहु०
प्र०	द्यौः	दिवः
सं०	द्यौः[1]	दिवः
द्वि०	दिवम्	दिवः
तृ०	दिवा	द्युभिः
च०	दिवे	द्युभ्यः
पं०	दिवः	,,
ष०	,,	दिवाम्
स०	दिवि	द्युषु

१००. (इ) **ईकारान्त और ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्द।** ये शब्द एकाच् (एक स्वर वाले) या अनेकाच् (अनेक स्वर वाले) हैं, तदनुसार इनके रूपों में अन्तर होता है :—

(१) यदि ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द एकाच् हैं तो अजादि विभक्ति बाद में होने पर उन्हें क्रमशः इय् और उव् होंगे। यदि शब्द अनेकाच् होंगे तो उनके ई को य् और ऊ को व् होंगे।

(२) एकाच् शब्दों में सुप् विभक्तियाँ सामान्य रूप से सर्वत्र लगेंगी (७१)। इनके स्त्रीलिंग में ऐ, आः और आम्[2] अन्तवाले रूप भी बनते हैं। अनेकाच्शब्दों में ऐ, आः और आम् वाले रूप नियमितरूप से लगते हैं।

(३) एकाच् शब्दों के प्र० और सं०१ में स् (:) वाले रूप बनते हैं। अनेकाच् शब्दों में सं०१ में ई को इ और ऊ को उ हो जाता है।

---

१. संस्कृत में प्र० और सं०१ में वही रूप रहता है, केवल स्वर में अन्तर होता है। ग्रीक में सं० १ का स्वतन्त्र रूप बनता है।

२. ये विभक्ति-चिह्न अनेकाच् ईकारान्त (मूलरूप में या अन्त वाले) शब्दों से प्रारम्भ हुए। इनके अन्त में विभक्ति-चिह्न ए, अः आदि लगे। जैसे—या+ए=यै, या+अः=याः, या+अम्=याम्। स०१ में अम् का उद्गम अज्ञात है।

(४) अनेकाच् शब्दों में प्र०१ में ई के बाद स् (:) नहीं रहता है, केवल लक्ष्मा: (लक्ष्मी), तन्त्री: (वीणा) और तन्द्री: (सुस्त) में विसर्ग रहता है। तन्द्री में स् लोप भी होता है।

(५) अनेकाच् शब्दों के द्वि०१ में ईम् और ऊम् रहता है तथा द्वि०३ में ई: और ऊ:।

	धी (बुद्धि) स्त्री०			भू (पृथ्वी) स्त्री०		
प्र०	धी:	धियौ	धिय:	भू:	भुवौ	भुव:
सं०	,,	,,	,,	,,	,,	,,
द्वि०	धियम्	,,	,,	भुवम्	,,	,,
तृ०	धिया	धीभ्याम्	धीभि:	भुवा	भूभ्याम्	भूभि:
च०	धिये	,,	धीभ्य:	भुवे	,,	भूभ्य:
पं०	धिय:	,,	,,	भुव:	,,	,,
ष०	,,	धियो:	धियाम्	,,	भुवो:	भुवाम्
स०	धियि	,,	धीषु	भुवि	,,	भूषु
	नदी (नदी) स्त्री०			वधू (वहू) स्त्री०		
प्र०	नदी	नद्यौ	नद्य:	वधू:	वध्वौ	वध्व:
सं०	नदि	,,	,,	वधु	,,	,,
द्वि०	नदीम्	,,	नदी:	वधूम्	,,	वधू:
तृ०	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभि:	वध्वा	वधूभ्याम्	वधूभि:
च०	नद्यै	,,	नदीभ्य:	वध्वै[1]	,,	वधूभ्य:
पं०	नद्या:	,,	,,	वध्वा:[1]	,,	,,
ष०	,,	नद्यो:	नदीनाम्	,,	वध्वो:	वधूनाम्
स०	नद्याम्	,,	नदीषु	वध्वाम्[1]	,,	वधूषु

(क) स्त्री (स्त्री०, औरत) शब्द यद्यपि एकाच् है, फिर भी अधिकांश रूप में ईकारान्त अनेकाच् शब्दों की विशेषताएँ इसमें रहती हैं (१००,

---

१ स्त्री० के विशेष विभक्ति-चिह्न ऐ, आ: और आम् यहाँ पर अनेकाच् ईकारान्त शब्दों के प्रभाव के कारण ही हैं, जैसा कि आकारान्त शब्दों के रूपों में होते हैं (नि० ९७)।

२-५)। इसमें स्त्री० वाले विशेष विभक्ति-चिह्न लगते हैं। सं०१ में ई को ह्रस्व इ होती है, प्र० १ में स् (:) नहीं रहता है तथा द्वि०१ में ईम् और द्वि०३ में ई : वाले रूप भी विकल्प से होते हैं। यह शब्द मूलरूप में वस्तुतः दो अच् वाला था।

प्र०	स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः
सं०	स्त्रि	,,	,,
द्वि०	स्त्रियम्, स्त्रीम्	,,	स्त्रियः स्त्रीः
तृ०	स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः
च०	स्त्रियै	,,	स्त्रीभ्यः
पं०	स्त्रियाः	,,	,,
ष०	,,	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्
स०	स्त्रियाम्	,,	स्त्रीषु

१०१. (ई) **ऋकारान्त (पुं० और स्त्री०) शब्द**। मूलरूप में ये शब्द अर् अन्तवाले हलन्त शब्द थे। इनके रूप प्रायः अन् अन्तवाले (९०) शब्दों के तुल्य चलते हैं। ये शब्द अधिकांशतः तृ-प्रत्ययान्त (अर्थात् तर् प्रत्ययान्त, ग्रीक-तर् लेटिन-tor) हैं। पंचस्थान में तृ को तर् या तार् होता है, पदस्थान में तृ और भस्थान में त्र्। पुं० और स्त्री० के शब्द रूपों में केवल द्वि० ३ में ही अन्तर होता है।

सम्बन्धवाचक शब्दों में पंचस्थान में गुणवाला रूप (अर्) रहता है तथा अन्य तृ-अन्तवाले शब्दों में वृद्धिवाला रूप (आर्) रहता है। ष०१ में उः, स०१ में अरि, सं०१ में अः, पुं० द्वि०३ में ॠन् और स्त्री०, द्वि०३ में ॠः, ष०३ में ॠणाम् होता है।

दातृ (देनेवाला) पुं०

प्र०	दाता	दातारौ	दातारः
सं०	दातः	,,	,,
द्वि०	दातारम्	,,	दातॄन्

तृ०	दात्रा	दातृभ्याम्	दातृभिः
च०	दात्रे	,,	दातृभ्यः
पं०	दातुः	,,	,,
ष०	,,	दात्रोः	दातॄणाम्
स०	दातरि	,,	दातृषु

	पितृ (पिता) पुंलिंग			मातृ (माता) स्त्री०		
प्र०	पिता	पितरौ	पितरः	माता	मातरौ	मातरः
सं०	पितः	,,	,,	मातः	,,	,,
द्वि०	पितरम्	,,	पितॄन्	मातरम्	,,	मातॄः
तृ०	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः	मात्रा	मातृभ्याम्	मातृभिः
च०	पित्रे	,,	पितृभ्यः	मात्रे	,,	मातृभ्यः
पं०	पितुः	,,	,,	मातुः	,,	,,
ष०	,,	पित्रोः	पितॄणाम्	,,	मात्रोः	मातॄणाम्
स०	पितरि	,,	पितृषु	मातरि	,,	मातृषु

(क) **नप्तृ** (पुं०, नाती), **भर्तृ** (पुं०, पति) और **स्वसृ** (स्त्री०, बहिन) शब्द यद्यपि सम्बन्धवाचक हैं, तथापि इनके रूप पंचस्थान में दातृ के तुल्य चलेंगे और इनमें वृद्धिवाला आर् रूप लगेगा। जैसे—नप्तृ—द्वि०१ नप्तारम्, भर्तृ—द्वि०१ भर्तारम्,—स्वसृ—द्वि०१ स्वसारम्। द्वि०३ में स्वसॄः बनता है।

(ख) **नृ** (पुं०, मनुष्य) शब्द का पंचस्थान में गुणवाला रूप नर् होता है। ष०३ में दो रूप होते हैं—नॄणाम्, नॄणाम्। संस्कृत साहित्य में इसके तृ०, च०, पं०, ष० एकवचन के रूप प्राप्त नहीं होते हैं (ऋग्वेद में च० १ नरे और ष० १ नरः रूप मिलते हैं)। जैसे—प्र०१ ना, प्र०३ नरः, द्वि०१ नरम्, द्वि०३ नॄन्, तृ० १ न्रा, तृ०३ नृभिः, स०१ नरि, स०३ नृषु।

(ग) **क्रोष्टृ** (पुं०, गीदड़, शब्दार्थ—चिल्लानेवाला) शब्द को पदस्थान में क्रोष्टु हो जाता है। जैसे—प्र०३ क्रोष्टारः, तृ०३ क्रोष्टुभिः।

(घ) तृ—अन्तवाले शब्दों के रूप नपुंसक लिंग में शुचि के तुल्य चलते हैं। जैसे—प्र० धातृ, धातॄणी, धातॄणि, तृ०१ धातॄणा, तृ०३ धातृभिः।

(ङ) तृ—प्रत्ययान्त के रूप स्त्री० में अन्त में ई लगाकर बनाए जाते हैं।

जैसे—दातृ—स्त्री० दात्री (देनेवाली)। इनके रूप नदी के तुल्य चलते हैं।

(उ) एजन्त (ऐ, ओ, औ अन्तवाले) शब्द

१०२—निम्नलिखित एजन्त शब्द ही प्राप्त होते हैं—रै (पुं०, धन), गो (पुं० बैल, स्त्री० गाय), द्यो (स्त्री०, आकाश) और नौ (स्त्री० नाव)। स्वर बाद में होने पर रै के ऐ को आय् होता है तथा व्यंजन बाद में होने पर ऐ को आ हो जाता है। गो शब्द को पंचस्थान में वृद्धि होकर गौ हो जाता है तथा द्वि०१ और द्वि०३ में औ को आ होता है। पं०१ और ष०१ में पूर्वरूप होकर गोः (अवः को ओः) रूप बनता है।

ये शब्द अजन्त और हलन्त शब्दों की मध्यगत अवस्था को प्रकट करते हैं। हलन्त शब्दों से इनकी समानता यह है कि इनके अन्त में सुप् प्रत्यय सामान्यरूप से लगते हैं और अजन्त शब्दों से समानता यह है कि प्र०१ में अन्त में स् (:) लगता है और पदस्थान में इन शब्दों के अन्त में स्वर रहता है।

रै (धन)

प्र०	राः	रायौ	रायः	च०	राये	राभ्याम्	राभ्यः
सं०	,,	,,	,,	पं०	रायः	,,	,,
द्वि०	रायम्	,,	,,	ष०	,,	रायोः	रायाम्
तृ०	राया	राभ्याम्	राभिः	स०	रायि	,,	रासु

	गो (पुं०, बैल, स्त्री०, गाय)			**नौ**, (स्त्री० नाव)		
प्र०	गौः	गावौ	गावः	नौः	नावौ	नावः
सं०	,,	,,	,,	,,	,,	,,
द्वि०	गाम्	,,	गाः	नावम्	,,	नावः
तृ०	गवा	गोभ्याम्	गोभिः	नावा	नौभ्याम्	नौभिः
च०	गवे	,,	गोभ्यः	नावे	,,	नौभ्यः
पं०	गोः	,,	,,	नावः	,,	,,
ष०	गोः	गवोः	गवाम्	नावः	नावोः	नावाम्
स०	गवि	,,	गोषु	नावि	,,	नौषु

(क) **द्यो** (आकाश) के रूप गो शब्द के तुल्य चलते हैं। प्र० १में द्यु (९९; ४) के तुल्य द्यौः रूप बनेगा। द्विवचन और बहुवचन में केवल पंचस्थान के

रूप ही प्राप्त होते हैं। जैसे— प्र० द्यौः, द्यावौ, द्यावः। द्वि० द्याम्, द्यावौ। च० १—द्यवे। पं०, ष०१—द्योः। स०१—द्यवि।

तुलनार्थक प्रत्यय (Degrees of Comparison)

१०३. (१) विशेषण शब्दों (तथा संज्ञा शब्दों) से दो की तुलना में तद्धित प्रत्यय **तर** और बहुतों की तुलना में **तम** प्रत्यय लगते हैं। ये प्रत्यय पदस्थान या भस्थानवाले अंग में लगते हैं। जैसे—शुचि—शुचितर, शुचितम। प्राच्—प्राक्तर, प्राक्तम। धनिन्—धनितर, धनितम। विद्वस्—विद्वत्तर, विद्वत्तम। प्रत्यच्, प्रत्यक्तर, प्रत्यक्तम।

(क) तर और तम का स्त्रीलिंग आ लगाकर बनता है, किन्तु जब तम-प्रत्ययान्त शब्द संख्येय शब्द होगा तो उसका स्त्रीलिंग ई लगाकर (१०७) बनेगा।

(२) **तुलनार्थक तद्धित प्रत्यय ईयस्** (दो की तुलना में) और **इष्ठ** (बहुतों की तुलना में) मूल शब्द से लगते हैं और इनको प्रायः गुण होता है और इन पर उदात्त स्वर होता है। ईयस् और इष्ठ प्रत्यय लगने पर शब्द के अन्तिम स्वर का लोप होकर एकाच् शब्द हो जाता है। जैसे—अणु (सूक्ष्म) का अण् होकर अणीयस्, अणिष्ठ। गुरु[1] (भारी) (गर्)—गरीयस्, गरिष्ठ। लघु (हलका) लघ्—लघीयस्, लघिष्ठ। दूर (दूर) (दव्)—दवीयस्, दविष्ठ। वर (अच्छा) (वर्)—वरीयस् (अधिक अच्छा), वरिष्ठ (उत्तम)। क्षुद्र (नीच) (क्षोद्)—क्षोदीयस्। युवन् (युवा, आयु में छोटा) (यव्)—यवीयस्। ह्रस्व (छोटा) (ह्रस्)—ह्रसीयस्। कुछ अनियमित रूप ये हैं :—दीर्घ (लम्बा) (द्राघ्)—द्राघीयस्। बहुल (अधिक) (बंह्)—बंहीयस्।

(क) कुछ शब्दों के साथ ईयस् के स्थान पर यस् ही लगाया जाता है। जैसे—ज्या—ज्यायस् (प्रशस्यतर), ज्येष्ठ (प्रशस्यतम)। भू (बहुत)—भूयस् (अपेक्षाकृत अधिक), भूयिष्ठ (बहुत अधिक)। प्री (प्रिय)—प्रेयस् (प्रियतर), प्रेष्ठ (प्रियतम)। श्र (अच्छा)—श्रेयस् (अपेक्षाकृत अच्छा), श्रेष्ठ (उत्तम)। स्थिर (दृढ) (स्थ)—स्थेयस् (दृढतर)।

---

१. मूल शब्द गरु था। ग्रीक और लेटिन में भी ऐसा ही है। समीकरण से गुरु होता है।

(ख) ईयस् और इष्ठ प्रत्यय करने पर कुछ शब्दों के रूपों में अन्तर हो जाता है। जैसे—अन्तिक (समीप) को नेद्—नेदीयस्, नेदिष्ठ (अत्यन्त समीप) अल्प (थोड़ा) को कन्—कनीयस् (कुछ कम), कनिष्ठ (बहुत कम)। वृद्ध (वृद्ध) को वर्ष्—वर्षीयस् (अधिक वृद्ध), वर्षिष्ठ (सबसे अधिक वृद्ध)।

संख्या-वाचक शब्द (Numerals)

संख्याएँ (Cardinals)

१. एक
२. द्व[1]
३. त्रि (लेटिन—tri)
४. चतुर् (quatuor)
५. पञ्च
६. षष् (sex)
७. सप्त
८. अष्ट
९. नव (Novem)
१०. दश
११. एकादश
१२. द्वादश[2]
१३. त्रयोदश[3]
१४. चतुर्दश
१५. पञ्चदश
१६. षोडश[4]
१७. सप्तदश
१८. अष्टादश
१९. नवदश, ऊनविंशति
२०. विंशति
२१. एकविंशति
२२. द्वाविंशति
२३. त्रयोविंशति
२८. अष्टाविंशति
२९. नवविंशति, ऊनत्रिंशत्
३०. त्रिंशत्
३९. नवत्रिंशत्, ऊनचत्वारिंशत्
४०. चत्वारिंशत्[5]

---

१. समास में प्रथम पद में यह द्वि शब्द रहता है।
२. यहाँ पर द्वा पुराना द्विवचन का रूप है। द्वादश—दो और दस।
३. त्रि का प्रथमा बहु० त्रयः (१०५, ४५, २) के स्थान पर त्रयो है।
४. षष्+दश का षज्+दश होकर षोडश रूप बनता है (देखो ६९ ख, पादटिप्पणी २)।
५. चत्वारि (१०५) का चत्वारिं रूप है, जैसे—त्रि से त्रि-शत्।

४९. नवचत्वारिंशत्, ऊनपञ्चाशत्
५०. पञ्चाशत्
६०. षष्टि
७०. सप्तति
८०. अशीति
८२. द्व्यशीति
९०. नवति
९६. षण्णवति
१००. शतम्
१०१. एकशतम्, एकाधिकं शतम्
१०२. द्विशतम्, द्व्यधिकं शतम्
१०३. त्रिशतम्, त्र्यधिकं शतम्
११०. दशशतम्, दशाधिकं शतम्
२००. द्वे शते, द्विशतम्
३००. त्रीणि शतानि, त्रिशतम्
१०००. दश शतानि, सहस्रम्
१००,००० लक्ष (lakh)
१,०००,००० नियुतम्
१०,०००,००० कोटि (crore)

(क) ऊपर २० से १०० तक जो संख्याएँ नहीं दीगयी हैं, उनके लिए निम्नलिखित बातें ध्यान रखें—(१) २० (विंशति), और ३० (त्रिंशत्) से पहले द्वि को द्वा, त्रि को त्रयः और अष्ट को अष्टा होता है। जैसे—द्वात्रिंशत् (३२), त्रयस्त्रिंशत् (३३), अष्टात्रिंशत् (३८), (२) ८० (अशीति) से पहले २, ३, ८ के लिए क्रमशः द्वि, त्रि, अष्ट रहेंगे। (३) ४०, ५०, ६०, ७० और ९० से पहले ये दोनों रूप रहेंगे, अर्थात्—द्वा—द्वि, त्रयः—त्रि और अष्टा—अष्ट।

(ख) १९, २९ आदि के लिए एक अन्य रूप प्राचीन क्त-प्रत्ययान्त ऊन (न्यून) शब्द लगाकर भी बनता है। जैसे—१९ के लिए ऊनविंशति (अर्थात् एक कम बीस)। अन्य संख्याओं से पहले भी ऊन शब्द लगाकर इस प्रकार के अन्य शब्द बनाए जा सकते हैं। जैसे—त्र्यूनत्रिंशत् (तीन कम तीस, अर्थात् २७)।

(ग) इसीप्रकार १०१, १०२, आदि के लिए 'अधिक' विशेषण लगाकर अन्य शब्द बनाए जाते हैं। जैसे—द्व्यधिकं शतम् (दो अधिक सौ, अर्थात् १०२)।

(घ) द्विशतम्, त्रिशतम् आदि के दो अर्थ हैं—(१) १०२ और २००, (२) १०३ और ३००। इनका यह अन्तर स्वर के आधार पर जाना जा सकता

है। यदि शतम् के श पर उदात्त-स्वर होगा तो इनका अर्थ होगा—१०२, १०३ आदि। यदि शतम् के त पर उदात्त स्वर होगा तो इनका अर्थ होगा—२००, ३०० आदि।

संख्या-शब्दों के रूप (Declension of Cardinals)

१०५. केवल प्रथम चार संख्या-शब्दों के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं।

(१) एक शब्द के रूप तीनों लिंगों में सर्वनाम विशेषणशब्दों के अनुकरण पर सर्व (१२० ख) के तुल्य तीनों लिंगों में चलेंगे। जैसे—पुं०—एकः, स्त्री०—एका, नपुं०—एकम्।

(२) द्व (दो) के रूप कान्त शब्द के द्विवचन के तुल्य चलेंगे। प्र०, द्वि०—पुं० द्वौ, स्त्री० द्वे, नपुं० द्वे; तृ०, च०, पं०—द्वाभ्याम्; ष०, स०—द्वयोः।

(३) त्रि (तीन) के रूप पुं० और नपुं० में शुचि के बहु० के तुल्य चलते हैं, केवल षष्ठी बहु० में त्रयाणाम् बनता है, जो कि त्रय शब्द से बना हुआ है। (ऋग्वेद में त्रि शब्द का ष०३ का नियमित रूप त्रीणाम् मिलता है)। स्त्रीलिंग में त्रि के स्थान पर तिसृ शब्द के रूप चलते हैं। साधारण ऋकारान्त शब्दों से प्र०, द्वि०, और ष० में अन्तर होता है।

(४) चतुर् (चार) शब्द पुं० और नपुं० में सर्वनामस्थान में चत्वार् शब्द रहता है (तु० करो—लेटिन—quatuor) यद्यपि यह शब्द हलन्त है, तथापि ष० ३ में विभक्ति से पहले न् जुड़ जाता है। जैसे—षष् को (षण्णाम् में)। इसको स्त्रीलिंग में चतसृ हो जाता है और इसके रूप तिसृ के तुल्य चलते हैं।

	त्रि शब्द			चतुर् शब्द		
	पुं०	नपुं०	स्त्री०	पुं०	नपुं०	स्त्री०
प्र०, सं०	त्रयः	त्रीणि	तिस्रः	चत्वारः	चत्वारि	चतस्रः
द्वि०	त्रीन्	त्रीणि	तिस्रः	चतुरः	चत्वारि	चतस्रः
तृ०	त्रिभिः	त्रिभिः	तिसृभिः	चतुर्भिः	चतुर्भिः	चतसृभिः
च०, पं०,	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
ष०	त्रयाणाम्	त्रयाणाम्,	तिसृणाम् (नि० १०१ख)	चतुर्णाम्	चतुर्णाम्	चतसृणाम्
स०	त्रिषु	त्रिषु	तिसृषु	चतुर्षु	चतुर्षु	चतसृषु

१०६—(क) **षष्** (छः) के रूप—प्र०, द्वि० षट् (२७), तृ० षड्भिः, च० पं० षड्भ्यः, ष० षण्णाम्, स० षट्सु।

(ख) **पञ्च** (पाँच) शब्द के रूप अन् अन्तवाले नपुंसकलिंग शब्द (९०, २) के तुल्य चलते हैं, केवल षष्ठी में कान्त के तुल्य रूप होगा। प्र०, द्वि० पञ्च, तृ० पञ्चभिः, च० पं० पञ्चभ्यः, ष० पञ्चानाम्, स० पञ्चसु।

सप्त (सात) से दश (दस) तक के रूप पञ्च के तुल्य ही चलते हैं। **अष्ट** निम्नलिखित अन्य (प्राचीन) रूप भी मिलते हैं—प्र० द्वि० अष्टौ, तृ० अष्टाभिः, च० पं० अष्टाभ्यः, स० अष्टासु।[1]

(ग) ३ से १९ तक के संख्या-शब्दों का बहुवचनान्त विशेषण के रूप में प्रयोग होता है। इनके वचन और विभक्ति विशेष्य के तुल्य होंगे। (३ और ४ संख्याशब्दों में लिंग की एकरूपता भी होती है)। २० से ९९ तक संख्याशब्द स्त्रीलिंग हैं। ये तथा शतम् और सहस्रम् शब्द एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं। इनका विशेष्य शब्द उसी विभक्ति में होता है या षष्ठी विभक्ति में। जैसे—शतेन दासीभिः या शतेन दासीनाम्।(सौ दासियों ने या सौ दासियों के साथ)

संख्येय शब्द (ordinals)

१०७. 'प्रथम' से 'दशम' तक संख्येय शब्द विभिन्न प्रत्यय लगाकर बनाए जाते हैं:—थ (मूलरूप में त), म, य, ईय, अथवा प्रथम को द्वितीय और चतुर्थ के साथ मिलाकर। जैसे—थम=थ+म, तीय=त+ईय। 'एकादश' से 'नवदश' तक संख्येय शब्द संख्या-वाचक शब्दों के तुल्य ही होते हैं, अन्तर केवल इतना होता है कि ये अकारान्त शब्द हो जाते हैं और इनके रूप कान्त शब्द के तुल्य चलते हैं तथा इनके स्वर में अन्तर होता है। 'विंश' या 'विंशतितम' (२० वाँ) से लेकर आगे के संख्येय शब्द या तो संख्या-शब्दों के संक्षिप्त रूप हो जाते हैं या उनके अन्त में तम प्रत्यय लग जाता है। जैसे—विंशति का

---

१. अष्टौ और अष्टा (लेटिन—octo, गाथिक—ahtau) प्राचीन द्विवचन के रूप हैं। इनका सम्भवतः अर्थ था—दो चौकड़ी (सम्भवतः दोनों हाथों की चार-चार अंगुलियों को लक्ष्य करके यह प्रयोग है)।

विंश या विंशतितम। प्रथम से तुरीय (४ र्थ) तक शब्दों को छोड़कर शेष शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द ई प्रत्यय लगाकर बनते हैं। प्रथम आदि के आ प्रत्यय लगाकर। जैसे—प्रथम से प्रथमा, पञ्चम से पञ्चमी।

१ म—प्रथमः, स्त्री० प्रथमा
२ य—द्वितीयः, स्त्री० द्वितीया
(प्राचीन द्वित शब्द से ईय)
३ य—तृतीयः, स्त्री० तृतीया
(लेटिन—ter-tius)
४ र्थ—चतुर्थः, स्त्री० चतुर्थी
(ले०—quar-tus),
तुरीयः, स्त्री० तुरीया
(क्तुरीय के स्थान पर),
तुर्यः, स्त्री० तुर्या
(क्तुर्य के स्थान पर)
५ म—पञ्चमः, स्त्री० पञ्चमी
६ ष्ठ—षष्ठः, (ले० sex-tus)
७ म—सप्तमः, (ले० Septimus)
८ म—अष्टमः
९ म—नवमः
१० म—दशमः, (ले० Decimus)
११ वाँ—एकादशः
१९ वाँ—नवदशः
ऊनविंशः
२० वाँ—विंशः, विंशतितमः
३० वाँ—त्रिंशः, त्रिंशत्तमः
४० वाँ—चत्वारिंशः, चत्वारिंशत्तमः
५० वाँ—पञ्चाशः, पञ्चाशत्तमः
६० वाँ—षष्टः, षष्टितमः
६१ वाँ—एकषष्टः, एकषष्टितमः
७० वाँ—सप्ततः, सप्ततितमः
७१ वाँ—एकसप्ततः, एकसप्ततितमः
८० वाँ—अशीतः, अशीतितमः
८१ वाँ—एकाशीतः, एकाशीतितमः
९० वाँ—नवतः, नवतितमः
९१ वाँ—एकनवतः, एकनवतितमः
१०० वाँ—शततमः

संख्यावाचक क्रियाविशेषण तथा उनके अन्य रूप
(Numeral Adverbs and other Derivatives)

१०८.—(क) **'बार' अर्थवाले क्रियाविशेषण (Multiplicative Adverbs)**—सकृत् (एक बार, शब्दार्थ—एक बार करना), द्विः (दो बार) (ले०—bi-s), त्रिः (तीन बार ले०—tri-s), चतुः (चार बार, चतुर्+स् के स्थान पर), पञ्चकृत्वः (पांच बार, शब्दार्थ—पांच बार करना), षट् कृत्वः (छः बार), इत्यादि।

(ख) 'प्रकार' अर्थ वाले क्रियाविशेषण (Adverbs of manner) एकधा (एक प्रकार से), द्विधा या द्वेधा (दो प्रकार से), त्रेधा (तीन प्रकार से), चतुर्धा (चार प्रकार से), पञ्चधा(पांच प्रकार से), षोढा (छः प्रकार से), (देखो नि० १०४ पादटिप्पणी ३), सप्तधा (सात प्रकार से), अष्टधा (आठ प्रकार से), इत्यादि।

(ग) विभाजक क्रियाविशेषण (Distributive Adverbs)—एकशः (एक एक करके), द्विशः (दो दो करके), त्रिशः। (तीन तीन करके), पञ्चशः (पाँच पाँच करके), इत्यादि।

(घ) समूहार्थक संज्ञाशब्द (Aggregative nouns)—द्वय—विशेषण (दुहरा), द्वयम् (दोनों, जोड़ा); त्रय-त्रयी—विशेषण (तिहरा), त्रयम्-त्रयी—त्रितयम् (तीनों); चतुष्टय विशेषण—(चौहरा), चतुष्टयम् (चारों); पञ्चतय-विशे० (पंचहरा); अष्टतय—विशे० (अठहरा), अष्टतयम् (आठों); दशतय—विशे० (दसहरा, दसगुना), दशतयम् (दसों, दशक), इत्यादि।

सर्वनाम शब्द (Pronouns)

१०९. (अ) व्यक्तिवाचक सर्वनाम (Personal Pronouns)

अस्मद् शब्द

(समास में एक० में मद् और बहु० में अस्मद्)

अहम् (मैं)	आवाम् (हम दोनों)	वयम्[1] (हम सब)	प्र०
माम् (मुझ को)	आवाम् (हम दोनों को)	अस्मान् (हम सब को)	द्वि०
मया (मैंने)	आवाभ्याम् (हम दोनों ने)	अस्माभिः (हम सब ने)	तृ०
मह्यम् (मुझे)	आवाभ्याम्(हम दोनों को)	अस्मभ्यम् (हमें)	च०
मद् (मुझसे)	आवाभ्याम् (हम दोनों से)	अस्मद् (हमसे)	पं०
मम (मेरा)	आवयोः (हम दोनों का)	अस्माकम्[2] (हमारा)	ष०

१. वयम् के प्रभाव के कारण मूल यूपम् का परिवर्तित रूप यूयम् है।

२. अस्माकम् और युष्माकम् ये वस्तुतः षष्ठी बहु० के रूप नहीं हैं, अपितु सम्बन्धबोधक विशेषण अस्माक (हमारा) और युष्माक (तुम्हारा) के नपुं० एक० के रूप हैं। इनका ही षष्ठी बहु० के रूप में प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार जर्मन भाषा में सम्बन्धबोधक सर्वनाम Mein (मेरा), Dein (तेरा), Sein (उसका) का व्यक्तिवाचक सर्वनाम के षष्ठी के रूप में प्रयोग होने लगा।

मयि (मुझ में)	आवयोः (हम दोनों में)	अस्मासु (हममें)	स०

युष्मद् शब्द

(समास में एक० में त्वद् और बहु० में युष्मद्)

त्वम् (तू)	युवाम् (तुम दोनों)	यूयम्[1] (तुम सब)	प्र०
त्वाम् (तुझ को)	युवाम् (तुम दोनों को)	युष्मान् (तुम सबको)	द्वि०
त्वया (तूने)	युवाभ्याम् (तुम दोनों ने)	युष्माभिः (तुम सबने)	तृ०
तुभ्यम् (तुझे)	युवाभ्याम् (तुम दोनों को)	युष्मभ्यम् (तुम्हें)	च०
त्वद् (तुझ से)	युवाभ्याम् (तुम दोनों से)	युष्मद् (तुम से)	पं०
तव (तेरा)	युवयोः (तुम दोनों का)	युष्माकम्[2] (तुम्हारा)	ष०
त्वयि (तुझ में)	युवयोः (तुम दोनों में)	युष्मासु (तुम में)	स०

(क) इन शब्दों के निम्नलिखित अनुदात्त रूप भी प्रयुक्त होते हैं। इनका वाक्य के प्रारम्भ में प्रयोग निषिद्ध है। द्वि० एक० मा, (मुझको), त्वा (तुझ को); च० ष० एक० मे (मुझे, मेरा), ते (तुझे, तेरा); द्वि० च० ष० द्विवचन —नौ (हम दोनों को, हम दोनों का), वाम् (तुम दोनों को, तुम दोनों का); द्वि० च० ष० बहु० नः (हमें, हमारा), (लेटिन—nos), वः (तुम्हें, तुम्हारा) (लेटिन—vos)।

(आ) संकेतात्मक सर्वनाम (Demonstrative Pronouns)

११०. तद् (त) शब्द (वह) (समास में तद्)। सर्वनाम शब्दों के रूप चलाने के लिए इसे आदर्श शब्द के रूप में लिया जा सकता है।

	तद्—पुं०			नपुं०			स्त्री०		
प्र०	सः[2]	तौ	ते	तद्	ते	तानि	सा	ते	ताः
द्वि०	तम्	,,	तान्	,,	,,	,,	ताम्	,,	,,
तृ०	तेन	ताभ्याम्	तैः	तेन	ताभ्याम्	तैः	तया	ताभ्याम्	ताभिः
च०	तस्मै	,,	तेभ्यः	तस्मै	,,	तेभ्यः	तस्यै	,,	ताभ्यः
पं०	तस्मात्	,,	,,	तस्मात्	,,	,,	तस्याः	,,	,,
ष०	तस्य	तयोः	तेषाम्[3]	तस्य	तयोः	तेषाम्	,,	तयोः	तासाम्[4]

१. देखो पृष्ठ ६९ पर पादटिप्पणी संख्या १।

२. देखो नि० ४८। सः, सा, तद्=गाथिक—sa, so, that-a, इंग्लिश्—that, लेटिन—is-tud।

३. लेटिन—is-torum.

४. लेटिन—is-tārum

स० तस्मिन् तयोः तेषु तस्मिन् तयोः तेषु तस्याम् तयोः तासु

(क) त (वह) का ही एक समस्त शब्द एत (यह) है। इसके सारे रूप पूर्णतया त के तुल्य चलते हैं। जैसे—

	पुं० एक०	स्त्री० एक०	नपुं० एक०
प्र०	एषः (४८, ६७)	एषा	एतद्,
द्वि०	एतम्	एताम्	एतद्, इत्यादि।

१११. इदम् शब्द—अयम् (यह) के रूप चलाने में दोनों मूल सर्वनाम-शब्द 'अ' और 'इ' का प्रयोग किया गया है। यहाँ कुछ स्थानों पर इनका दुहरा रूप चला है।

	पुं०		नपुं०		स्त्री०		
प्र०	अयम्	इमौ	इमे	इदम् इमे इमानि	इयम्	इमे	इमाः
द्वि०	इमम्	,,	इमान्	,, ,, ,,	इमाम्	,,	,,
तृ०	अनेन	आभ्याम्	एभिः	शेष पुं० के तुल्य।	अनया	आभ्याम्	आभिः
च०	अस्मै	,,	एभ्यः		अस्यै	,,	आभ्यः
पं०	अस्मात्	,,	,,		अस्याः	,,	,,
ष०	अस्य	अनयोः	एषाम्		,,	अनयोः	आसाम्
स०	अस्मिन्	,,	एषु		अस्याम्	,,	आसु

११२—अदस् शब्द—अदस् (वह) का पुं० स्त्री० प्रथमा एक० में विचित्र रूप असौ बनता है, नपुं० प्र०१ में अदस् (अदः)। अन्य स्थानों में इसका 'अमु' शब्द बनकर रूप चलता है। स्त्री० बहु० में अमु के स्थान पर 'अमू' रहता है। स्त्री० में द्वि० एक० तथा कुछ स्थलों पर द्विवचन में भी अमू रहता है। पुं० बहु० में द्वितीया को छोड़कर अन्यत्र 'अमी' रहता है।

	पुं०		नपुं०		स्त्री०		
प्र०	असौ	अमू	अमी	अदः अमू अमूनि	असौ	अमू	अमूः
द्वि०	अमुम्	,,	अमून्	,, ,, ,,	अमूम्	,,	,,
तृ०	अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः	शेष पुं० के तुल्य	अमुया	अमूभ्याम्	अमूभिः
च०	अमुष्मै	,,	अमीभ्यः		अमुष्यै	,,	अमूभ्यः

पं०	अमुष्मात्	अमूभ्याम्	अमीभ्यः	अमुष्याः	अमूभ्याम्	अमूभिः
ष०	अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्	,,	अमुयोः	अमूषाम्
स०	अमुष्मिन्	,,	अमीषु	अमुष्याम्	,,	अमूषु

(क) एक अनुदात्त अपूर्ण सर्वनाम शब्द **'एन'** (वह) है। इसके रूप निम्नलिखित विभक्तियों में चलते हैं—द्वितीया (सभी वचन), तृतीया (एक०), ष० स० द्विव०। जैसे—

	पुं०			स्त्री०			नपुं०		
द्वि०	एनम्	एनौ	एनान्	एनाम्	एने	एनाः	एनद्	एने	एनानि
तृ०	एनेन	—	—	एनया	—	—	एनेन	—	—
ष०	—	एनयोः	—	—	एनयोः	—	—	एनयोः	—
स०	—	एनयोः	—	—	एनयोः	—	—	एनयोः	—

(इ) प्रश्नवाचक सर्वनाम (Interrogative Pronoun)

११३. प्रश्नवाचक सर्वनाम शब्द 'क' (कौन, क्या ?) के रूप पूर्णतया 'त' शब्द के तुल्य चलते हैं, केवल नपुं० प्र० और द्वि० एक० में किम् रूप होता है। जैसे—

	पुं०			स्त्री			नपुं०		
प्र०	कः	कौ	के	का	के	काः	किम्	के	कानि
स०	कस्मिन्	कयोः	केषु	कस्याम्	कयोः	कासु	कस्मिन्	कयोः	केषु

(क) तद्धित में 'क' शब्द का कि, कु या क रूप रहता है। जैसे—कियत् (कितना ?), कुत्र (कहाँ ?), कदा (कब ?)। समास में प्रथम पद होने पर इसका प्रायः 'किम्' शब्द के रूप में प्रयोग होता है, कभी-कभी 'कु' भी। जैसे—किंरूप (विशेषण—किस रूप वाला ?), कुकर्मन् (नपुं०, कैसा कार्य ? अर्थात् कुत्सित कार्य)।

(ई) संबन्धवाचक सर्वनाम (Relative Pronoun)

११४—संबन्धवाचक **य** (जो) शब्द के रूप ठीक त शब्द के तुल्य चलते हैं। जैसे—

	पुं०			स्त्री०			नपुं०		
प्र०	यः	यौ	ये	या	ये	याः	यद्	ये	यानि
द्वि०	यम्	,,	यान्	याम्	,,	,,	,,	,,	,,
च०	यस्मै	याभ्याम्	येभ्यः	यस्यै	याभ्याम्	याभ्यः	यस्मै	याभ्याम्	येभ्यः

(उ) आत्मवाचक सर्वनाम (Reflexive Pronouns)

११५. (क) **स्वयम्** (स्वयं) यह अव्यय है। (मूलरूप में यह अयम् के तुल्य (प्रथमा एक० का रूप है)। यह किसी भी व्यक्ति या संख्या का बोध करा सकता है। जैसे—स्वयम्=मैं स्वयं, वह स्वयं, तुम स्वयं। इसका सामान्यतया प्रथमा विभक्ति का अर्थ रहता है। किन्तु यह प्रायः तृतीया और कभी-कभी षष्ठी का भी अर्थ बताता है। यह प्रायः 'अपने मन से' अर्थ भी बताता है।

(ख) **आत्मन्** (आत्मा) पुंलिंग शब्द है। इसके रूप ब्रह्मन् (९०, ३) के तुल्य चलते हैं। यह सभी व्यक्ति और सभी लिंगों का बोधक सर्वनाम है। इसका प्रयोग एकवचन में होता है।

(ग) **स्व शब्द**—स्वः, स्वा, स्वम् (लेटिन-Suus) (अपना) यह आत्मवाचक विशेषण है। इसके रूप सर्व १२० ख के तुल्य चलते हैं। यह तीनों पुरुषों और तीनों वचनों का बोधक है (मेरा, तेरा, उसका, हमारा, तुम्हारा, उनका)। इसका (आत्मन् शब्द के तुल्य) कतिपय विभक्तियों में आत्मवाचक सर्वनाम के तुल्य भी प्रयोग होता है। जैसे—स्वं निन्दन्ति (वे अपने आपकी निन्दा करते हैं)।

(घ) **निज शब्द**—निज शब्द वस्तुतः एक विशेषण है और इसका अर्थ है—निजी, स्वाभाविक, जन्मजात। इसका स्व शब्द के तुल्य प्रायः आत्मवाचक सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयोग होता है।

(ऊ) स्वामित्वबोधक सर्वनाम (Possessive Pronouns)

११६. व्यक्तिवाचक सर्वनाम मद्, त्वद् आदि से ईय प्रत्यय लगाकर स्वामित्व-बोधक सर्वनाम बनते हैं। जैसे—मदीय (मेरा), त्वदीय (तेरा), अस्मदीय (हमारा), युष्मदीय (तुम्हारा), तदीय (उसका, उनका)।

(क) षष्ठी-विभक्त्यन्त रूप मम और तव से क प्रत्यय लगाकर भी स्वामित्व-बोधक सर्वनाम बनते हैं। जैसे—मामक (मेरा), तावक (तेरा)। (देखो नि० १०९, पादटिप्पणी २)। भवत् (आप) से भावत्क (आपका)।

(ऋ) समस्त सर्वनाम शब्द (Compound Pronouns)

११७. कतिपय सर्वनाम शब्दों के अन्त में दृश्, दृश और दृक्ष शब्द जोड़कर निम्नलिखित समस्त सर्वनाम शब्द बनाए जाते हैं :—तादृश्, तादृश,

तादृक्ष (वैसा) (शब्दार्थ—वैसा दीखने वाला); यादृग्, यादृश्, यादृश (जैसा); ईदृश्, ईदृश, ईदृक्ष (ऐसा); कीदृश्, कीदृश (कैसा ?); मादृश (मुझ जैसा), त्वादृश (तुझ जैसा)।

(क) **स्त्रीप्रत्ययान्त रूप**—दृश् अन्त वाले समस्त शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द भी पुं० और नपुं० के तुल्य ही रहते हैं, अर्थात् यह शकारान्त शब्द ही रहता है और पुं० और नपुं० के तुल्य रूप चलेंगे। तीनों लिंगों में तादृश् का प्र०१ में तादृक् होगा। दृश अन्तवाले शब्दों में स्त्रीलिंग में अन्त में ई लगेगा। जैसे—तादृश>तादृशी। दृक्ष अन्त वाले शब्दों में आ लगेगा। जैसे—तादृक्ष> तादृक्षा।

११८. **परिमाण-बोधक शब्द**—कतिपय सर्वनाम शब्दों के अन्त में वत् और यत् जोड़कर निम्नलिखित परिमाणबोधक शब्द बनाए जाते हैं :—तावत् (उतना), एतावत् (इतना), यावत् (जितना), इयत् (इतना), कियत् (कितना ?)। इनके रूप वत् अन्त वाले शब्दों (८६) के तुल्य चलेंगे और स्त्रीलिंग में अन्त में ई लगाकर ०ती अन्त वाले शब्द बनेंगे। जैसे—तावत्> तावती, इयत्>इयती।

(क) **कति** (कितने ?) (लेटिन—quot), तति (उतने) लेटिन—totidam), यति (जितने) के प्र० और द्वि० में रूप नहीं चलते हैं। अन्य विभक्तियों में केवल बहुवचन में शुचि (९८) के तुल्य रूप चलेंगे।

११९. प्रश्नवाचक शब्द के अन्त में चित्, चन या अपि लगा देने से अनिश्चय बोधक सर्वनाम शब्द बन जाता है और उसका अर्थ होता है—कोई। जैसे—कश्चित्, काचित्, किंचित्; कश्चन, काचन, किंचन; कोऽपि, कापि, किमपि (कोई)। क शब्द के अन्य विभक्ति वाले रूपों के बाद भी चित् आदि लगते हैं। कस्मैचित्, कस्मिंश्चित्, कस्यचन, कस्यापि।

(क) इसीप्रकार चित्, चन या अपि लगाकर अनिश्चय बोधक क्रियाविशेषण शब्द भी बनाए जाते हैं। जैसे—कदा (कब ?), कदाचित्, कदाचन (कभी), क्व (कहाँ ?), न क्वापि (कहीं नहीं)।

(ख) प्रश्नवाचक सर्वनाम से पहले संबन्धवाचक सर्वनाम आ जाता है तो वह प्रश्नवाचक का अनिश्चयबोधक अर्थ कर देता है। जैसे—यः कः (जो

कोई), यस्य कस्य (जिस किसी का)। इसीप्रकार यः कश्चित्, यः कश्च, यः कश्चन (जो कोई)।

(ग) संबन्धवाचक सर्वनाम को यदि दो बार पढ़ दिया जाता है तो उसका विभाजक अर्थ हो जाता है। जैसे—यो यः (जो जो व्यक्ति), (इसके बाद द्विरुक्त संबन्धसूचक शब्द आता है, जैसे—स सः—वह वह व्यक्ति)।

(ए) सर्वनामज विशेषणशब्द (Pronominal Adjectives)

१२०. कतिपय विशेषण शब्द ऐसे हैं, जो सर्वनामों से या तत्समकक्ष शब्दों से बने हैं। इनके रूप पूर्णतया या आंशिक रूप से सर्वनाम-शब्द (जैसे—त शब्द) के तुल्य चलते हैं।

(क) अन्य (दूसरा), अन्यतर (दो में से एक), इतर (दूसरा), कतर (दो में से कौन ?), कतम (बहुतों में से कौन ?), एकतम (बहुतों में से एक) शब्द पूर्णरूप से सर्वनाम-शब्दों के तुल्य चलते हैं। इनमें नपुं० में प्र० सं० द्वि० के एक० में अन्त में द् लग जाता है। जैसे—अन्यः, अन्या, अन्यद् (लेटिन—aliu-d); चतुर्थी—पुं०, नपुं० अन्यस्मै, स्त्री० अन्यस्यै; स० अन्यस्मिन्, इत्यादि।

(ख) सर्व (प्रत्येक, सभी), उभय दोनों, एक० और बहु० में रूप चलेंगे)[1], एक (एक) (१०५), एकता(दो में से एक) शब्दों में नपुं० प्र०, द्वि० में अन्तमें द् न लगकर म् लगेगा। जैसे—सर्वः, सर्वा, सर्वम्, च० सर्वस्मै, पं० सर्वस्मात्, ष० सर्वस्य, स० सर्वस्मिन्। प्र० बहु०—पुं० सर्वे, स्त्री० सर्वाः, नपुं० सर्वाणि।

(ग) पूर्व (पूर्व दिशा, पहले), अवर (पश्चिम दिशा, बाद का), अधर (पश्चिम, घटिया), उत्तर(उत्तर दिशा, बाद का), दक्षिण (दक्षिण दिशा), पर (दूसरा, बाद का), अपर (दूसरा, घटिया), अन्तर (बाहरी), स्व (अपना) में नपुं० प्र० द्वि० एक० में अन्त में म् लगता है। पुं० और नपुं० में पं०, स० एक० में तथा पुं० प्र०३ में साधारण अकारान्त शब्द के तुल्य भी रूप चलेंगे। जैसे—**पूर्व** के रूप

---

१. किन्तु उभ (दोनों) शब्द के रूप केवल द्विवचन में (कान्त के तुल्य) चलेंगे।

	पुं०			नपुं०	
प्र० पूर्वः	पूर्वौ	पूर्वे, पूर्वाः	पूर्वम्	पूर्वे	पूर्वाणि
द्वि० पूर्वम्	,,	पूर्वान्	,,	,,	,,
पं० पूर्वस्मात्	पूर्वात् —	—	पूर्वस्मात्,	पूर्वात्—	—
स० पूर्वस्मिन्,	पूर्वे —	—	पूर्वस्मिन्,	पूर्वे —	—

(घ) अर्ध (आधा), अल्प (कम), कतिपय (कुछ), प्रथम (प्रथम), चरम (अन्तिम), द्वय (दुहरा), द्वितय (दुहरा) (इसीप्रकार य और तय अन्त वाले अन्य शब्द) के रूप सामान्य विशेषण शब्दों के तुल्य चलते हैं। इनके पुं० प्र०३ में सर्वनाम शब्दों के तुल्य भी रूप बनते हैं। जैसे—चरम का पुं० प्र०३—चरमे, चरमाः।

(ङ) द्वितीय (दूसरा) और तृतीय (तीसरा) शब्दों के ङित् विभक्तियों (अर्थात् च० पं० ष० स० के एक०) में सर्वनामशब्दों के तुल्य भी रूप चलेंगे। जैसे—पुं० नपुं० च० १—तृतीयाय, तृतीयस्मै, स० १—तृतीयायाम्, तृतीयस्याम्। पुं० प्र०३—तृतीयाः।

(च) यदि ये सर्वनामज शब्द बहुव्रीहि समास (१८९) के अन्त में होंगे तो इनके रूप साधारण विशेषण शब्दों के तुल्य चलेंगे।

———

अध्याय ४

धातुरूप (Conjugation)

१२१. संस्कृत की धातुओं में दो प्रकार के तिङ् प्रत्यय लगते हैं—परस्मैपदी और आत्मनेपदी। **परस्मैपद** (सकर्मक, शब्दार्थ-दूसरे के लिए क्रियापद) को Active Voice कहते हैं। **आत्मनेपद** (स्वकर्मक, शब्दार्थ—अपने लिए क्रियापद) को Middle Voice कहते हैं। **कर्मवाच्य** में आत्मनेपद वाले तिङ् प्रत्यय लगते हैं। कर्मवाच्य में मुख्य अन्तर यह है कि सार्वधातुक लकारों (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) में धातु में य और लग जाता है। आर्धधातुक लकारों (शेष लकारों) में आत्मनेपदी रूप चलेंगे और लुङ् प्र० १ में 'इ' अन्त वाला रूप बनेगा।

(क) संस्कृत धातुओं के सभी लकारों के तीन वचन और तीन पुरुष में रूप चलते हैं। **तीन वचन** हैं—एकवचन, (Singular), द्विवचन (Dual), बहुवचन, (Plural)। **तीन पुरुष** हैं—प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष (Third Person), मध्यमपुरुष (Second Person), उत्तमपुरुष (First Person),

१२२. संस्कृत में ५ **काल** (Tenses) हैं। इनमें धातुओं के रूप चलते हैं। ये हैं :—१. वर्तमान काल (Present) लट् (साथ ही लोट् और विधिलिङ् लकार भी), २. अपूर्णभूत या अनद्यतन भूत (Imperfect)—लङ्, ३. पूर्ण भूत या परोक्ष भूत (Perfect)—लिट्, ४. भूत काल (Aorist)—लुङ् (साथ ही एक प्रकार का लिङ्, जिसे आशीर्लिङ् कहते हैं), ५. भविष्यत् (Future)—लृट्, लुट् (साथ ही लृङ् लकार, जो हेतुहेतुमद् भविष्यत् या एक प्रकार से भूत-भविष्यत् है।

वर्तमान, भूत और भविष्यत् कालों से संबद्ध कुछ कृदन्त रूप (Participles) भी हैं। इनके अतिरिक्त एक तुमुन्-प्रत्यय (Infinitive) (१६७) तथा किसी काल से असंबद्ध धातुज संज्ञा शब्द हैं।

(क) ग्रीक की अपेक्षा वेदोत्तरकालिक संस्कृत में धातुरूपों की संख्या बहुत कम है। श्रेण्य(Classical)संस्कृत में Pluperfect tense और Subjunctive

Mood नहीं हैं (लोट् उ० पु० में इसके अवशेष मिलते हैं)। इसी प्रकार वर्तमानकाल को छोड़कर अन्य कालों के आज्ञा या विधि-सूचक लकार प्राप्य नहीं हैं।

सार्वधातुक लकार (The Present System)

१२३. लिट्, लुङ्, लुट् लृट् और लृङ् में तिङ् प्रत्यय धातु से साक्षात् (या बीच में ऊष्म वर्ण लगाकर) लगते हैं, किन्तु सार्वधातुक लकारों (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) में एक विशेष अंग (Stem) बन जाता है। यह १० गणों के अनुसार १० प्रकार का होता है। अतः भारतीय वैयाकरणों ने सभी धातुओं को १० गणों में विभक्त किया है। दशम गण (चुरादिगण) वस्तुतः प्रक्रियान्त गण है। चुरादिगण में धातु से जो णिच् (अय्) प्रत्यय होता है, वह सभी स्थानों पर अपने णिच् को सुरक्षित रखता है, जिस प्रकार अन्य प्रक्रियान्त धातुएँ (णिजन्त, सन्नन्त, यङन्त, नामधातु) अपने प्रत्ययान्त रूप को सुरक्षित रखती हैं।

दस गण (The Ten Classes)

१२४. दस गण दो प्रकार के धातुरूपों में विभक्त हैं। **प्रथम वर्ग** में—भ्वादि, दिवादि, तुदादि और चुरादि गण हैं। इनका सार्वधातुक लकारों में अंग 'अ' अन्त वाला होता है और **इसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है।**

द्वितीय वर्ग में शेष सभी गण हैं। इनमें तिङ् प्रत्यय धातु से साक्षात् लगते हैं या उ, नु, ना, (नी, नू) विकरणों के बाद लगते हैं। **इनमें सार्वधातुक लकारों वाला अंग परिवर्तनशील** होता है, कहीं **पित्** (Strong) और कहीं **ङित्** (Weak)।

(अ) गणों का प्रथम वर्ग (First Conjugation)

१२५. (१) **प्रथम गण या भ्वादिगण**—इसमें धातु के अन्तिम वर्ण के बाद 'अ' विकरण लगता है। इसमें धातु पर उदात्त स्वर रहता है, अतः धातु के अन्तिम स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) को तथा उपधा (उपान्त्य, अन्तिम व्यंजन से पूर्ववर्ती स्वर) के ह्रस्व स्वर को गुण होता है। भू (होना) का सार्वधातुक लकारों में अंग 'भव' होता है। **बुध्** (जानना) का बोध।

(२) **षष्ठ गण या तुदादिगण**—इसमें धातु के अन्त में उदात्त अ विकरण लगता है। धातु अनुदात्त रहती है, अतः उसे गुण नहीं होता है। इस अ

विकरण से पूर्ववर्ती ऋ को इर् हो जाता है। इस प्रकार **तुद्** (दुःख देना) का तुद और **कॄ** (बखेरना) का किर अंग होता है।

(३) **चतुर्थ गण या दिवादिगण**—इसमें धातु के अन्त में य विकरण लगता है। इसमें धातु पर उदात्त स्वर रहता है (किन्तु कुछ धातुओं में गुण-रहित रूप रहता है, इससे प्रतीत होता है, कि मूलरूप में य विकरण उदात्त रहा होगा)। जैसे—**नह्** (बाँधना) से नह्य, **दिव्** (खेलना) से दीव्य (१३३आ)।

(४) **दशम गण या चुरादिगण**—इसमें धातु के अन्त में अय विकरण जुड़ता है। इससे पूर्ववर्ती धातु के अन्तिम स्वर को वृद्धि होती है और उपधा के ह्रस्व स्वर को गुण होता है। जैसे—**चुर्** (चुराना) से चोरय। उपधा के अ को अधिकांश धातुओं में आ हो जाता है। जैसे—**कम्** (चाहना) से कामय।

(आ) गणों का द्वितीय वर्ग (Second) Conjugation)

१२६. ये निम्नलिखित स्थानों पर **पित्** (Strong) होते हैं—

१. परस्मैपद में लट्, लोट् और लङ् में एकवचन।

२. परस्मैपद और आत्मनेपद में लोट् का उत्तम पुरुष।

३. परस्मैपद लोट् प्रथम पुरुष एकवचन।

इन स्थानों पर धातु या प्रत्यय का स्वर उदात्त होता है, अतः उसे गुण या वृद्धि होती है। शेष ङित् स्थानों पर तिङ् प्रत्यय पर उदात्त स्वर रहता है, अतः धातु को गुण या वृद्धि नहीं होती।

(क) नवम, गण अर्थात् क्र्यादिगण में विकरण ना लगता है। यह उदात्त होने पर ना रहता है और अनुदात्त होने पर नी या न्। सप्तम गण या रुधादिगण में इसी प्रकार क्रमशः न या न् रहता है।

१२७ (१) **द्वितीय गण या अदादिगण**—इसमें धातु से तिङ् प्रत्यय साक्षात् लगते हैं। पित् (Strong) वाले स्थानों पर यदि संभव होता तो धातु को गुण होता (२२५, १)। जैसे—**अद्** (खाना)—प्र. १—अत्ति, म० १—अत्सि, उ० १—अद्मि। इ (जाना) एति, एषि, एमि। **लिह्** (चाटना)—लेढि (६९ ख) लेक्षि (६९ क), लेह्मि।

(क) धातुरूप चलाने की दृष्टि से द्वितीय (अदादि) और सप्तम (रुधादि) गण सबसे अधिक कठिन हैं, क्योंकि इन गणों में विविध व्यंजनों से प्रारम्भ

होने वाले तिङ् प्रत्यय सीधे धातु से लगते हैं, अतः पदान्तर्गत-संधि के नियम इन स्थानों पर लगते हैं।

(२)**तृतीय गण या जुहोत्यादिगण**—इसमें धातु को द्वित्व होता है और द्वित्व वाले अंग से तिङ् प्रत्यय सीधे लगते हैं। यदि संभव हो तो धातु को पित् प्रत्ययों से पूर्व गुण होगा। जैसे—हु (हवन करना)—जुहोति (वह हवन करता है), जुहुतः (वे दो हवन करते हैं), उ०१ जुहोमि, उ०३ जुहुमः।

(क) यङ् लुगन्त (१७२) धातुओं के रूप इस गण के तुल्य चलते हैं।

(३) **सप्तमगण या रुधादिगण**—इस गण में तिङ् प्रत्यय धातु से साक्षात् लगते हैं। पित् प्रत्ययों वाले स्थानों पर धातु के अन्तिम व्यंजन से पूर्व न लगेगा और ङित् स्थानों पर न्। जैसे—**युज्** (जोड़ना)—प्र० युनक्ति, युङ्क्तः, युञ्जन्ति। उ०१—युनज्मि, उ०३—युञ्ज्मः।

(४) **पंचमगण या स्वादिगण**—इसमें धातु के बाद 'नु' विकरण लगता है और पित् प्रत्ययों से पूर्व नु को गुण होकर नो होता है। जैसे—**सु** (निचोड़ना)—प्र० सुनोति, सुनुतः। उ० सुनोमि, सुनुवः, सुनुमः।

(५) **अष्टमगण या तनादिगण**—इसमें धातु के बाद 'उ' विकरण लगता है, उसे पित् प्रत्ययों से पूर्व गुण होकर ओ होता है। जैसे—**तन्** (फैलाना)—प्र० तनोति, तनुतः। उ० तनोमि, तनुवः।

(क) **कृ** (करना) धातु को छोड़कर इस गण की शेष सभी सात धातुएँ नकारान्त हैं। कृ धातु का सार्वधातुक लकारों में अंग अनियमित है। जैसे—प्र—१ करोति, उ०१ करोमि (१३४ उ)

(६) **नवमगण या क्र्यादिगण**—इसमें पित् स्थानों पर धातु के बाद 'ना' विकरण लगता है। ङित् स्थानों पर बाद में व्यंजन होगा तो 'नी' लगेगा और स्वर बाद में होने पर 'न्' लगेगा जैसे—**क्री** (खरीदना)—प्र०—क्रीणाति, क्रीणीतः, क्रीणन्ति। उ० क्रीणामि, क्रीणीवः, क्रीणीमः।

अडागम (The Augment)

१२८. लङ्, लुङ् और लृङ् लकारों में धातु से पहले उदात्त '**अ**' का आगम होता है। इस अ को धातु के प्रारम्भिक स्वर के साथ वृद्धि हो जाती है (२३) जैसे **बुध्** (जानना)—लङ् प्र०१ अबोधत्। **उन्द्** (गीला करना)—लट् प्र०१

उनत्ति (गीला करता है), लङ् प्र०१—औनत् (उसने गीला किया), ऋ (जाना)—लट् प्र०१—ऋच्छति (वह जाता है), लङ् प्र०१—आर्च्छत् (वह गया)।

(क) निषेधार्थक मा (मत) अव्यय के बाद लङ् और लुङ् लकारों में धातु से पूर्ववर्ती अ का लोप हो जाता है। तब धातु का प्रयोग आज्ञा अर्थ में होता है। जैसा—मा कार्षीत्, मा करोत् (वह ऐसा न करे)।

द्वित्व कार्य (Reduplication)

१२९. संस्कृत में पांच स्थानों पर धातुरूपों में द्वित्व होता है:—(१) जुहोत्यादि(तृतीय) गण में सार्वधातुक लकारों के अंग में, (२) लिट् लकार में, (३) लुङ् लकार के एक भेद में, (४) सन् प्रत्ययान्त में और (५) यङन्त तथा यङ् लुगन्त में। इन पांचों में प्रत्येक में कुछ विशेष नियम लगते हैं, इनका 'द्वित्व के कुछ विशेष नियम' प्रकरण में पृथक् वर्णन किया जाएगा (नि० १३०, १३५, १४९, १७०, १७३)। द्वित्व के सामान्य नियम निम्नलिखित हैं :—

द्वित्व के सामान्य नियम
(General Rules of Reduplication)

१. धातु के प्रथम एकाच् (अर्थात् वह अंश जो प्रथम स्वर के साथ समाप्त होता है) को द्वित्व होता है। जैसे—बुध् > बुबुध्।

२. अभ्यास (द्वित्व हुए भाग का प्रथम अंश) के महाप्राण वर्ण के स्थान पर उसी वर्ग का अल्पप्राण वर्ण हो जाता है। जैसे—भिद् (काटना) > बिभिद्; धू (हिलाना) > दुधू।

३. कवर्ग के स्थान पर समकक्ष चवर्ग होता है और ह् के स्थान पर ज् होता है। जैसे—कम् (प्रेम करना) > चकम्; खन् (खोदना) > चखन्; गम् (जाना) > जगम्; हस् (हँसना) > जहस्।

४. यदि धातु के प्रारम्भ में अनेक व्यंजन हैं तो केवल प्रथम व्यंजन को द्वित्व होगा। जैसे—क्रुश् (चिल्लाना) > चुक्रुश्; क्षिप् (फेंकना) > चिक्षिप्।

५. यदि धातु का प्रथम वर्ण ऊष्म (श्, ष्, स्) है और बाद में कठोर व्यंजन खर्, वर्ग के प्रथम और द्वितीय व्यंजन) हैं तो कठोर व्यंजन को ही द्वित्व होगा। जैसे—स्तु (स्तुति करना) > तुष्टु (नि० ६७); स्था (रुकना) >

तस्था; च्युत् (चूना) > चुच्युत्; स्कन्द् (उछलना) > चस्कन्द् । किन्तु स्मृ (याद करना) का सस्मृ होता है ; इसमें म् कोमल वर्ण है ।

६. यदि धातु का अन्तिम या उपधा (उपान्त्य) का स्वर दीर्घ होगा तो उसे अभ्यास में ह्रस्व स्वर हो जाएगा । जैसे—गाह् (प्रवेश करना) > जगाह्; क्री (खरीदना) > चिक्री; कूज् (कूजना) > चुकूज् ।

७. यदि धातु में ए है तो उसे अभ्यास में इ होगा और ओ तथा औ को उ होगा, यदि ए आदि अन्तिम वर्ण होंगे तो नहीं । जैसे—सेव् (पूजा करना, सेवा करना) > सिषेव् (नि० ६७ ; ढौक् (पहुँचना) > डुढौक् ।

८. भारतीय वैयाकरणों ने ए, ऐ और ओ अन्तवाली धातुओं को सुविधा के लिए आकारान्त माना है और आकारान्त को ही द्वित्व किया जाता है । जैसे—गै (गाना) > जगौ (लिट् प्र०१, नि० १३६, ४) ।

जुहोत्यादि (तृतीय) गण के लिए द्वित्व के विशेष नियम

१३०. ऋ और ऋ को अभ्यास में इ हो जाता है । जैसे—भृ (धारण करना) > बिभर्ति; पृ (पूरा करना) > पिपर्ति ।

तिङ् प्रत्यय (Terminations)

१३१. निम्नलिखित सारणी में तिङ् प्रत्यय दिए गए हैं । ये सामान्यतया सभी धातुओं से सार्वधातुक लकारों (लट्, लोट्, लङ् विधिलिङ्) में लगते हैं । मुख्य अन्तर केवल विधिलिङ् में होता है । इसमें भ्वादिगण में ए लगता है और अदादिगण में 'या' या 'ई' लगता है । यदि निम्नलिखित बात स्मरण रखी जाए तो भ्रमनिवारण हो जाएगा—लट् में ति, सि, मि आदि मुख्य तिङ् प्रत्यय होते हैं तथा लोट् (कुछ अन्तर के साथ), विधिलिङ् और लङ् में त्, स्, म् आदि गौण तिङ् प्रत्यय लगते हैं । शेष लकारों में से लुट्, लृट् में मुख्य तिङ् प्रत्यय लगते हैं तथा लुङ्, आशीर्लिङ् और लृङ् में गौण तिङ् प्रत्यय लगते हैं । लिट् लकार में परस्मैपद में (कुछ परिवर्तनों के साथ) गौण तिङ् प्रत्यय लगते हैं और आत्मनेपद में मुख्य तिङ् प्रत्यय लगते हैं ।

दोनों प्रकार के धातुरूपों में अन्तर समझने के लिए यह आवश्यक है कि निम्नलिखित बातों को स्पष्टरूप से समझ लिया जाए । **प्रथम या अ-युक्त धातुरूप** में (जैसा कि अकारान्त शब्द रूपों में होता है) उदात्त स्वर कभी

